सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 286, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 130 अंकों की उछाल

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें बढ़ने के बीच सेंसेक्स 130.06 अंक चढ़कर 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। } 10

## बिहार में विनाश और विकास की जंग : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास और 'इंडिया' गठबंधन के विनाश के बीच की लड़ाई है। } 12

# केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट बंद

### सीएम धामी ने शीतकाल में भी चारधाम गद्दीस्थलों की यात्रा करने का किया आवाहन

प्रमुख संवाददाता



केदारनाथ धाम (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालयी धामों केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बृहस्पतिवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

केदारपुरी में इस अलौकिक दृश्य के साक्षी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व लगभग दस हजार तीर्थयात्री बने। सेना के बैंड की भक्ति धुनों और 'जय बाबा केदार' के जयघोष के साथ केदारनाथ का मंदिर परिसर श्रद्धाभाव से गूंज उठा। आज भैया दूज, कार्तिक शुक्ल सप्तमी, अनुराधा नक्षत्र के पावन अवसर पर प्रातः 08:30 बजे विधिवत रूप से बंद हो गए हैं। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप में सजाया गया। कपाट बंद करने की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रहममुहूर्त में श्री केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी बागेशलिंग एवं आचार्यगणों द्वारा यज्ञ, हवन एवं समाधि पूजन किया गया। इसके बाद भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख, ब्रह्मकमल, सूखे पुष्प-पत्रों से ढककर समाधि रूप दिया गया। इसके बाद गर्भगृह के द्वार जय बाबा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बिहार के लोग अगले 100 साल तक नहीं भूलेंगे जंगलराज : मोदी

### देश में चल रहा है विकास का महायज्ञ, स्थिर सरकार ने बदला बिहार का माहौल, पलायन रोकने पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में जंगलराज पर अगले 100 साल तक चर्चा होगी और विपक्ष अपने कुकृत्यों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी।

तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बीच राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन गठबंधन नहीं, बल्कि लठबंधन (अपराधियों का गठबंधन) है क्योंकि दिल्ली और बिहार के इसके सभी नेता जमानत पर बाहर हैं। मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बुजुर्ग लोग युवाओं को जंगलराज के दौरान हुए अत्याचारों के बारे में जानकारी दें। मोदी का इशारा उस समय की ओर था जब बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद मुख्यमंत्री थे। ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत: युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में जंगलराज को लोग अगले 100 साल तक नहीं भूलेंगे और विपक्ष अपनी करतूतों को छिपाने की कितनी भी कोशिश



कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी। मोदी ने कहा मैं बिहार के सभी युवाओं से कहूंगा कि वे हर बूथ पर युवाओं को इकट्ठा करें और उस क्षेत्र के बुजुर्गों को बुलाकर जंगलराज की पुरानी कहानियां सबको बताएं। उन्होंने एक भाजपा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए कहा कि देश में विकास का एक महायज्ञ चल रहा है, तथा केंद्र और बिहार में स्थिर सरकार के कारण चौतरफा काम हो रहा है। मोदी ने कहा बिहार में हर क्षेत्र में, हर दिशा में काम हो रहा है। अस्पताल बन रहे हैं, अच्छे स्कूल स्थापित हो रहे हैं और नए रेल मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। यही बिहार की राजग सरकार की ताकत भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, यही कारण है कि बिहार के युवा उत्साह से कह रहे हैं, रफ्तार पकड़ चुका बिहार, फिर से एनडीए सरकार। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राज्य के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने के लिए है और युवा इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। मोदी ने कहा कि बिहार को प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप हब बनाने की जरूरत है, ताकि युवा अन्य राज्यों का रुख न करें और राज्य में ही अपनी आजीविका कमा सकें। कार्यकर्ताओं से प्रचार अभियान तेज करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, हम सभी को अगले 20 दिन तक चौबीसों घंटे लोगों के बीच रहना होगा। बिहार में छह और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

## संक्षेप

### सड़क हादसों में 5 की मौत, 26 घायल

लखनऊ। बांदा, सहारनपुर और कुशीनगर जिले में हुए सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हो गए। बांदा जिले के बिसंडा क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। बबेरू क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि पारा गांव का शिवसागर वर्मा (30) अपने पिता केदार (60) को मोटरसाइकिल से ओरन कस्बे ले जा रहा था। बाघा गांव के नजदीक उसकी गाड़ी की विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में शिवसागर और उसके पिता के साथ-साथ दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार रहे ओमप्रकाश वर्मा (22) गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस तीनों घायलों को बिसंडा अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं ,सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में बुधवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एटा : पूर्व प्रधान की पीटकर हत्या

एटा। जिले में अलीगंज क्षेत्र के देवपुर गांव में बुधवार को पूर्व ग्राम प्रधान की ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के पीछे चुनाव की पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इस घटना से नाराज मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने शव को थाने में रखकर हंगामा किया जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया और प्रशासन को कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक देवपुर के तीन बार प्रधान रहे प्रधान जय सिंह (70) बुधवार की दोपहर मोटरसाइकिल से अलीगंज से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में दामाद नेत्रपाल फौजी के भूखंड की मिट्टी उठाने को लेकर वर्तमान प्रधान अमित फौजी और उनके परिजनों से विवाद हो गया।

# फायर सर्विस को बनायें सशक्त व आधुनिक

### ❍ फायर सर्विस विभाग में कैडर रिव्यू की आवश्यकता ❍ सृजित होंगे 1020 नये पद



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। बैठक में बताया गया कि नई ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली में बिहार के चार बदमाश मुठभेड़ में ढेर



एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी इलाके में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में चार वांछित अपराधी मारे गए। ये अपराधी बिहार में जबरन वसूली और हत्या के कई मामलों में कथित रूप से संलिप्त थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपियों की पहचान सीतामढ़ी जिले के निवासी रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश सहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) के रूप में हुई है, जो सिग्मा गिरोह के सदस्य थे। गिरोह के सरगना रंजन पाठक पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था और वह आठ अलग-अलग आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस ने रंजन को एक खूंखार अपराधी बताते हुए कहा कि पिछले तीन महीन में वह जबरन वसूली व हत्या के चार मामलों से पांच वारदातों में लिप्त रहा था। हाल में 13 अक्टूबर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# तेजस्वी महागठबंधन के सीएम घोषित

### सत्ता में आये तो मुकेश सहनी को बनाया जायेगा उप मुख्यमंत्री

एजेंसी



पटना। महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो सप्ताह पहले बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके साथ ही, विकाशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया गया और यह भी कहा गया कि सरकार बनने पर समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे।

हालांकि विपक्षी गठबंधन की तरफ से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि महागठबंधन के सत्ता में आने पर कुल कितने उप मुख्यमंत्री होंगे। तेजस्वी यादव का नाम घोषित करके महागठबंधन के घटक दलों ने अपने अंतर्विरोधों को समाप्त करने और एकता का संदेश देने का प्रयास किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महागठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तेजस्वी के नाम की घोषणा की। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक गहलोत ने कहा कि तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा से जुड़ा निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सहमति से लिया गया है।

पटना के एक होटल में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, हमने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी से परामर्श के बाद, साथ ही सभी सहयोगी दलों की सहमति से तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री होंगे। गहलोत ने यह भी कहा कि बिहार की सामाजिक संरचना के मद्देनजर सहनी के अलावा समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे, हालांकि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सेना को और मजबूत बनाने पर जोर : राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्रालय ने डीएस की बैठक में 79,000 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सेना की लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नाग मिसाइलों, युद्धक जहाजों और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया एवं निगरानी प्रणालियों सहित 79,000 करोड़ रुपये के हथियार और सैन्य साजो-सामान खरीदने के प्रस्तावों को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक में खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद खरीद पर यह दूसरा बड़ा फैसला है। पांच अगस्त को 67,000 करोड़ रुपये की खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने लगभग 79,000 करोड़ रुपये की कुल लागत के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी। भारतीय नौसेना के लिए, लैंडिंग प्लेटफ़ॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी), एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए गोला-बारूद की खरीद को मंजूरी दी गई। एलपीडी की खरीद से भारतीय नौसेना को भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ जल-थल अभियानों को अंजाम देने में मदद मिलेगी। भारतीय नौसेना कम से कम चार एलपीडी खरीदने पर विचार कर रही है। एलपीडी द्वारा प्रदान की गई एकीकृत समुद्री क्षमता भारतीय नौसेना को शांति अभियानों, मानवीय सहायता और आपदा राहत में भी मदद करेगी।

बयान में कहा गया डीआरडीओ की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित एएलडब्ल्यूटी को शामिल करने से पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाया जा सकेगा। इसमें कहा गया कि 30 मिमी एनएसजी की खरीद से भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और समुद्री डकैती विरोधी भूमिकाओं को निभाने की क्षमता में वृद्धि होगी। भारतीय सेना के लिए, नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-दो (एनएएमआईएस), ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ गांव-गांव बुलंद हो रही महिलाओं की आवाज (पृष्ठ-02)
❍ भारत में बना 7 नैनोमीटर का प्रोसेसर (पृष्ठ-02)
❍ रुपया सात पैसे बढ़कर 87.86 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-12)
❍ बैंक खाताधारक अब बना सकेंगे चार नॉमिनी (पृष्ठ-12)
❍ अर्थव्यवस्था 6.7-6.9 फीसद की दर से बढ़ेगी (पृष्ठ-12)

**विशेष खबर** प्रतियोगिता में 250 महिला व पुरूष बैड़मिंटन प्रतिभागी ले रहे हैं भाग

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आगाज आज


खेल संवाददाता

❍ चैम्पियनशिप की प्राइज मनी 5 लाख रुपये श्रीमती अलका दास गुप्ता कुलाधिपति बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी



लखनऊ। बीबीडी उप्र बैड़मिंटन अकादमी गोमती नगर, लखनऊ में योनेक्स सनराइज डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल उप्र स्टेट सीनियर बैड़मिंटन चैम्पियनशिप कल दिनांक 24 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रही है, इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 250 महिला/पुरूष बैड़मिंटन प्रतिभागी भाग ले रहे है, तथा लगभग 20 टेक्निीकल आफिशियल्स द्वारा चैम्पियनशिप का आयोजन कराया जायेगा। इस चैम्पियनशिप की प्राइज मनी प्रतिवर्ष की भांति 5 लाख रूपया श्रीमती अलका दास गुप्ता कुलाधिपति बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी।

यह प्रतियोगिता दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को समाप्त होगी। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अलका दास गुप्ता कुलाधिपति बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय एवं श्री विराज सागर दास अध्यक्ष बीबीडी ग्रुप द्वारा पुरस्कार वितरण किये जायेगें। इस चैम्पियनशिप तथा पूर्व में आयोजित दो सीनियर मेजर प्रतियोगिता के आधार पर जोकि, गोरखपुर तथा उन्नाव मे आयोजित की गयी थी, की प्वाइंट टैली को चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टैली मे शामिल कर विजेता एंव उपविजेता की मेरिट के आधार पर विजयवाड़ा मे दिसंबर 2025 मे होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु उप्र की टीम का चयन किया जायेगा, तथा उत्तर प्रदेश का पुरूष एवं महिला एकल, पुरुष एवं महिला युगल, एवं मिश्रित युगल की विजेता एवं उपविजेता के नाम भी घोषित किये जायेगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री सुहास एलवाई, प्रमुख सचिव खेल एवं डा. आरपी सिंह, निदेशक खेल द्वारा कल दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 पर बीबीडी उप्र0 बैडमिंटन अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में किया जायेगा। इस अवसर पर श्री विराज सागर दास चेयरमैन, यूपीबीए, डॉ. नवनीत सहगल अध्यक्ष, यूपीबीए, डॉ. सुधर्मा सिंह सचिव यूपीबीए एवं अन्य आयोजन समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेगें।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास व रायबरेली के सदर विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक अदिति सिंह ने की शिष्टाचार भेंट

# जागरूकता चौपालों से गांव-गांव बुलंद हो रही महिलाओं की आवाज

## महिलाओं को आत्मविश्वास और सशक्तीकरण का नया रास्ता दिखा रही सरकार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में नया इतिहास रच रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 17 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में 'जागरूकता चौपाल' कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इन चौपालों का उद्देश्य दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना है। सरकार की यह पहल न केवल नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण समाज में समानता और संवेदनशीलता की संस्कृति को मजबूत कर रही है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता चौपालें दहेज उन्मूलन और घरेलू हिंसा की रोकथाम पर केंद्रित हैं। इन चौपालों में महिलाओं, किशोरियों, पुरुषों और समुदाय के प्रतिनिधियों को दहेज और घरेलू हिंसा के सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ वक्ता और विभागीय अधिकारी 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' और 'दहेज निषेध अधिनियम, 1961' को सरल भाषा में समझा रहे हैं। महिलाओं को बताया जा रहा है कि वे किसी भी हिंसा को सहन न करें, बल्कि महिला हेल्पलाइन 181 और वन स्टॉप सेंटर्स के जरिए त्वरित सहायता प्राप्त करें। इन चौपालों में स्थानीय पुलिस, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान और स्वयंसेवी संस्थाएं सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। महिलाएं और किशोरियां अपने अनुभव साझा कर रही हैं, जिससे सामुदायिक सहानुभूति का माहौल बन रहा है। चौपालों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर और समग्र महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। यह प्रयास ग्रामीण समुदायों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और विश्वास स्थापित करने में कारगर साबित हो रहा है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 22 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक मिशन शक्ति 5.0 के तहत 15.50 लाख लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें महिलाएं, पुरुष, बालक और बालिकाएं शामिल हैं। सरकार की यह पहल नारी सशक्तीकरण को केवल नीति तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि इसे एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे रही है। हर चौपाल से नारी गरिमा की आवाज बुलंद हो रही है, जो समाज में समानता और सम्मान की नई संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। मिशन शक्ति 5.0 के जरिए उत्तर प्रदेश नारी सुरक्षा और स्वावलंबन का राष्ट्रीय मॉडल बन रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने कहा कि दहेज और घरेलू हिंसा का अंत केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से संभव है। मिशन शक्ति की जागरूकता चौपालें हर गांव में संवाद शुरू कर रही हैं, ताकि हर महिला को यह भरोसा मिले कि राज्य सरकार उनके साथ है।


## प्रदेश में 29 से मौसम में बदलाव के संकेत

**लखनऊ।** प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार 24 अक्टूबर से पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण और निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। इसके असर से आगामी 29 अक्टूबर से वाराणसी समेत प्रदेश के पूर्वी- दक्षिणी जिलों में बारिश की संभावना बन सकती है। पूवार्नुमान है कि आगामी तीन से चार दिनों तक दिन के तापमान में कोई विशेष गिरावट के आसार नहीं है। वहीं 24 अक्तूबर से पूर्वा हवाओं के मद्धिम पड़ने से अगले चार दिनों में रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट की संभावना है। गुरुवार को तराई इलाकों में बादलों की आवाजाही रही। इसके अलावा प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में दिन में धूप खिली और प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन में गर्माहट रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि रेडिएटिव कूलिंग (विकिरणीय शीतलन) की वजह आने वाले तीन-चार दिनों में रात के तापमान में लगभग 3 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी।

# भारत में बना 7 नैनोमीटर का प्रोसेसर

## तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत ने सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी 7 नैनोमीटर प्रोसेसर के विकास की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 18 अक्टूबर 2025 को इस पहल का अनावरण किया। यह परियोजना न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया मिशनों को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली साबित होगी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी मद्रास) द्वारा विकसित किया जा रहा यह प्रोसेसर शक्ति पहल के अंतर्गत तैयार किया गया है, जो ओपन-सोर्स इंस्ट्रक्शन सेट आर्किटेक्चर पर आधारित है। यह अनूठी तकनीक स्टार्टअप, शोधकताओं और उद्योगों को कम लागत में उच्च प्रदर्शन वाले माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की स्वतंत्र सुविधा प्रदान करती है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर पहल मात्र एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, यह एक दृढ़ संकल्प है। नवाचार, शिक्षा और उद्योग जगत को जोड़कर, भारत एक आत्मनिर्भर, विश्व-स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की नींव रख रहा है। निरंतर अनुसंधान एवं विकास तथा रणनीतिक निवेश के माध्यम से, देश वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

मंत्रालय के अनुसार, 7 एनएम प्रोसेसर उच्च प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग वित्तीय सेवाओं, रक्षा, संचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में किया जाएगा। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत घरेलू चिप निर्माण क्षमताओं को स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत अब तक 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है।

एमईआईटी की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 288 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को सहायता दी गई है और 24 चिप डिजाइन परियोजनाएं पहले ही स्वीकृत हो चुकी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा। इस पहल से हजारों उच्च-कौशल नौकरियों का सृजन होगा और भारत विश्व स्तर पर एक विश्वसनीय तकनीकी साथी के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत करेगा।

# धान की बिक्री के लिए 1.37 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण

विशेष संवादाता (vol)

- **पश्चिम यूपी के किसानों से हुई 35.63 हजार मीट्रिक टन की धान खरीद**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार खरीद सत्र 2025-26 में धान बिक्री के लिए पहली सितंबर से किसानों की ओर से पंजीकरण शुरू किया गया। गुरुवार को सुबह 12 बजे तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। वहीं सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। यह केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर यह खरीदारी कर रही है।

खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक 1.37 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। पोर्टल और मोबाइल ऐप पर पंजीकरण किया जा रहा है। धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में खरीद हो रही है। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद हो रही है। योगी सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है। डबल इंजन सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले हैं। 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदा जा सकता है। योगी सरकार ने धान खरीद के लिए कैबिनेट बैठक में प्रदेश में 4000 क्रय केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। इसमें से अब तक 3790 क्रय केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवम्बर से धान खरीद होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

# फोकस सेक्टर डेस्क से प्रदेश में बढ़ी निवेश की दिलचस्पी

विशेष संवाददाता (vol)

- **टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर में खुली निवेश की राह**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब सिर्फ देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि भारत की सबसे तेजी से उभरती निवेश भूमि बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों ने प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। इसी दिशा में एक अहम कदम साबित हुई है—फोकस सेक्टर डेस्क की स्थापना, जिसने न केवल निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि उद्योग जगत में उत्तर प्रदेश की छवि को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

सीएम योगी के निर्देश पर इन्वेस्ट यूपी की ओर से गठित फोकस सेक्टर डेस्क अब प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश को जुटाने में सफल रही है। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव न केवल मंजूरी के दौर में हैं, बल्कि जल्द ही धरातल पर उतरने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में फोकस सेक्टर डेस्क की रणनीति ने न केवल निवेश प्रक्रिया को गति दी है, बल्कि ह्यविकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारतह्न के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस आधार भी तैयार किया है। भारतीय तकनीकी वस्त्र संघ, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, भारतीय उद्योग परिसंघ, भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ और उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ की साझेदारी से इस सेक्टर में ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस, जीईएसएल और श्याम संस जैसी बड़ी कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही हैं। उनके प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, एसीएमए, एसएमईवी और एआरएआई जैसी संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश में ऑटोमोबाइल उद्योग को नई रफ्तार मिल रही है। अशोक लेलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स (विस्तार परियोजना) जैसे दिग्गज निवेश के लिए तैयार हैं।

### केमिकल सेक्टर में औद्योगिक चमक

भारतीय रासायनिक परिषद के सहयोग से प्रदेश में रिलायंस इंडस्ट्रीज और दीपक नाइट्राइट जैसी कंपनियां बड़े निवेश की योजना पर काम कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में तेजी से निवेश बढ़ रहा है। डिक्सन, एम्बर, एचसीएल-फॉक्सकॉन, हायर और एलजी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिससे प्रदेश भारत का अगला टेक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में अग्रसर है। नैसकॉम के सहयोग से एडोब, एएमडी और जेपी मॉर्गन जैसी वैश्विक कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

# कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने रामपाल से की मुलाकात



**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी निवासी दलित बुजुर्ग रामपाल से गुरुवार को बाराबंकी के सांसद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल काकोरी जाकर रामपाल से मिला।

रामपाल अस्वस्थ थे और काफी डरे और सहमे हुये थे। तनुज पुनिया ने उन्हें ढांढस बंधाया और उन्हें कांग्रेस पार्टी के सम्पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया। पुनिया ने कहा कि ये सीधे-सीधे संविधान पर हमला है और खुले आम लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। भाजपा सरकार दलित

- **बंधाया ढांढस, कांग्रेस पार्टी के सहयोग का दिया आश्वासन**

विरोधी है और इसी मानसिकता के कारण बार बार संविधान का अपमान कर रही है। पुनिया ने कहा कि भाजपा हमेशा एक वर्ग विशेष को बचाने का प्रयास करती है। सवाल ये है कि कौन है जो इन गुंडों को संरक्षण दे रहा है। क्यों इस सरकार में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। पुनिया ने कहा कि रामपाल के साथ अमानवीय कार्य करने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए और रामपाल को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

# जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर बांटना यही विपक्ष की राजनीति है : राजेश्वर

## जिन्हें दीप से डर लगता है, वे अपने भीतर के अंधकार से भयभीत हैं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से समाजवादी पार्टी की ओर से भारतीय परंपराओं पर किए जा रहे असंवेदनशील राजनीतिक बयानों पर करारा प्रहार किया। इसके साथ ही विपक्षी दलों की ओर से देश को विभाजित करने की नीति पर गंभीर टिप्पणी की। दीपोत्सव के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आजम खान के बयानों को भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, दीपक केवल मिट्टी का पात्र नहीं, भारत की आत्मा का प्रतीक है। वह ज्ञान का प्रकाश, शुभ कर्मों की प्रेरणा और धर्म की स्थिरता है। जो लोग दीपोत्सव से विचलित होते हैं, वे वास्तव में अपने भीतर के अंधकार से डरते हैं।

उन्होंने कहा कि यह वही मानसिकता है जो दीयों में खतरा देखती है, पर कत्लगाहों की आग में करुणा नहीं खोज पाती। इतिहास साक्षी है कि दीया जलाने वालों ने कभी किसी का अहित नहीं किया,



जो दीप का विरोध करते हैं, वे दरअसल भारत की आत्मा को बुझाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर युग में आलोकित रहा है, क्योंकि यहाँ दीप, धर्म और राष्ट्र एक ही प्रकाश हैं। अपने दूसरे संदेश में डॉ. राजेश्वर सिंह ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि, अंग्रेज भारत में अपनी ताकत से नहीं, हमारी फूट से जीते थे। आज वही काम कांग्रेस और समाजवादी पार्टी कर रही हैं जाति बनाम जाति, धर्म बनाम धर्म, उत्तर बनाम दक्षिण, बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक। उन्होंने चेताया कि ये आधुनिक मीर जाफर भारत को अंदर से कमजोर करने की साज़िश कर रहे हैं। जिस प्रकार अंग्रेजों ने भारतीयों को भारतीयों के खिलाफ इस्तेमाल किया, वैसे ही आज ये दल तुष्टिकरण और जातिवाद की राजनीति से जनता को विभाजित कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस, सपा पर विदेशी नैरेटिव अपनाने, राम मंदिर और हिन्दू परंपराओं के विरोध, और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय चेतना को तोड़ने की सुनियोजित साजिश है। भारत ने 200 वर्ष संघर्ष कर विदेशियों को बाहर निकाला है, अब समय है कि हम उन विचारधाराओं को भी समाप्त करें जो भारत की एकता और संस्कृति को खंडित करने का प्रयास करती हैं।

# शहर में रह रहे बांग्लादेशी लखनऊ को बना देंगे आतंकी ठिकाना : बृजलाल

**लखनऊ।** भाजपा सांसद बृजलाल ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर अपने पोस्ट के जरिए एक बार फिर लखनऊ में रह रहे बांग्लादेशी लोगों को वापस उनके देश भेजने की मांग सीएम योगी आदित्यनाथ से की है। उन्होंने अपने वीडियो पोस्ट में कहा है कि इन बांग्लादेशियों को नहीं भगाया, तो आने वाले समय में लखनऊ को आतंकी ठिकाना बनाने में देर नहीं लगायेंगे। उन्होंने इससे संबंधित एक वीडियो भी बनाया है जिसमें उन्होंने कहा कि मैं गोमतीनगर विस्तार में जब सुबह वॉक करता हूं तो मुझे ये बांग्लादेशी सफाई करते हुए मिलते हैं। ये अपने को असम का निवासी बताते है परंतु ये सब अनधिकृत रूप से रह रहे बांग्लादेशी। पूरे लखनऊ में ये झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहते हैं। दुखद यह है कि लखनऊ नगर निगम ने इन्हें सफाईकर्मी के रूप में तैनात कर रखा है। गोमतीनगर विस्तार में खाली जमीनों और गोमती नदी की तलहटी, नालों के किनारे इनकी बहुत सी झोपड़ियाँ मिल जायेंगी। इनके बारे में न तो लखनऊ पुलिस को चिंता है और नगर निगम ने तो इन्हें सफाई कर्मी बनाकर अलग से मान्यता दे रखी है। ये अपने को असम के बोंगाई गाँव का निवासी बताते है और कुछ नलबाड़ी, बरपेटा और नौगांव का। यह वही स्थान है जहां कांग्रेसी सरकारों में इन्हें वोट-बैंक के तौर पर योजनाबद्ध तरीके से बसाया गया था। इंदिरा गांधी जी इन्ही बांग्लादेशियों के सहारे 1983 का असम चुनाव जीतना चाहती थीं जिनकी संख्या उस समय लगभग 40 लाख थी।ह्वआल असम स्टूडेंट यूनियन, आल असम गणसंग्राम की मांग थी कि पहले इन विदेशियों को बाहर करो, तब विधान सभा का चुनाव कराओ। उन्होंने वीडियो में कहा है कि इंदिरा जी अपनी जिद पर अड़ी रही जिसका परिणाम 12 फरवरी 1983 को नेल्ली दंगा हुआ, जिसने 3000-4000 लोग मारे गये। लखनऊ में रह रहे ये बांग्लादेशी देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा है। जब से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों और पाकिस्तान समर्थक सरकार बनी है, यह खतरा बहुत अधिक बढ़ गया है। बांग्लादेशी अपराधी गैंग डकैती, चोरी जैसी घटनाये कर रहे है। इतना ही नहीं बांग्लादेशी आतंकी संगठन, हरकत-उल-जिहाद- अल- इस्लामी ने देश में कई आतंकी घटनाएं की है जिसमें उत्तरप्रदेश भी शामिल है। खूंखार हुजी आतंकी बाबू भाई आदि अब भी उत्तरप्रदेश की जेल में हैं। 23 नवंबर 2007 को लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या की न्यायालयों में हुये बम-ब्लास्ट में हूजी का भी हाथ था।



## आनंद द्विवेदी ने सड़क का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट क्षेत्र के रामजी लाल सरदार पटेल नगर वार्ड के हरिहर प्रसाद नगर में मनीष श्रीवास्तव के मकान से संत शिरोमणि गुरुनानक वाटिका तक 500 मीटर नाली एवं सी सी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण करके क्षेत्र वासियों को समर्पित किया। यह रोड रामजीलाल नगर वार्ड एवं गुरु नानक नगर वार्ड को जोड़ने वाली एक महत्व पूर्ण रोड है जिस पर दोनों वार्ड के लोगों का आवागमन है। उपस्थित क्षेत्र वासियों ने कैंट के विधायक ब्रजेश पाठक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन वैश्य, पार्षद गिरीश मिश्रा एवं क्षेत्र के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# एसीएस की डास्प से वसूली के आदेश को एपीसी ने किया निरस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने यूपी डास्प से 10 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश निरस्त कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा द्वारा इसे भेजा गया था। इस मामले को तत्कालीन एपीसी मनोज कुमार सिंह से जोड़कर देखा जा रहा था। कृषि उत्पादन आयुक्त की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि खाद्य प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश निदेशालय के 4 अक्तूबर के पत्र की समीक्षा के बाद इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

साथ में निर्देश दिया है कि आगामी राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) में इस आदेश को तथ्यतः अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए। इससे पूर्व दीपक कुमार ने यूपी डास्प के परियोजना समन्वयक रूप में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को उनके विभाग द्वारा भेजी गई रकम के व्यय के बारे में स्पष्ट करते हुए वसूली आदेश को निरस्त करने के लिए विभागीय पत्र भी भेजा है। दरअसल बीते 4 अक्तूबर को खाद्य प्रसंस्करण के अपर मुख्य सचिव द्वारा यूपी डास्प (उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजना) के तकनीकी समन्वयक शैलेंद्र प्रताप सिंह को भेजे गए 10 करोड़ की वसूली नोटिस को लेकर शासन से कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के विभागों में चर्चा का विषय बना हुआ था। वसूली नोटिस में एसीएस ने लिखा था कि खास प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के बजट से डास्प को नियमों के विपरीत दिए गए 10 करोड़ रुपये दिए गए, जिसे तत्काल ट्रेजरी में जमाकर वापस करें। मामला एपीसी दीपक कुमार के पास पहुंचा, क्योंकि वर्तमान में उनके पास ही यूपीडास्प के परियोजना समन्वयक का चार्ज है। दीपक कुमार ने यूपी डास्प के परियोजना समन्वयक के रूप में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को 21 अक्तूबर को विभागीय पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करते हुए लिखा कि यूपी डास्प को पांच-पांच करोड़ की दो किस्तों में प्राप्त धनराशि में से पहली किस्त की राशि जो 28 नवंबर 2023 को कृषि श्रृंखला विकास, आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता के आंकलन के लिए अवमुक्त किया गया था।

इस राशि से यूपी डास्प की ओर से जीआईएस आधारित क्रॉप सर्वे (कमांडर सेंटर) की स्थापना की गई जिसका लोकार्पण 13 मार्च को मुख्यमंत्री समेत आधा दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के कर कमलों द्वारा किया गया।

# भाजपा सरकार में सामंती ताकतों का मनोबल बढ़ा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में दलितों पर अन्याय और अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस सरकार में सामंती ताकतों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अपराधियों और सामंतवादियों को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। एक तरफ सत्ता समर्थक पीडीए को तरह-तरह से अपमानित कर रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार पीडीए की नौकरी, आरक्षण और हक छीन रही है।


अखिलेश यादव ने कहा कि रायबरेली में दलित समाज के नौजवान की पीट-पीट कर हत्या हुई। लखनऊ मे काकोरी में दलित समाज के बुजुर्ग के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया ये चंद घटनाएं है। उत्तर प्रदेश में हर दिन ऐसी न जाने कितनी घटनाएं हो रही है। पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं पर मूकदर्शक बना रहता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में दलितों और महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं देश में सबसे ज्यादा हो रही है। उन्हें अपमानित किया जाता है। सत्ता के दबाव में पुलिस असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई नहीं करती है। इस सरकार का अहंकार चरम पर है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज भाजपा और उसकी सरकार के अन्याय, अत्याचार को देख रहा है। पीडीए समाज पीड़ा के एक सूत्र में बंधा है। जनता एकजुट होकर 2027 में भाजपा सरकार को हटाने के लिए तैयार है। भाजपा सरकार जायेगी तभी दलितों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों को न्याय मिलेगा।

# दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत यूपी में 2.44 लाख युवाओं को मिला रोजगार

## योजना के तहत 11.37 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत महिलाओं और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। योजना के तहत प्रदेश में कुल 11.37 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी हैं, जो देश में शीर्ष स्थान रखता है।

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रमुख गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को लाभकारी स्वरोजगार और कुशल वेतन रोजगार के अवसर प्रदान करके गरीबी को कम करना है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को स्थायी तथा विविध आजीविका विकल्पों से जोड़ने का प्रयास करती है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। आंकड़ों के मुताबिक, यूपी में अब तक 2.44 लाख ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। महिलाओं और युवाओं के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए 47,952 बैंक सहायिकाएं (बैंक सखी) प्रदेश में तैनात की गई हैं, जो एसएचजी सदस्यों को बैंकिंग एवं ऋण सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। प्रदेश में 3.74 लाख से अधिक कृषि एवं गैर-कृषि उद्यमों का समर्थन किया गया है और 6,000 से अधिक कृषि क्लस्टर स्थापित किए गए हैं। 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण स्वयं सहायता समूहों को वितरित किया गया है, जिसकी पुनर्भुगतान दर 98% से अधिक दर्ज की गई है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के लिए स्थायी विकल्प, वित्तीय संसाधन, और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना से मेघालय की हनीदमांकी कनाई जैसी प्रेरक कहानी भी जुड़ी है, जिन्होंने यूपी के स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर आर्थिक सफलता प्राप्त की। उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन की दिशा में यह योजना प्रभावशाली साबित हो रही है, जिससे सामाजिक व आर्थिक समावेशन बढ़ा है व ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

# दिवाली की रात प्रदूषण ने तोड़े रिकॉर्ड, अलीगंज और अमीनाबाद की हवा खराब

## विकास नगर में कान फोडूं पटाखों ने बढ़ाया ध्वनि प्रदूषण, पीएम10 का औसत स्तर रहा 565.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** धनतेरस से दीपावली के दिन तक शहर के वायु प्रदूषण की स्थिति को खतरनाक स्तर तक बढ़ गई। दिवाली की रात अलीगंज में लोगों ने सबसे अधिक पटाखे जलाए। इस वजह से यहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण दर्ज किया गया। वहीं विकास नगर में सबसे अधिक आवाज वाले पटाखे दागे गए। आवासीय क्षेत्र अलीगंज, विकास नगर और वाणिज्यक क्षेत्र चौक व अमीनाबाद में लोगों ने पटाखे जलाने में नियमों का पालन नहीं किया। इस वजह से इन इलाकों में ध्वनि प्रदूषण भी औसत से अधिक रहा। बीते वर्ष की तुलना में शहरवासियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ध्यान नहीं दिया। सीएसआईआर के भारतीय विष विज्ञान अनुसंधानसंस्थान की प्री दिवाली, दिवाली व पोस्ट दिवाली प्रदूषण रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार दिवाली से एक दिन पहले, दिवाली की रात और दिवाली के एक दिन बाद प्रदूषण के स्तर का शहर के अलग अलग इलाकों में सर्वे किया गया।

अमीनाबाद, अलीगंज, विकास नगर और चौक पर प्रदूषण स्तर मापने यंत्रों से हवा व ध्वनि के स्तर की गणना की गयी। इससे यह सामने आया कि दिवाली की रात अलीगंज में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक था। वहीं दूसरे नंबर पर अलीगंज रहा, यहां भी लोगों ने नियमों को दरकिनार कर देर रात तक पटाखे छोड़े। रिपोर्ट के अनुसार प्री-दिवाली यानी 19 अक्टूबर को पीएम10 की 12 घंटे में औसत स्तर 114 से 166 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा, जिसका दिन के समय औसत मान 136.3 था, और रात के समय 172 से 243 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा, जिसका औसत मान 199.3 था। वहीं दिवाली वाले दिन यानी 20 अक्टूबर को, पीएम10 की 12 घंटे में औसत स्तर 131 से 221 के बीच रही, जिसका दिन के समय औसत मान 173 था, और रात के समय 522 से 645 के बीच रहा, जिसका औसत स्तर 565.3 था। दिवाली के बाद 21 अक्टूबर को पीएम10 की 12 घंटे का औसत स्तर 120 से 160 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा, जिसका दिन के समय औसत मान 148.3 था, और रात के समय 245 से 347 के बीच रहा, जिसका औसत मान 294 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था।

### रोकथाम के उपायों का नहीं दिखा असर

ऐसे में रोकथाम के उपाय (प्रमाणित ग्रीन पटाखे, निर्धारित फोड़ने वाले क्षेत्र, सीमित समय, जन जागरूकता अभियान और त्योहार के बाद सफाई जैसे नियमों के लागू किए जाने का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया। इससे उनकी प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार इन उपायों के कार्यान्वयन की प्रभावी वास्तविक समय निगरानी की जरूरत है। पीएम10 का औसत स्तर 172 और पीएम 2.5 का स्तर 151 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा। 20 अक्टूबर को दिवाली की रात पीएम10 का औसत स्तर 645 और पीएम 2.5 का स्तर 462 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया। पीएम10 में प्री दीवाली की तुलना में 126 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, दिवाली के बाद 13 नवंबर को प्रदूषण का स्तर कुछ कम होकर पीएम10 का औसत स्तर 319 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 228 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा।

### मानकों की अपेक्षा अधिक रहा पीएम2.5 का स्तर

■ दिवाली के दौरान वायु की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई, जिसमें पीएम और पीएम2.5 राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के अनुसार 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक थे। दिवाली की रात, सभी स्थलों पर अत्यधिक उच्च कण वाले पदार्थ का स्तर अधिक दर्ज किया गया। जिसमें पीएम 10 अलीगंज में 645 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर चरम पर था, उसके बाद अमीनाबाद 560 था। विकास नगर में 534 और चौक में 522 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर प्रदूषण का स्तर बढ़ा, जो दिवाली से पहले के स्तर से औसतन 183% की वृद्धि रही। अलीगंज में पीएम2.5 अधिकतम 462 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया, जिसका औसत मूल्य 352.5 था, जो दिवाली से पहले की रातों से 177% की वृद्धि रही है। गैसीय प्रदूषण का स्तर मानकों 80 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के भीतर रहा, लेकिन उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, दिवाली की रात एसओ टू 74.9% और नाइट्रो डाईऑक्साइड 39% बढ़ गया। सभी जगहों पर शोर का स्तर मानक से अधिक रहा, विकास नगर में उच्चतम मूल्य 89.3 डेसीबल और चौक में सबसे कम 75.8 रहा। हालांकि 2018 से इसमें धीरे-धीरे गिरावट देखी गई है, फिर भी 2025 की दिवाली की रात पीएम10 और पीएम25 का स्तर 2024 की तुलना में काफी ज्यादा था। 2024 की दिवाली की रात की तुलना में, 2025 में पीएम10 और पीएम25 का स्तर क्रमशः 24.6% और 8.8% बढ़ गया।

### 2024 के मुकाबले ज्यादा जले पटाखे

आईआईटीआर रिपोर्ट के अनुसार, 2014 से लेकर 2024 तक के बीच में दिवाली वाले दिन पीएम10 का सबसे कम स्तर 2022 में दर्ज किया गया था। पीएम10 का सबसे अधिक स्तर 2018 में दर्ज किया गया था। दिवाली की रात सबसे अधिक प्रदूषण का स्तर दर्ज किया जाता है। इस दौरान पीएम10 का स्तर 2014 में 514, 2015 में 424, 2016 में 864, 2017 में 515, 2018 में 990, 2019 में 536, 2020 में 604, 2021 में 556, 2022 में 396 और 2023 में 464 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर दर्ज हुआ है। इस दौरान पीएम2.5 के स्तर की बात की जाए तो 2014 में 423, 2015 में 275, 2016 में 672, 2017 में 316, 2018 में 679, 2019 में 346, 2020 में 402, 2021 में 365.5, 2022 में 279 और 2023 में 336 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर दर्ज किया गया।

### पीएम10 की स्थिति (माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर)

| क्षेत्र | 19 अक्टूबर | | 20 अक्टूबर | | 21 अक्टूबर |
|---|---|---|---|---|---|
| | रात | दिन | रात | दिन | रात |
| अलीगंज | 172 | 155 | 645 | 120 | 347 |
| विकास नगर | 175 | 221 | 534 | 154 | 245 |
| अमीनाबाद | 243 | 131 | 560 | 160 | 308 |
| चौक | 207 | 185 | 522 | 159 | 276 |

### पीएम 2.5 की स्थिति

| क्षेत्र | 19 अक्टूबर | | 20 अक्टूबर | | 21 अक्टूबर |
|---|---|---|---|---|---|
| | रात | दिन | रात | दिन | रात |
| अलीगंज | 151 | 124 | 462 | 104 | 186 |
| विकास नगर | 126 | 112 | 287 | 83 | 162 |
| अमीनाबाद | 133 | 114 | 410 | 127 | 2019 |
| चौक | 111 | 92 | 251 | 97 | 150 |

(मानक 100)

### ध्वनि प्रदूषण की स्थिति-रात 10 से 10.30 बजे तक

| क्षेत्र | 19 अक्टूबर | 20 अक्टूबर | 21 अक्टूबर |
|---|---|---|---|
| अलीगंज | 63.2 | 81.6 | 76.6 |
| विकास नगर | 60.4 | 89.3 | 66.7 |
| चौक | 85.6 | 75.8 | 71.6 |
| अमीनाबाद | 72.6 | 80.1 | 73.6 |

(मानक-डेसिबल में)

# अर्चना अग्रवाल बनीं परिवहन विभाग की अपर मुख्य सचिव

## 15 साल में 14 बार ट्रांसफर झेलने वाले अमित गुप्ता से वापस ली गयी जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गुरुवार शाम दो आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। प्रतीक्षारत अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल को परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन और अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का जिम्मा दिया गया है। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अमित गुप्ता से यह प्रभार वापस ले लिया गया है। अब वह प्रमुख सचिव स्टांप एवं पंजीयन विभाग के पद पर कार्यरत रहेंगे. पहले से ही उनके पास यह विभाग था। सरकार ने साल अप्रैल माह में प्रमुख सचिव स्टांप एवं पंजीयन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी अमित कुमार गुप्ता को परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव व यूपीएसआरटीसी के अध्यक्ष की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी थी। अब छह माह बाद कअर अमित कुमार गुप्ता से परिवहन विभाग का दायित्व वापस ले लिया गया है। अब उनकी जगह प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल परिवहन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। अमित कुमार गुप्ता के नाम लिम्का बुक ऑफ नेशनल रिकॉर्ड दर्ज है। अपने सेवाकाल के दौरान 15 साल की फील्ड की नौकरी में 14 बार ट्रांसफर का सामना करना पड़ा था। उनके नाम सबसे ज्यादा जिलों के जिलाधिकारी रहने का लिम्का बुक ऑफ नेशनल रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। आईएएस अर्चना अग्रवाल साल 2009-10 में उत्तर प्रदेश की ट्रांसपोर्ट कमिश्नर भी रह चुकी हैं। 15 साल बाद एक बार फिर उनकी इस विभाग में वापसी हुई है। वर्तमान में वह अपर मुख्य सचिव हैं। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि पूर्व में परिवहन विभाग में तैनाती के दौरान उन्हें परिवहन विभाग का आइडिया जरूर है, लेकिन 2009-10 में विभाग का तकनीकी से कोई ताल्लुक नहीं था। सारा सिस्टम मैन्युअल था, लेकिन अब 15 साल में विभाग काफी बदल चुका है। ऐसे में अब फिर से परिवहन विभाग को समझना होगा। परिवहन विभाग की कमान अब दो महिला आईएएस अधिकारियों के हाथ है। पिछले माह ही आईएएस किंजल सिंह को ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पद पर तैनाती दी गई थी। अब प्रतीक्षारत आईएएस अर्चना अग्रवाल को परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव और निगम के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आज

## सफाई, सड़क और पार्कों का उठेगा मुद्दा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी की शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सुबह ग्यारह बजे बैठक होगी। दिवाली बाद हो रही इस बैठक में सफाई, सड़क, मार्ग प्रकाश और पार्कों के रखरखाव के मुद्दों को लेकर हंगामा हो सकता है। बैठक में कई इलाकों के नाम, पार्क और सड़कों के नामकरण के भी प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसके अलावा सरकारी योजनाओं के लिए जमीन आवंटन के प्रस्ताव भी लाए जाएंगे।

नगर निगम कार्यकारिणी में बैठक में पहली बार गणेशगंज-वशीरतगंज वार्ड के हाथी खाना में एक दुकान को नीलामी के जरिए किराए पर आवंटित करने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। करीब 50 साल पहले नगर निगम की ओर से दुकानों का किराए पर आवंटन किया गया था। किसी भी दुकान का अब तक नीलामी के जरिए आवंटन नहीं किया गया था। इस तरह का प्रस्ताव नगर निगम कार्यकारिणी में पहली बार आ रहा है।

पार्कों के रखरखाव जोन स्तर पर या वार्ड स्तर पर कराए जाने के मामले को लेकर कार्यकारिणी में विवाद हो सकता है। बीते माह हुई नगर निगम सदन की बैठक में इसको लेकर हंगामा हुआ था।

निजी कंपनी को वार्डों की सफाई का काम देने और मार्ग प्रकाश व्यवस्था में सुधार और सड़कों के गड्ढे भरने के लिए और बजट दिए जाने को लेकर हंगामा हो सकता है। सरोजनी नगर तहसील में वादकारियों व अन्य लोगों के बैठने के लिए कक्ष निर्माण के लिए नगर निगम ऊसर की 360 वर्ग फिट भूमि तहसील को देगा। इसका प्रस्ताव भी बैठक में लाया जा रहा है। जमीन देने की मांग सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से की गई है।

**यह प्रस्ताव भी आएंगे :** चौक की चूड़ी वाली गली का नाम श्री 1008 तीर्थंकर नेमिनाथ के नाम पर किए जाने, रिंग रोड से सहारा एस्टेट वाली रोड का नाम संगीत विदुषी स्वर्गीय कमला श्रीवास्तव के नाम पर किए जाने, प्रियदर्शिनी कॉलोनी सेक्टर-बी स्थित ग्रीन बेल्ट का नामकरण अहिल्लयाबाई होल्कर उपवन करने, अलीगंज में मुन्नू साह आटा चक्की मस्जिद के पास पुरनिया रोड पर बनारसी टोला मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री संतकुमार राय मार्ग किए जाने का प्रस्ताव रखा जायेगा।

### विर्सजन स्थल को पक्का बनाने की मांग

**लखनऊ।** दीपावली पर्व के बाद बड़ी संख्या में मूर्तियों के विसर्जन के लिए नगर निगम इंजीनियरिंग विभाग की ओर से जलविहीन कृत्रिम जलाशय बनाए गए हैं। लेकिन एलएसए ने यहां मूर्तियों को कूड़े से भर दिया। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना के संयोजक रणजीत सिंह अपने अभियान के तहत शहर भर से इकट्ठा करके लगभग 5000 मूर्तियों को उठाकर उक्त विसर्जन स्थल पर पहुंचे तो मूर्तियों पर कूड़ा पड़ा देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद कंपनी के कर्मचारियों से विसर्जन स्थल से कूड़ा उठवाया। मौजूद एसएफआई जितेंद्र गांधी, सहायक अभियंता विनोद पाठक तथा जूनियर इंजीनियर विकास कुमार ने भी कंपनी के कारनामे पर नाराजगी जाहिर की। संयोजक तथा पार्षद रणजीत सिंह ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दंडात्मक कारवाई करने की मांग की है। साथ ही नगर आयुक्त से विसर्जन स्थल को पक्का जलाशय बनाने के लिए अनुरोध किया।

### रामजी लाल सरदार पटेल नगर वार्ड में सड़क निर्माण का शुभारंभ

**लखनऊ।** कैंट क्षेत्र के रामजी लाल सरदार पटेल नगर वार्ड के हरिहर प्रसाद नगर में मनीष श्रीवास्तव के मकान से संत शिरोमणि गुरुनानक बाटीका तक 500 मीटर नाली एवं सी सी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ लखनऊ महानगर भाजपा के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। रामजी सरदार पटेल नगर वार्ड के पूर्व पार्षद गिरीश मिश्र ने बताया कि यह रोड रामजीलाल नगर वार्ड एवं गुरु नानक नगर वार्ड को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रोड है जिस पर दोनों वार्ड के लोगों का आवागमन है। उन्होंने बताया कि इस रोड के बनने के बाद हमारे क्षेत्र का हरिहर प्रसाद नगर मोहल्ला अब पूर्ण विकसित मोहल्ला हो जाएगा। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह एवं कैंट के विधायक ब्रजेश पाठक के अथक प्रयास से कैंट के सभी वार्ड रामजी लाल सरदार पटेल नगर वार्ड की तरह पूर्ण विकसित वार्ड बन जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक राकेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता मान सिंह, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन वैश्य एवं क्षेत्र के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

### 22.4 % को आयोडीन के फायदों की जानकारी नहीं

लखनऊ। भारत आयोडीन सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार, लगभग 76.3% परिवार पर्याप्त मात्रा में आयोडीन युक्त नमक का सेवन करते हैं, जिसमें कम से कम 15 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम) आयोडीन होता है। हालांकि, सर्वेक्षण में जागरूकता की कमी भी सामने आई क्योंकि केवल 22.4 प्रतिशत लोगों को ही आयोडीन युक्त नमक के सेवन के लाभों के बारे में उचित जानकारी थी और 61.4 प्रतिशत लोग इस बात से अच्छी तरह जानकार थे कि उपयुक्त मात्रा में आयोडीन के सेवन से घेंघा रोग से बचाव होता है। टाटा साल्ट ने इस साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस के मौके पर, देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से पैदा होने वाले विकारों (आईडीडी) से निपटने के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा।

### शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट प्लान पेश किया

**लखनऊ।** जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नया टाटा एआईए शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट टर्म प्लान पेश किया है। यह पारंपरिक टर्म प्लान की तुलना में बेहतर बताया जा रहा है। इसमें एकमुश्त पेआउट और 30 सालों तक मासिक आय की सुविधा दी गई है। परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया, यह पहला प्लान है। सुजीत कोठारे ने कहा, इससे परिवारों को वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी।

# नगर विकास मंत्री ने लक्ष्मण मेला घाट पर देखी छठ पर्व की तैयारियां

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए गुरुवार को लक्ष्मण मेला घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है, इसलिए घाटों पर सफाई अभियान विशेष रूप से संचालित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

श्री शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट तक जाने वाले सभी मार्गों पर समुचित सफाई, फॉगिंग एवं प्रकाश की व्यवस्था की जाए।

मंत्री ने कहा कि नगर प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी अधिकारी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा, सुरक्षित और सुगम वातावरण मिले। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोमती नदी में मूर्तियां व पूजन सामग्री प्रवाहित नहीं कर सकेंगे

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को सुबह शहर के प्रमुख घाटों लक्ष्मण मेला घाट, झूलेलाल वाटिका घाट, संझिया घाट और कुड़िया घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के चीफ इंजीनियर (आरआर), संबंधित जोनल अधिकारी, अभियंत्रण विभाग के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने घाटों की साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, वेस्ट मैनेजमेंट, और घाटों के सौंदर्यीकरण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर समुचित बैरिकेडिंग, पेड़ों की कटाई-छंटाई और घास की कटिंग का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि गोमती नदी में गिरने वाले नालों पर जाल लगाकर कूड़े को रोका जाए और फ्लोटिंग पदार्थों को लगातार हटाने का कार्य नाव पर श्रमिक लगाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान घाटों की स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैदी से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, साफ-सुथरे डस्टबिन लगाने, और पेयजल व शौचालय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नागरिकों से भी अपील की कि वे गोमती नदी में मूर्तियां या अन्य पूजन सामग्री प्रवाहित न करें। उन्होंने कहा, ह्लनदी को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मूर्तियों और कचरे को नदी में प्रवाहित करने से जल प्रदूषण बढ़ता है, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं ह्व उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, सूचनात्मक बोर्ड लगाए जाएं, और लोगों को गोमती को प्रदूषित न करने के लिए प्रेरित किया जाए। घाटों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती, कचरा उठाने के लिए विशेष वाहन, तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया दल की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके साथ ही सीएनडी वेस्ट के निस्तारण और पुनर्चक्रण की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

# ट्रेनों में जगह नहीं, शौचालय पर भी कब्जा



■ **नहीं खाली करा सके महिला व दिव्यांग बोगियां :** ट्रेनों की महिला व दिव्यांग बोगियों में भी यात्रियों की भीड़ ने कब्जा जमा लिया था। चारबाग स्टेशन पर बोगियों से लोगों को हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। यात्री इन बोगियों के अतिरिक्त लगेजयान तक में जबरदस्ती घुसे रहे।

■ **आरक्षित सीटों पर भी कब्जा :** चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर आदि रेलवे स्टेशनों से रवाना होने वाली ट्रेनों में आरक्षण करवाकर सफर करने वाले मुसाफिर भी परेशान नजर आए। स्लीपर व एसी बोगियों में भी अपनी आरक्षित सीट तक पहुंचने में यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आरपीएफ ने कई यात्रियों को उनकी सीटों तक पहुंचाने में मदद की।

**लखनऊ।** दीपावली व भैया दूज के बाद दिल्ली, मुंबई, बिहार रूट की ट्रेनों में बृहस्पतिवार को ठसाठस भीड़ रही। बहुत से लोगों को बोगियों में खड़े होने तक की जगह नहीं मिली। शौचालय में भी यात्रियों ने कब्जा जमा लिया। महिला, दिव्यांग व लगेजयान तक में भीड़ जा घुसी। आरपीएफ व जीआरपी जवान व्यवस्थाओं को बनाए रखने में विफल साबित हुए, जिससे अराजकता की स्थिति बनी रही। बृहस्पतिवार को ये हाल चारबाग रेलवे स्टेशन सहित कमोबेश शहर के सभी रेलवे स्टेशनों पर देखने को मिला। त्योहार बाद लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, बिहार रूट की ट्रेनों में यात्रियों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। गोरखपुर से पनवेल जाने वाली गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस बृहस्पतिवार को जब रेलवे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों की भीड़ बोगियों में काबिज हो गई। जनरल व स्लीपर बोगियों के पैसेज से लेकर शौचालय तक में यात्री खड़े रहने की जगह बनाने के लिए जूझते नजर आए। यही हाल त्रिवेणी एक्सप्रेस में देखने को मिला। ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। यात्री बोगी के दरवाजे का हैंडल पकड़कर सफर करते दिखे। आरपीएफ उन्हें ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्थाएं चरमरा गईं। लखनऊ से रवाना होने वाली गोमती एक्सप्रेस, पद्मावत, गोरखधाम, अवध एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, सद्भावना, मरुधर आदि ट्रेनों में भी ऐसे ही हालात रहे।



### 24 घंटे शिफ्टवार ड्यूटी करेंगे रेलवे अफसर

छठ पर्व पर यात्रियों की आवाजाही आसान बनाने एवं भीड़ नियंत्रण व निगरानी के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से वॉर रूम बनाया गया है। लखनऊ जंक्शन व गोरखपुर स्टेशन पर इन्हें बनाया गया है। साथ ही 24 घंटे अफसरों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई। स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता के लिए बूथ बनाए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि छठ की तैयारियों के तहत गोरखपुर, लखनऊ जं, बादशाहनगर, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, बढ़नी आदि पर यात्रियों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। लखनऊ जंक्शन एवं गोरखपुर स्टेशन पर 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए वॉर रूम बनाया गया है। साथ ही अन्य रेलवे स्टेशनों पर चौबीस घंटे शिफ्टवार अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी स्टेशनों पर मे आई हेल्प यू सहायता बूथ बनाए गए हैं। टिकट काउंटरों में वृद्धि की गई है। आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) के लिए अधिक संख्या में फैसिलिटेटर नियुक्त किए हैं। त्वरित भुगतान के लिए जनरल टिकट काउंटर सहित रिजर्वेशन काउंटरों पर क्यूआर कोड लगाए गए है। सीसीटीवी से स्टेशनों की निगरानी हो रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# तेज रफ्तार कार की टक्कर से किसान की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** खेत पर काम करके घर वापस लौट रहें किसान को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्टर मार दी। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गम्भीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

ट्रामा सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में ही किसान की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के महमूद नगर के पाठकगंज निवासी नंदलाल बुधवार शाम खेत से घर आ रहे थे, तभी पाठकगंज में स्थित नायरा पेट्रोल पंप के सामने पैदल सड़क पार कर रहे थे, उसी दौरान मलिहाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार के चालक ने जोरदार टक्टर मारकर फरार हो गया। इसी दौरान वहां पर उपस्थित एक राहगीर ने टक्कर मारने वाली ईको कार का नंबर यूपी 32 7626 नोट कर लिया लेकिन बीच का अल्फाबेट नहीं याद कर पाया। कार की टक्कर से नंदलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के राहगीरों व ग्रामीणों ने घायल को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही नंदलाल की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और मृतक के भतीजे विमल कुमार रावत की तहरीर में दिए वाहन नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर विधिक कारवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में मजदूर ने लगायी फांसी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के नादरगंज स्थित मैदा फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।शाहजहांपुर के थाना सिधौली त्रिलोकपुर गांव बिलंदपुर गादीपुर गार्गिया निवासी धर्मेंद्र कुमार नादरगंज स्थित श्रीराम एग्रो (मैदा फैक्ट्री) के परिसर में ही रहकर कंपनी में मजदूरी का काम करता था। श्री राम एग्रो फैक्ट्री के मालिक परमजीत सिंह ने सरोजनीनगर थाने में सूचना दिया कि उनकी फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर धर्मेंद्र कुमार उम्र 26 वर्ष ने कमरे के अंदर पंखे में रस्सी से लटक कर फांसी लगा लिया है। सरोजनीनगर पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर देखा तो धर्मेंद्र कुमार पंखे से लटकता हुआ दिखाई पडा मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उतार कर एम्बुलेंस से सीएचसी सरोजनीनगर ले जाया गया।जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। सरोजनीनगर पुलिस ने मृतक के पिता राजवीर सिंह को फोन से इसकी सूचना दिया और मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कोई कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की पत्नी की मौत करीब 3 साल पहले हो गई थी। उसकी 5 लड़कियां कांति, निशिका, नीलम, शशि, सुनीता हैं।जिसमें अभी सुनीता अविवाहित है। सिर से पिता का साया उठ जाने से सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती लापता

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अमौसी स्थित गंगानगर से संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता हो गई। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अमौसी गंगानगर निवासी विमलेश कुमार का कहना है कि नाबालिक पुत्री को उन्नाव जनपद के थाना असोहा ग्राम रानीपुर निवासी शिव शंकर ने बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है। पीड़ित का कहना है कि उसकी उन्नाव जनपद के रानीपुर गांव में ससुराल है। वही के ही रहने वाले शिव शंकर ने उसकी नाबालिक पुत्री को कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित का कहना है कि शिव शंकर उनकी पुत्री से फोन पर बात किया करता था। पता चलने पर जब उसे समझाया गया तो दोनों लोग मान गये थे। परिजनों का कहना है कि 22 अक्टूबर की सुबह करीब दो-तीन बजे के आस-पास उसकी नाबालिक पुत्री घर से गायब हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि शिव शंकर ही उसको बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है। पीडित ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## युवती ने फेसबुक से फोटो निकाल कर बदनाम करने का लगाया आरोप

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने फेसबुक इंस्टाग्राम आईडी से प्राइवेट फोटो निकाल कर होने वाली ससुराल में भेजने का आरोप लगाया।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित जनकपुरी निवासी सेजल अवस्थी का कहना है कि किसी ने फेक इंस्टाग्राम आईडी सेजल अवस्थी 48866 बनाई है।पीडिता का कहना है कि उसी ने आईडी से नाम और फोटो लगाकर जहां पर शादी होने वाली थी वहां फोटो और प्राइवेट फोटो उन्हें भेज दिया है। पीडिता का आरोप है कि किसी ने उसकी छवि खराब करने के लिए ऐसा किया है।,जिससे कि उसकी छवि खराब हो रही है कपीड़िता ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## ट्रैक्टर पलटने से 18 वर्षीय चालक की मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ननिहाल में जुताई करने आ रहे युवक की ट्रैक्टर पलटने से दबकर मौत हो गयी। युवक घर का इकलौता बेटा था। जिससे घर का चिराग बुझ गया। दोनों घरों का त्यौहार मातम में बदल गया।

वहीं मृतक के पिता ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और लिखा पढ़ी के बाद शव को लेकर अपने गांव गंगोली चले गये। बताया जाता है कि हरदोई जनपद के लोनार थाने के गंगोली गांव निवासी अवधेश सिंह का अठारह वर्षीय बेटा शिवा सिंह (18) ट्रैक्टर लेकर अपने ननिहाल बसंतपुर नाना के खेतों की जुताई करने के लिए आया था।

ट्रैक्टर लेकर वह खेतों की जुताई करने के लिये वह नाना राम कुमार सिंह को ट्रैक्टर पर बैठा कर जा रहा था कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर को युवक शिवा स्वयं चला रहा था। जिससे शिवा की ट्रैक्टर के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पाकर माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद मौके पर पहुंचे तो मृतक के परिवारिजनों ने पोस्ट मार्टम करने से साफ मना कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में इंजीनियर की मौत, पुलिस ने किया बिसरा रिजर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग ।** आलमबाग इलाके में रहने वाले रक्षा मंत्रालय में इंजीनियर पद पर कार्यरत युवक की बीती मंगलवार रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कोई सही कारण स्पष्ट न होने पर मृतक का बिसरा सुरक्षित कर दिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ओम नगर में डीआरडीओ लखनऊ में इंजीनियर पद पर कार्यरत आकाशदीप गुप्ता (30) अपनी पत्नी भारती बत्रा के साथ रहते थे। बीती मंगलवार रात अचानक से उनकी हालत बिगड़ गई थी परिजन आनन फानन में लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां इलाज दौरान देर रात्रि इंजीनियर की मौत हो गई । अस्पताल की सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने मृतक इंजीनियर की शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस के अनुसार मृतक आकाशदीप गुप्ता के पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे कोई उचित रिपोर्ट नही आने पर मृतक के शव का बिसरा सुरक्षित कर मामले की जांच की जा रही है।


# मुजफ्फरपुर-साबरमती के बीच चलेगी छठ विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 09483/09484 साबरमती-मुजफ्फरपुर-साबरमती अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन साबरमती से 22 से 25 अक्टूबर तक तथा मुजफ्फरपुर से 24 से 27 अक्टूबर तक 04 फेरों के लिये किया जायेगा। 09483 साबरमती-मुजफ्फरपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 22 से 25 अक्टूबर तक साबरमती से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसर दिन महेसाना से 00.40 बजे, पालनपुर से 02.02 बजे, आबू रोड से 03.10 बजे, मारवाड़ से 04.35 बजे, अजमेर से 06.20 बजे, जयपुर से 08.30 बजे, ईदगाह आगरा जं. से 12.35 बजे, टूण्डला से 13.12 बजे, कानपुर सेंट्रल से 17.10 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 18.50 बजे, बाराबंकी से 19.22 बजे, गोंडा से 21.10 बजे, बस्ती से 22.02 बजे, गोरखपुर से 23.55 बजे, तीसरे दिन सीवान से 02.02 बजे, छपरा से 03.30 बजे, सोनपुर से 04.35 बजे तथा हाजीपुर से 04.55 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 07.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09484 मुजफ्फरपुर-साबरमती अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 24 से 27 अक्टूबर तक मुजफ्फरपुर से 10.30 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 12.25 बजे, सोनपुर से 12.45 बजे, छपरा से 14.10 बजे, सीवान से 15.07 बजे, गोरखपुर से 17.20 बजे, बस्ती से 18.42 बजे, गोंडा से 20.10 बजे, बाराबंकी से 22.02 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 23.00 बजे, दूसरे कानपुर सेंट्रल से 00.50 बजे, टूण्डला से 04.25 बजे, ईदगाह आगरा जं. से 05.45 बजे, जयपुर से 10.40 बजे, अजमेर से 13.15 बजे, मारवाड़ से 15.05 बजे, आबू रोड से 18.15 बजे, पालनपुर से 19.12 बजे तथा महेसाना से 20.07 बजे छूटकर साबरमती 22.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी/सामान्य द्वितीय श्रेणी/द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 18 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। इसमें गाड़ी में सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

## छठ महापर्व पर रेलवे स्टेशनों पर कड़ी की गयी सुरक्षा व्यवस्था

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा त्यौहार को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मण्डल के प्रमुख स्टेशनों गोरखपुर जं., लखनऊ जं., बादशाहनगर, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, बढ़नी आदि पर यात्रियों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष सुरक्षा प्रबंध और भीड़ नियंत्रण के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मण्डल नियंत्रक कक्ष/लखनऊ एवं गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए ह्यवॉर रूमह्व बनाया गया है। उपरोक्त स्थानों पर 24 घंटे शिफ्ट वार रेलवे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी स्टेशनों पर ह्यमे आई हेल्प यूह्व सहायता बूथ चौबीसों घंटे संचालित हैं। जहां अनुभवी कर्मचारी यात्रियों की सहायता और आवश्यक जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

टिकट काउंटरों में बढ़ोतरी और बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर और एटीवीएम के लिए अधिक संख्या में फैसिलिटेटर नियुक्त किए हैं ताकि यात्रियों को टिकट बुकिंग में कोई कठिनाई न हो। यात्रियों की सुविधा के लिए त्वरित भुगतान हेतु जनरल टिकट काउंटर सहित रिजर्वेशन काउंटर पर क्यूआर कोड सिस्टम लगाए गए है। स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी हेतु स्थापित है। इसके अतिरिक्त, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राज्य पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर खुफिया सूचनाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेरी सहेली नामक आरपीएफ की विशेष महिला टीम भी तैनात है।

# साइबर ठगों ने व्यवसायी से ठगे डेढ़ लाख रुपये, मुकदमा दर्ज




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने इंदिरानगर के व्यवसायी को फोन किया उस पर अश्लील वीडियो देखने और मनी लांड्रिंग के केस में जेल भेजने की धमकी दी। चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर व्यवसायी से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित व्यवसायी ने गाजीपुर थाने में जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी इंदिरानगर अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक व्यवसायी इंदिरानगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को उनके पास एक व्यक्ति ने फोन किया। उसने बोला कि वह डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड ऑफ इंडिया का कर्मचारी है।

कर्मचारी, व्यवसायी से अश्लील बातें करने लगा। विरोध पर उसने धमकी दी। व्यवसायी के मुताबिक इसके बाद दूसरा फोन आया उसने कहा कि वह कोलाबा थाने का दरोगा आनंद शर्मा बोल रहा है। उसने अश्लील वीडियो और बाते करने का आरोप लगाकार जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद उसने कहा कि आपसे हमारे सीनियर अफसर एडीजी विश्वास नागरे पाटिल बात करेंगे। उन्होंने वीडियो कॉल की और पीएफआई के फाउंडर ओएम अब्दुल सलाम से संबंधों का हवाला देते हुए मनी लांड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी दी। इस तरह करीब चार घंटे डिजिटल अरेस्ट रखा। बैंक खातों की जानकारी ली। इसके बाद तीन खातों में डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित व्यवसायी ने गाजीपुर थाने में पहुंचकर तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दुकान से लाखों के मोबाइल चोरी

**लखनऊ।** वजीरगंज इलाके में आगामीर ड्योढ़ी स्थित दुकान से चोरों ने लाखों रुपये के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए मोबाइलों की संख्या 37 बताई जा रही है। पीड़ित ने एफआईआर दर्ज करा दी है। कैसरबाग क्षेत्र के फूलबाग निवासी मो. शकील ने बताया कि 18 अक्तूबर की रात अपनी मोबाइल की दुकान बंद कर घर चले गए थे। 19 की सुबह वह दुकान पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने गल्ले में रखे में 25 हजार रुपये, 25 सीलपैक मोबाइल, 4 मरम्मत और 8 सेकेंड हैंड मोबाइल चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। बंद घर से लाखों के जेवर, नकदी चोरी लखनऊ। हजरतगंज में मल्टी लेवल पार्किंग के पास रहने वाले रूपेश कुमार के घर से चोरों ने लाखों रुपये के जेवर पार दिए। उन्होंने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि 19 अक्तूबर को वह घर बंद कर दोपहर 12:30 कुछ काम से चले गए थे। दो बजे घर लौटने पर उन्हें मेन गेट का ताला टूटा मिला। कमरे और अलमारियों के भी लॉकर टूटे थे। चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पार कर दी थी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## किशोरी ने पहले काटी हाथ की नस, फिर लगाया फंदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बंथरा के हरौनी इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी ज्योति ने 20 अक्तूबर को पहले हाथ की नस काट ली और फिर फंदा लगा लिया। उसकी बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। ज्योति के परिजनों के मुताबिक, उसने हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की थी। परिवार के जुड़े कुछ लोगों ने बताया कि 20 अक्तूबर को ज्योति का परिवार में किसी से झगड़ा हुआ था। इस पर नाराज होकर उसने हाथ की नस काट ली थी। परिजनों ने किसी तरह उसको समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। कुछ देर के बाद ज्योति ने कमरा बंद कर फंदा लगा लिया। घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और उसको फंदे से उतार कर अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार रात ज्योति की एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। ज्योति ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। पंचनामा भरने वाली महिला दरोगा नेहा यादव ने बताया कि परिजनों का कहना है कि ज्योति कुछ बीमार रहती थी। परिवार में पिता राजगीर दुर्विजय, मां, दो बड़े भाई और एक बड़ी बहन हैं।

**जहर का शिकार हुए युवक की मौत:** हसनगंज के डालीगंज हवेलिया कॉलोनी निवासी रौनक (23) की बुधवार इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके चार पड़ोसियों पर जहर देने का आरोप लगा था। इस मामले में उनकी मां माला गिहार ने हसनगंज थाने में केस भी दर्ज कराया था।

इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि 7 अक्तूबर की शाम रौनक भागते हुए घर पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी रामू, सुशीला, लतले और ललिता ने उसे रंजिशन जहर पिला दिया था। उनको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मां माला गिहरा ने पड़ोसियों के खिलाफ हसनगंज थाने में केस दर्ज कराया था।

उनका यह भी आरोप था कि घटना के बाद आरोपी रामू व लतले धमकियां भी दे रहे हैं। पुलिस का अपनी जांच में पता चला था कि दोनों परिवार झाड़-फूंक का काम करते हैं और दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। अस्पताल में भर्ती रौनक की बुधवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ।

डॉक्टरों ने विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा है। एसीपी महानगर विनीत कुमार ने बताया कि अब तक की गई जांच में इस बात का पता चला है कि रौनक ने प्रेम-प्रसंग के चलते खुद ही जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस का इस बात के साक्ष्य रौनक के मोबाइल फोन से भी मिले हैं। नामजद किए गए आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है।

## अवध गौरव रत्न अवॉर्ड्स सम्मान समारोह कल

**लखनऊ।** अमिताभ बच्चन फिल्म्स फेस्टिवल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित प्रगति महोत्सव 2025 में पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी एवं भव्य फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा 25 अक्टूबर 2025 को किया जा रहा है।

अवध गौरव रत्न अवार्ड्स सम्मान समारोह में पत्रकारों को, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, फिल्म कलाकारों को, व्यापारी वर्ग को, समाज सेवक, एवं समाज सेवी संस्थाओं को अवध गौरव रत्न अवार्ड्स सम्मान से मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री, अति विशिष्ट अतिथि मंत्री गण, लखनऊ मेयर, विधायक गण, फिल्म सेलिब्रिटी, विशिष्ट अतिथि में पार्षद गण, के द्वारा किसी भी विधा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को अवध गौरव रत्न अवार्ड्स सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। अमिताभ बच्चन जी की सुपर हिट फिल्मों के गाने पर गीत, संगीत एवं डांस परफॉर्मेंस कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। अमिताभ बच्चन जी का जन्मदिन जो कि इसी महीने 11 अक्टूबर को था उसको संस्था द्वारा अमिताभ बच्चन जी का जन्मदिन का केक काटा जायेगा।

# एक आदिवासी योद्धा के इर्द-गिर्द घूमती है कांतारा: ए लीजेंड चैप्टर 1

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- **कलाकार- ऋषभ शेट्टी, रुक्मिणी वसंत, गुलशन देवैया, जयराम और प्रमोद शेट्टी**
- **निर्देशक- ऋषभ शेट्टी**

**रेटिंग-4/5**

**लखनऊ।** साल 2022 में आई कंतारा का प्रीक्वल कंतारा: ए लीजेंड चैप्टर-1 सिनेमाघरों रिलीज हो गया है। 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में ऋषभ शेट्टी को कांतारा के लिए बेस्ट एक्टर और बेस्ट पॉपुलर फिल्म का अवॉर्ड मिला था। ऐसे में लोगों को कंतारा: ए लीजेंड चैप्टर-1 से बहुत उम्मीदें हैं। कांतारा: ए लीजेंड चैप्टर 1 में हमें लगभग 1500 साल पहले की कहानी दिखाई गई है।

इसकी कहानी कदंब वंश और एक आदिवासी योद्धा बर्मे (ऋषभ शेट्टी) के इर्द-गिर्द घूमती है। बर्मे अपनी जमीन, परंपराओं और लोगों की रक्षा के लिए बंगरा राज्य के राजा कुलशेखर (गुलशन देवैया) से भिड़ जाता है। यह सिर्फ राजा और आदिवासियों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि प्रकृति बनाम सत्ता, विश्वास बनाम अहंकार और परंपरा बनाम लालच के टकराव की कहानी है। ऋषभ शेट्टी ने बर्मे के किरदार में जान डाल दी है। उनका अभिनय खासकर ट्रांस और दैवीय शक्ति वाले सीन में रोंगटे खड़े कर देता है। रुक्मिणी वसंत ने कनकावती के रूप में दिल छूलेने वाला अभिनय किया है। वो सिर्फ हीरो की प्रेमिका नहीं, बल्कि कहानी की अहम कड़ी हैं।

गुलशन देवैया ने राजा के किरदार में अपने खलनायकी अंदाज से इंप्रेस किया है। फिल्म का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट इसके विजुअल ट्रीट्स हैं। जंगल, युद्ध, धार्मिक अनुष्ठान झ्र सब कुछ इतना असली और शानदार है कि बड़े पर्दे पर मजा दुगुना हो जाता है। बी. अजनीश लोकनाथ का म्यूजिक और बैकग्राउंड स्कोर फिल्म को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है। हर ढोल, हर मंत्र आपको उस दौर में ले जाता है। हालांकि, फिल्म में दिलजीत दोसांझ के गाने के साथ न्याय नहीं किया गया है। प्रमोशंस के दौरान इस गाने का जितना इस्तेमाल किया गया उतना इस्तेमाल फिल्म के अंदर नहीं दिखा। क्लाइमैक्स में जो 20 मिनट का सीक्वेंस है, वो वाकई रोंगटे खड़े कर देता है। फिल्म में कर्नाटक की भूत कोला परंपरा को बिना छेड़छाड़ के दिखाया गया है और ये फिल्म को और भी खास बनाता है। प्रमुख किरदार में अभिनय करने के साथ ही निर्देशन करना आसान नहीं होता पर ऋषभ ने एक बार फिर इस विधा में कमाल किया है। फिल्म के कई सीन उन्होंने बेहद खूबसूरत बुने हैं। हालांकि, वो कुछ चीजें और बेहतर कर सकते थे। सेकंड पार्ट के बाद कुछ पल के लिए फिल्म नीरस होती है, जिसे वो फिल्म की लंबाई कम करके बचा सकते थे। बहरहाल, कुल मिलाकर ऋषभ का काम बढ़िया है। कांतारा के पिछले भाग की आत्मा उन्होंने इस फिल्म में भी बरकरार रखी। जंगल का एक्शन सीक्वेंस और रुद्र गुलिगा के कई सीन अच्छे बन पड़े हैं। विजुअली साउथ की फिल्में बेहद खूबसूरत होती हैं। जंगल, पहाड़ और वादियां इन सबकी फिल्म में कोई कमी नहीं है। एक्शन सीन की कोरियोग्राफी बहुत अच्छी और कुछ नई है। सिंगल टेक में शूट हुए कई एक्शन सीन दिल की धड़कन बढ़ा देते हैं। पलभर में काफी कुछ हो जाता है और आपके मुंह से सिर्फ वाह निकलता है। कंतारा: ए लीजेंड चैप्टर-1 एक ऐसी फिल्म है जिसके वीएफएक्स बहुत शानदार हैं, लोक संस्कृति को खूबसूरती से दिखाया गया है और ऋषभ शेट्टी ने गजब की परफॉर्मेंस दी है। कहानी थोड़ी स्लो है, लेकिन जब फिल्म स्पीड पकड़ती है, तो आपको बांधकर रखती है।

## बाइक चोरी करते पकड़ा गया युवक भीड़ की मार से पुलिस ने बचाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तालकटोरा क्षेत्र में बाइक चोरी करते तीन चोरों में से एक स्थानीय लोगों के हाथ लग गया। भीड़ ने उसे पकड़कर पेड़ से बांधा और जमकर पिटाई की। दो चोर फरार हो गए। वायरल वीडियो के बाद मौके पर पहुंची तालकटोरा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। राजाजीपुरम के में एक बार फिर भीड़ द्वारा कानून हाथ में लेने का मामला सामने आया है।




तालकटोरा इलाके में मोटरसाइकिल चोरी करने आए तीन युवक स्थानीय लोगों के हत्थे चढ़ गए। इनमें से एक आरोपित को लोगों ने पकड़कर पेड़ से बांध दिया और जमकर पिटाई की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, चोरी में शामिल दो आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए आरोपित को थाने ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराते हुए जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

# नहाय खाय के साथ कल से शुरू होगा सूर्य उपासना का महापर्व छठ







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में दीपावली के ठीक बाद भगवान सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित छठ महापर्व का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। यह पर्व बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के अलावा देश के अन्य हिस्सों में बहुत धूम-धाम से मनाया जाता है। प्रकृति से जुड़े इस पावन पर्व में लोग न सिर्फ उगते हुए बल्कि डूबते हुए सूर्य को भी विशेष अर्घ्य देते हैं। इस साल आस्था के इस महापर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर से होगी और यह 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य को जल देने के बाद पूर्ण होगा।

**छठ पूजा का प्रसाद:** छठ पूजा के दौरान प्रसाद के रूप में ठेकुआ, मालपुआ, चावल के लड्डू, फलों और नारियल का प्रयोग किया जाता है। ये सभी प्रसाद शुद्ध सामग्री से बनाए जाते हैं और सूर्य देवता को अर्पित किए जाते हैं।

**छठ पूजा का धार्मिक महत्व:** छठ पूजा में भगवान सूर्य देव की विशेष पूजा की जाती है। सनातन परंपरा में सूर्य एक ऐसे देवता हैं, जिनका दर्शन हमें प्रतिदिन होता है। हिंदू मान्यता के अनुसार सूर्य की पूजा करके न सिर्फ भगवान राम बल्कि भगवान श्री कृष्ण के पुत्र सांब ने करके सुख और सफलता प्राप्त की थी। भगवान भास्कर से जुड़े इस व्रत को सभी कष्टों को दूर करके सुख-सौभाग्य दिलाने वाला माना गया है। छठ पर्व मुख्य रूप से षष्ठी तिथि को किया जाता है। लेकिन इसका आरंभ नहाय खाय से हो जाता है यानी छठ पर्व शुरूआत में पहले दिन व्रती नदियों में स्नान करके भात,कद्दू की सब्जी और सरसों का साग एक समय खाती है। दूसरे दिन खरना किया जाता है जिसमें शाम के समय व्रती गुड़ की खीर बनाकर छठ मैय्या को भोग लगाती हैं और पूरा परिवार इस प्रसाद को खाता है। तीसरे दिन छठ का पर्व मनाया जाता है जिसमें अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन सप्तमी तिथि को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व को समापन किया जाता है।

**क्यों मनाई जाती है छठ पूजा:** छठ पूजा का पर्व सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। लोग इस दौरान सूर्य देव की बहन छठी मईया की भी पूजा करते हैं। वहीं, इस पावन पर्व को लेकर कई कथाएं भी प्रचलित हैं, जिनमें से एक का जिक्र आज हम करेंगे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब कुष्ट रोग से पीड़ित थे, जिसके चलते मुरलीधर ने उन्हें सूर्य आराधना की सलाह दी। कालांतर में साम्ब ने सूर्य देव की विधिवत व सच्चे भाव से पूजा की। भगवान सूर्य की उपासना के फलस्वरूप साम्ब को कुष्ट रोग से मुक्ति मिल गई। इसके बाद उन्होंने 12 सूर्य मंदिरों का निर्माण करवाया था। इनमें सबसे प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर है, जो ओडिशा में है। इसके अलावा, एक मंदिर बिहार के औरंगाबाद में है। इस मंदिर को देवार्क सूर्य मंदिर के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चिरकाल में जब देवताओं और असुरों के मध्य युद्ध हुआ, तो इस युद्ध में देवताओं को हार का सामना करना पड़ा। उस समय देव माता अदिति ने इसी स्थान पर (देवार्क सूर्य मंदिर) पर संतान प्राप्ति हेतु छठी मैया की कठिन तपस्या की। इस तपस्या से प्रसन्न होकर छठी मईया ने अदिति को तेजस्वी पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया था। कालांतर में छठी मईया के आशीर्वाद से आदित्य भगवान का अवतार हुआ। आदित्य भगवान ने देवताओं का प्रतिनिधित्व कर देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। तभी से पुत्र प्राप्ति, संतान व परिवार की सुरक्षा हेतु छठ पूजा की जाती है, जिसके शुभ फल से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और जीवन सुखमय रहता है।

**प्रसाद बनाते समय ध्यान रखें ये बातें:** छठ पूजा में पवित्रता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। ऐसे में छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय इसे भूलकर भी इसे जूठा न करें, साथ ही इसे बनाने से पहले कुछ भी नहीं खाना चाहिए। अपनी स्वच्छता का पूर्ण रूप ले ध्यान रखें। साथ ही प्रसाद बनाने वाली जगह भी एक दम साफ होनी चाहिए। ध्यान रहे कि छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय चांदीए स्टील और प्लास्टिक के बर्तनों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके स्थान पर मिट्टी के चूल्हे और बर्तनों का ही इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है।

**व्रत के नियम:** छठ पर्व पूजा के दौरान व्रत रहे साधक को सूर्य देव को अर्घ्य देने से पहले किसी चीज का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही व्रत करने वाले साधक को इस दौरान जमीन पर सोना चाहिए। इसके साथ ही छठ पूजा से करीब 10 दिन पहले से ही अरवा चावल और सेंधा नमक का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

## छठ पूजा की प्रमुख तिथियां

**नहाय खाय 25 अक्टूबर:** छठ महापर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर 2025, शनिवार को नहाय खाय से होगी। इस दिन महिलाएं विशेष रूप से लौकी का सेवन करती हैं. जिसे लौका भात की परंपरा भी कहा जाता है। इसमें लौकी और भात को खाया जाता है।

**खरना 26 अक्टूबर :** छठ पूजा पूजा का दूसरा दिन खरना के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग पूरे समय व्रत रखते हैं और शाम के समय घाट किनारे जाकर स्नान आदि करने के बाद संझवत की परंपरा को निभाते हैं। इस पूजा में घाट पर विधि-विधान से पूजा करने के बाद विशेष रूप स दीपक जलाया जाता है. व्रत रखने वाली महिलाएं छठी मैया को चावल की खीर अर्पित करती है।

**डूबते सूर्य को अर्घ्य 27 अक्टूबर:** छठ पूजा के तीसरे दिन षष्ठी व्रत रखा जाता और इसी दिन शाम को व्रत करने वाला व्यक्ति पूजा का सारा सामान अपने सिर पर रखकर घाट किनारे जाता है और वहां पर डूबते हुए सूर्य देव को संध्या अर्घ्य देता है। तमाम जगह पर अधिकतर श्रद्धालु अगले दिन सूर्योदय के समय की जाने वाली सूर्य पूजा के लिए घाट पर ही रुक जाते हैं।

**उगते सूर्य को अर्घ्य 28 अक्टूबर:** छठ पूजा के चौथे दिन उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर इस व्रत का पारण कर दिया जाता है। इस दिन सूर्य देवता को अर्घ्य देने के बाद लोग हवन आदि कराकर छठी माता से सुख-सौभाग्य आशीर्वाद मांगते हैं।



# छठ पर्व को लेकर लखनऊ के घाटों पर तैयारियां तेज





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट में होने वाली छठ पूजा की तैयारी जोरों पर है। गोमती नदी के पानी को साफ करने के लिए उसमें जाल डाला जाएगा ताकि गंदा पानी ना आये। साथ ही नाव लगाकर गोताखोरों के माध्यम से उसकी सफाई की जाएगी ताकि छठ पूजा के लिए स्वच्छ जल मिल सके। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नाथ राय ने बताया कि छठ पूजा लगभग 110 जगहों पर होती है। पूरे लखनऊ में लगभग 18 लाख लोग इस वर्ष छठ पूजा करेंगे। वहीं, डीएम ने भी बैठक में सभी विभागों को कहा कि छठ घाट की सफाई करें और जो भी जरूरत है, उसको पूरा करें। पुलिस बलए फॉगिंग की व्यवस्थाए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, चिकित्सा कैंप आदि सभी वाहन व्यवस्था की जाए।

**लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम :** अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा सभी लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। 150 से ऊपर लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। ये कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू होंगे। छठ पूजा बहुत कठिन त्यौहार है। इसमें महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रहती हैं। इसके अलावा सफाई अभियान में समाज के मनोज सिंह, अंबरीश राय, हनुमान यादव, विजय यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित होकर श्रमदान कर छठ घाट एवं गोमती की सफाई कर स्वच्छ अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# भाई दूज : बहनों ने टीका कर की भाइयों की लंबी उम्र की कामना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुरुवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का प्रतीक भैया दूज उमंग व उल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने घरों में रंगोली व चौक बनाकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। भाई को टीका लगाकर मुंह मीठा कराते हुए सुख-समृद्धि, वैभव व दीघार्यु की मंगल कामना की। भाइयों ने बहनों को तरह-तरह के उपहार के साथ रक्षा का वचन दिया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह नजर आया।

भइया-दूज पर गुरुवार सुबह से ही बहनें पूजा की तैयारी में व्यस्त दिखीं। घर में साफ-सफाई कर स्थान पवित्र किया गया और रंगोली बनाई। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही रंगोली पर विधि विधान से पूजा-अर्चना के दौरान बहनों ने भाइयों की मंगल कामना करते हुए सुख-समृद्धि, वैभव एवं दीघार्यु का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद बहनों ने थाली सजाकर अपने भाइयों को रोली व अक्षत आदि लगाकर अभिषेक किया और मिठाई खिलाई।

भाइयों ने भी अपनी बहनों को तरह-तरह के आकर्षक उपहार और रक्षा का वचन दिया। इस दौरान बहनों ने भाइयों के लिए तरह-तरह के पकवान भी बनाए। त्योहार मनाने के लिए कई बहनें अपने भाईए जबकि तमाम भाई बहनों के घर पहुंचे। दिनभर भैया-दूज पर्व का उल्लास हर तरफ दिखाई दिया।

**भाई दूज की मान्यता:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, सूर्य के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना भाई-बहन हैं। यमुना की प्रार्थना पर यमराज ने कहा था कि आज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करेगा, उसे यमराज का भय नहीं रहेगा। इसीलिए यह पर्व भैया दूज के नाम से जाना जाता है। अपने भाई यम से बहन यमुना ने वरदान लिया था कि इस दिन जो भाई-बहन यमुना नदी में स्नान करेंगे, उन्हें यमलोक नहीं भेजा जाएगा। इसलिए भैया दूज के दिन यमुना में स्नान का भी विशेष महत्व है।

**बहनों ने बंदी भाइयों को टीका कर दीर्घायु की कामना की:** बहनों ने भैया दूज पर गुरुवार को जिला कारागार में बंद बंदी भाईयों से मुलाकात की। बहनों ने भाईयों के माथे पर टीका कर उनके दीघार्यु और जल्द रिहा होने की कामना की। इस भावुक पल में बहुत से बंदी भावुक हो गए। कई बंदी रो पड़े। बहनों का संकल्प दिलाया कि वह जेल से छूटने के बाद अपराध की दुनिया को छोड़कर सामान्य जीवन जिएंगे। भैया दूज पर रविवार सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में बहनें जिला जेल परिसर में पहुंच गई थी। खुली मुलाकात के चलते जेल प्रशासन ने पर्ची लगाने के लिए कई काउंटर बनाए गए थे। चरण वार पर्ची लगायी गईं। सघन तलाशी के बाद बहनों को जेल में प्रवेश दिया गया। जेल के भीतर जाकर बहनों ने विधिवत पूजा पाठ करके बंदी भाईयों के माथे पर टीका किया। मुंह मीठा कराया। जेल में बंद महिलाओं के भईयों ने जेल में मुलाकात कर टीका कराया।

# छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आगामी 41वें छठ महापर्व की तैयारियों की जानकारी दी और उन्हें लक्ष्मण मेला मैदान, गोमती तट, लखनऊ में होने वाले इस आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि 27 और 28 अक्टूबर को छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को छठ पर्व को लेकर प्रदेश में भव्य आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था, स्वच्छता और सूर्योपासना का प्रतीक है, इसलिए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से जारी जानकारी के अनुसार छठ घाट पर साफ-सफाई, पुताई और मधुबनी की प्रसिद्ध पेंटिंग्स से सजावट का कार्य जारी है। सभी तैयारियां 25 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएंगी। समाज के पदाधिकारी और जिला प्रशासन मिलकर आयोजन को भव्य रूप देने में जुटे हैं। कार्यक्रम में 200 लोक कलाकार 18 घंटे लगातार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। प्रमुख कलाकारों में कल्पना पटवारी (असम), गोपाल राय (बलिया) और सुरेश शुक्ला (मुंबई) शामिल हैं। प्रभुनाथ राय ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अक्टूबर को शाम चार बजे सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस बार मुख्यमंत्री के लिए विशेष मार्ग तैयार किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और पूजन करने वालों को कोई परेशानी न हो। गौरतलब है कि इस बार छठ के अंतर्गत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय, 26 अक्टूबर को खरना, 27 अक्टूबर को शाम का अर्घ्य और 28 अक्टूबर को प्रातः अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा।

# कार्तिक मास में दीप दान करने से कष्टों से मिलती है मुक्ति : श्याम प्रभुजी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने वृन्दावन कॉलोनी अपार्टमेंट में प्रदीप सिंह के आमंत्रण पर पधारे अपार्टमेंट वासियों ने प्रभुजी का स्वागत माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा करके किया। प्रभुजी ने आज की कथा मे कार्तिक मास की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि कार्तिक मास भगवान को सर्वाधिक प्रिय है। इस मास मे यदि कोई भगवान श्रीकृष्ण की थोड़ी सी भी पूजा करता है तो उसे भगवान के दिव्य धाम में निवास प्राप्त हो जाता है। कार्तिक मास मे दीपदान का विशेष महत्त्व है, कार्तिक मास में मात्र एक दीपक अर्पित करने से भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न हो जाते हैं। कार्तिक मास में भगवान हरि की महिमाओं का श्रवण करने वाला लाखों जन्मों के कष्ट से मुक्त हो जाता है। कार्तिक महीने मे जो व्यक्ति स्नान करके रात्रि जागरण करता है, दीपक अर्पित करता है और तुलसी वन की रक्षा करता है वह भगवान श्रीकृष्ण के समान आध्यात्मिक शरीर प्राप्त करता है। मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि हमें अपनी सामर्थ्य के अनुसार कार्तिक मास मे उत्सवों को मनाते हुए भक्ति करनी चाहिए, साथ ही साथ अपने घरों पर दीपदान एवं भगवत कथा का आयोजन कराना चाहिए। कार्यक्रम की समाप्ति पर उपस्थित सभी भक्तों ने दीपदान किया एवं स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण किया।

# मैंने टीवी पर ज्यादातर पॉज़िटिव किरदार किए हैं : मानव गोहिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी जगत का जाना-माना नाम मानव गोहिल पिछले दो दशकों से छोटे पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर रहे हैं। तेनालीराम,यम है हम जैसे शोज में दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद अब वह कलर्स टीवी के नए शो बिंदी में एक बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगे। शो में उनका किरदार दयानंद दर्शकों को चौंकाने वाला है। कभी वह आम इंसान लगता है तो कभी एक माफिया जैसा। हाल ही में खास बातचीत में मानव ने अपने इस रोल, टीवी इंडस्ट्री के बदलते दौर और अपनी पर्सनल फिलॉसफी पर खुलकर बात की।

**इतने सालों के करियर में आपने कई अलग-अलग रोल किए हैं। बिंदी में दयानंद का किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा ?**

अब तक मैंने टीवी पर ज्यादातर पॉज़िटिव किरदार किए हैं। बहुत कम मौके मिले जब मुझे निगेटिव या एंटी-कास्टिंग रोल निभाने को मिले। बिंदी में पहली बार दयानंद जैसा किरदार कर रहा हूं। वह एक दूध माफिया है, दिखने में आम इंसान लगता है लेकिन अंदर से बड़ा चालाक और खतरनाक है। मुझे इसे निभाने में बहुत मजा आ रहा है, क्योंकि कहानी बड़े ही अच्छे ढंग से बुनी गई है।

**क्या इस किरदार के लिए आपने कोई खास तैयारी की ?**

शुरूआत में मैंने थोड़ा एक्सेंट डालने की कोशिश की थी, लेकिन मेकर्स ने कहा कि दयानंद को मॉडर्न अंदाज में दिखाना है। इसलिए मैंने किरदार को बहुत सिंपल रखा, ताकि वह रियल लगे. हां, कहीं-कहीं पर हल्का-सा टच जरूर दिया है।

**आप अलग-अलग जॉनर के रोल करते आए हैं. क्या ये रोल आप चुनते हैं या रोल आपको चुनते हैं ?**

ज्यादातर रोल मुझे चुनते हैं। कई बार मुझे कोई किरदार बहुत क्लिशे (बहुत सामान्य, पुराना, या बार-बार इस्तेमाल हुआ आइडिया/किरदार) लगता है और मैं मना कर देता हूँ. लेकिन फिर प्रोड्यूसर या चैनल का कन्विक्शन देखकर मान जाता हूं। तेनालीराम और यम है हम भी पहले मुझे खास नहीं लगे थे, लेकिन जब किया तो दर्शकों ने खूब प्यार दिया। बिंदी में भी ऐसा ही हुआ। पहले मैंने ना कहा था, लेकिन फिर मैंने हाँ कर दी और आज लगता है कि मैंने सही फैसला लिया।

**टीवी इंडस्ट्री में आजकल शोज जल्दी-जल्दी बंद हो जाते हैं. ऐसे में आप प्रोजेक्ट कैसे चुनते हैं ?**

सच कहूँ तो कोई भी शो पहले से प्रेडिक्ट नहीं किया जा सकता. कई बार जो शो मुझे अच्छा लगता है, वह चलता नहीं है और जो मुझे पसंद नहीं आता, वही हिट हो जाता है। मेरा मानना है कि फैसला सही या गलत नहीं होता, उसे सही बनाना पड़ता है। बस यही सोच लेकर मैं काम करता हूँ।

**शो में आपके किरदार दयानंद की खासियत क्या है ?**

दयानंद बहुत अनप्रेडिक्टेबल है. कभी वह अच्छा लगता है, कभी खतरनाक। उसका एजेंडा बहुत क्लियर है और वही कहानी में कॉन्फ्लिक्ट लाता है। असल में दयानंद ही इस शो का ट्विस्ट है. मैं इसे क्लिशे बनने से बचा रहा हूँ ताकि दर्शक एंटरटेन हों।

**आपने कहा कि यह किरदार आपको खुद से जोड़ने लगा है, कैसे ?**

(मुस्कुराते हुए) हां, दयानंद का ग्रे शेड्स वाला स्वभाव मुझे इंट्रेस्टिंग लग रहा है। उसका मैनिपुलेशन, उसका अंदाज मुझे परफॉर्म करने में मजा दे रहा है. धीरे-धीरे मैं खुद भी दयानंद को पसंद करने लगा हूँ बेशक गलत वजहों से ही सही।

**दर्शकों को बिंदी से क्या उम्मीदें रखनी चाहिए ?**

देखिए, इस शो में सिर्फ ड्रामा नहीं है, इसमें इमोशन भी है. खासकर माँ-बेटी के रिश्ते की गहराई. असली इमोशन जब सच्चाई से पेश किया जाए, तो दर्शकों के दिलों को छूता है. मुझे यकीन है कि बिंदी दर्शकों को बांधे रखेगा।

**आखिर में, अपने दर्शकों से आप क्या कहना चाहेंगे ?**

मैं बस यही कहूँगा कि हमारे शो बिंदी को जरूर देखें। इसमें आपको अलग तरह की कहानी, दमदार परफॉर्मेंस और इमोशनल कनेक्ट सब कुछ मिलेगा।

# भगवान चित्रगुप्त को लगा 56 भोग, कलम-दवात की पूजा हुई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यमद्वितीया के दिन गुरुवार को कायस्थ समाज ने कलम-दवात और भगवान चित्रगुप्त का विधि-विधान से पूजन किया। झूलेलाल वाटिका स्थित श्री चित्रगुप्त धाम में आयोजित पूजन में भक्तों ने भगवान को 56 भोग लगाया। पूजन, हवन और आरती की।



शाम को श्री चित्रगुप्त धाम में समाज के लोगों ने पहले भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन किया और कथा सुनी। सामूहिक रूप से कलम दवात के साथ शस्त्र पूजन भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी को 56 भोग लगाया गया। समाज की एकता और एकजुटता के लिए सामूहिक रूप से हवन किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त घाट पर मां गोमती की भव्य आरती हुई। लोगों को 56 भोग प्रसाद के साथ कलम भी वितरित किए गये। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने प्रदेश वासियों को भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन और भैया दूज की बधाई दी। कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है। महामंत्री मनोज डिंगर ने बताया कि कलम ही कायस्थों की ताकत है। कार्यक्रम में राजीव श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सचिन लाल, सचिन निगम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जेल में बंद भाइयों का किया टीका

जिला संवाददाता



**सीतापुर।** में भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक पर्व भाई दूज पर गुरुवार को जिला कारागार का माहौल भावनाओं से भरा रहा। सुबह 10 से ही जेल गेट पर बहनों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर 4 बजे तक 287 बहनों ने अपने बंदी भाइयों का तिलक कर उनके दीघार्यु होने की कामना की। जेल प्रशासन ने बहनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुफ्त ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की थी। पंजीकरण कराने के बाद बहनों को निर्धारित स्लॉट में बुलाया गया, ताकि भीड़ और अव्यवस्था न हो। प्रत्येक घंटे के स्लॉट में पहुंचने वाली बहनों को क्रमवार अंदर प्रवेश दिलाया गया। प्रत्येक मुलाकात के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया, जिसमें बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और हालचाल जाना। त्योहार के मद्देनजर जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। मुलाकात स्थल को अंदर सजाया गया था और सुरक्षा बढ़ाई गई। जेल पर महिला कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई। बहनों की सुविधा के लिए पीने के पानी, कुर्सियों और छांव की व्यवस्था भी की गई थी।

**● बहनों ने मांगी भाइयों की लंबी उम्र की दुआ**

भाइयों से मिलकर कई बहनों की आंखें नम हो गईं, वहीं कुछ के चेहरों पर अपार खुशी झलक रही थी। एक बहन ने कहा, ह्लभाई दूज पर भले जेल की दीवारें बीच में हों, लेकिन रिश्तों का प्यार कभी कम नहीं होता। जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भाई दूज के अवसर पर बहनों के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे, ताकि वे शांति और सुरक्षा के बीच अपने भाइयों से मिल सकें। पूरे दिन जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस सिलसिला अभी 5 बजे तक जारी रहेगा।

वहीं भाई-बहन के पवित्र रिश्तों को मजबूती देने वाला भइयादूज पर्व गुरूवार को परम्परागत रूप से उल्लास के साथ पूरे क्षेत्र में मनाया गया। बहनों ने जहां भाईयों का तिलक, आरती उतार कर दीर्घजीवी होने की कामना की वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार देते हुए उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। भइयादूज के पर्व को लेकर बाजार में खील-बताशों व मिठाई की दुकानों पर जमकर भीड़ दिखी। सुबह से ही पैंतेपुर, बिलौली बाजार, सिरौली, सरैंया, बेहमा, सदरपुर, गोडैचा, सेमरी, चांदपुर, बांसुरा, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज में मिठाई दुकानों पर खरीददारों की भीड़ से मेला सा दृश्य हो गया।

गुरूवार सुबह से ही रोडवेज बस स्टॉप पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। महमूदाबाद के सिधौली, बिसवां, रामपुर मथुरा, रेउसा, फतेहपुर आदि जाने वाले वाहनों के अड्डों पर भारी भीड जमा रही।

## संक्षेप

### हमला कर युवक को किया घायल

सिधौली, सीतापुर। चुराया मोबाइल मांगने पर हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल को सीएचसी सिधौली से जिला अस्पताल रिफर किया गया है। अस्पताल सिधौली में भर्ती करन पुत्र राम पल निवासी राजेश्वर दयाल पुर मजरा ऊंचा खेरा अजई ने बताया कि उसका मोबाइल चोरी हो गया था जब उसे पता चला तो गांव के ही दो लोगो से मोबाइल वापस मांगा तो दोनों उत्तेजित होकर मारपीट पर उतारू हो गए ओर धार दर हथियार से उसके सर परिवार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने पहुंचकर उसे बचाया परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है पीड़ित ने बताया कि उसने पुलिस को सूचना दे दी है।

### निःशुल्क जांच शिविर सम्पन्न

**सीतापुर।** स्थानीय सिविल लाइन्स स्थित सेवा फार्मा क्लीनिक पर फार्मासिस्ट डा0 डीके राठौर की अध्यक्षता में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चर्मरोग विशेषज्ञ डा0 दिलीप वर्मा, ईएनटी, विशेषज्ञ डा0 ओएन वर्मा, डा0 डीके राठौर ने प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक 200 मरीजों को निःशुल्क जांच कर आवश्यक दवा उपलब्ध करायी। बीपी व शुगर की निःशुल्क जांच कर नियंत्रित करने के उपायों की जानकारी दी।

### दीप दीपोत्सव में संगीत कार्यक्रम संपन्न

**सीतापुर।** स्थानीय आर्यनगर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 गुलजारी लाल गुप्त के निवास स्थान पर सेवानिवृत्त अपर जिला बचत अधिकारी विपिन चन्द्र वर्मा श्यामजी के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल के कुशल संचालन में लब्ध प्रतिष्ठित संगीतज्ञ अरूण गुप्त के भजन व गजल के प्रस्तुतीकरण से दीप दीपोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्तिकेय शुक्ल के गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबला वादक पियूष गुप्त, ढोलक वादक दिनकर, गिटार वाद मधुकर ने संगत करके संगीत कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। शिक्षिका शुभी गुप्ता ने भजन व पियूष गुप्त ने देशगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सर्प दंश से बालिका की मौत

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रही 7 वर्षीय बालिका को सांप ने डस लिया। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ेलिया निवासी प्रकाश की सात वर्षीय पुत्री कोमल गुरुवार दोपहर घर के बाहर अपने साथियों के साथ खेल रही थी। खेलते समय अचानक झाड़ियों से निकले एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। कोमल के दर्द से चीखने पर आसपास खेल रहे बच्चे घबराकर शोर मचाने लगे। शोर सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे तो उन्होंने कोमल को बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरा पाया। घबराए परिजन तत्काल उसे लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन देर होने के कारण कोमल की मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मां ज्वाला महोत्सवका शुभारम्भ आज

**सोहावल-अयोध्या।** अयोध्या की प्राचीन सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं वैचारिक परंपरा के व्यापक प्रसार और संरक्षण को समर्पित ह्लमां ज्वाला महोत्सवह्व का भव्य शुभारम्भ 24 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। यह महोत्सव मां ज्वाला फाउंडेशन के तत्वावधान में मां ज्वाला मन्दिर खिरौनी नगर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक बीकापुर डा. अमित सिंह चैहान द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्वान, संत-महात्मा एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## बाइक से टक्कर एक की मौत

**सिधौली, सीतापुर।** नेशनल हाईवे पर वी-मार्ट के सामने एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पैदल व्यक्ति की मौत हो गयी वही बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, करण (25) पुत्र किशन निवासी जठहा थाना सिधौली किसी गांव के ही लापता युवक की तलाश में घर से निकला था। इसी दौरान जब वह हाईवे से गुजर रहा था, तभी सामने से सड़क क्रॉस कर रहे आलोक पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला तुलसी नगर को उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।

घटना की सूचना पर राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने राहगीर आलोक की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ पर इलाज के दौरान आलोक की मौत हो गयी वहीं बाइक सवार करण को परिजन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर चले गए।

## उपनयन संस्कार आयोजन समिति की बैठक कचहरी प्रांगण संपन्न



**फतेहपुर।** आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुए जिसमें आचार्य कुलम के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य विनोद शुक्ला मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि महेश द्विवेदी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए आदर्श व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप गर्ग पूर्व बार प्रत्याशी मनी प्रकाश दुबे सहित पूर्व सचिव इंद्रपाल सिंह एडवोकेट आदि ने अपने विचार साझा किया तय किया गया कि 11 फरवरी को बांके बिहारी मंदिर में सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जाएगा जनपद के समस्त ब्राह्मण परिवार से अपेक्षा है कि अपने यहां 8 वर्ष से ऊपर के बालकों का पंजीकरण अवश्य करायें जिसमें 8 से 13 वर्ग आयु के बच्चों का उपनयन संस्कार मुफ्त कराया जाएगा बैठक में प्रमुख रूप से प्रदीप तिवारी जिला अध्यक्ष आचार्य कुलम के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे आचार्य प्रदीप तिवारी ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया ।

## धर्म कांति सेवा ट्रस्ट ने जिला अस्पताल के मरीजों को बांटे फल

**फतेहपुर।** जिले में जिला अस्पताल में धर्म कांति सेवा ट्रस्ट की टीम के द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल वितरित किए गए फल वितरित कर उनके कुशल क्षेम भी जाना गया वहीं ट्रस्टी कंचन धर्मकांति ने बताया धर्मकांति सेवा ट्रस्ट की पूरी टीम इस समय जिला चिकित्सालय फतेहपुर में है और यहां पर फल वितरण का कार्य किया जा रहा है। जिलाउपाध्यक्ष चिकित्सा मंच अपना दल एस फतेहपुर के सक्रिय सदस्य श्री आदित्य तिवारी जी के सौजन्य से यहां पर फल बांटे गए और हम उनका आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने धर्मकांति सेवा ट्रस्ट के माध्यम से यह पुण्य का कार्य कराया। वह अक्सर इस तरह के कार्य कराते रहते हैं और धर्मकांति सेवा ट्रस्ट पिछले चार वर्षों से समाज की सेवा में दिन-रात कार्य करता है 24/7। किसी भी समय आप कॉल कर सकते हैं किसी भी प्रकार की सहायता के लिए। मेडिकल सहायता, शिक्षा की सहायता, बच्चियों की शादियों कीसहायता, हर तरह की मदद ट्रस्ट करता है। विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सहायता लगातार दी जा रही है। वही इस मौके में शिवराम मौर्य हार्डी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे

## सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक असोथर में लगा भीषण जाम



**फतेहपुर।** ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को फतेहपुर जनपद के असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय खालिस गांव के पेट्रोल पंप के पास असोथर थरियांव सड़क में फंसने से ओवरलोड मोरंग लदे ट्रकों के कारण दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सराय खालिस से लेकर असोथर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीर, स्कूली बच्चे और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह बांदा से मोरंग लेकर आ रहा एक ट्रक सड़क पर धंस गया, जिसके बाद सैकड़ों ट्रक सड़क पर फंस गए। करीब पांच से छह घंटे तक चला यह जाम तब खुला जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद वाहनों को हटवाया। इस दौरान असोथर, सराय पीएचसी, सीएचसी से निकलने वाली एंबुलेंसें और स्कूली बसें घंटों तक फंसी रहीं, जिससे बच्चे भूखे-प्यासे बसों में ही बैठे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड ट्रक अक्सर कस्बे के बीचोंबीच से गुजरते हैं, जिससे सड़कें जर्जर हो गई हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। किसान राम भरोसे ने बताया, हम कई बार शिकायतें कर चुके हैं। पुलिस और प्रशासन पैसे के दबाव में कार्रवाई नहीं करते। ओवरलोड ट्रक पलटते हैं, टकराते हैं और लोगों की जान जोखिम में डालते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ महीने पहले ही प्रदेश के सभी जनपदों में ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे और परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद असोथर और आसपास के क्षेत्रों में मोरंग माफियाओं का आतंक जारी है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि ट्रक के धंसने से जाम की स्थिति बनी थी, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए यातायात बहाल कराया है।

## मारपीट की अलग - अलग घटनाओं में पुलिस ने मामला दर्ज किया

**पाटन, उन्नाव।** मामूली सी बात को लेकर बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटना को लेकर की गई शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट की पहली घटना थाना क्षेत्र के ग्राम आट मन्नू खेड़ा में घटित हुयी जहां मामूली सी बात को लेकर विपक्षी वीरेंद्र पुत्र राम बहादुर, जीतू पुत्र मूलचंद गीता देवी पत्नी वीरेंद्र द्वारा एक राय होकर गत दिवस मारपीट की घटना कारित की गई। पीड़िता अनीता देवी पत्नी विकास चंद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मार पीट कि इस घटना में उसे शारीरिक चोटे आई हैं। पीड़िता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं मारपीट की दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा में घटी पीड़िता काजल पुत्री स्वर्गीय भगवती प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की रात समय लगभग 8:00 बजे विपक्षी सुरेश शर्मा पुत्र झंडे लाल पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की मारपीट में पीड़िता का सर फट गया बताया गया कि सुरेश शर्मा दबंग व गुंडा किस्म का व्यक्ति है जो आए दिन पीड़िता के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मार देने की धमकी देता है। पीड़िता द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने मारपीट तथा जान से मार देने की धमकी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# ससुराल में दामाद ने की मारपीट, 6 घायल



जिला संवाददाता

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब विवाहिता के ससुराल पक्ष ने उसके मायके पहुंचकर पूरे परिवार की बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हुए इस हमले में परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक संदना क्षेत्र निवासी एक युवती ने करीब एक वर्ष पूर्व नैंसू नामक युवक से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा। आए दिन हो रही हिंसा से तंग आकर विवाहिता मायके आ गई थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार के दिन पति नैंसू शराब के नशे में धुत्त होकर ससुराल पहुंचा और पत्नी को जबरन साथ ले जाने का प्रयास किया।

विरोध करने पर वह लौट गया लेकिन अगले ही दिन बुधवार अपने साथियों के साथ दोबारा पहुंचा और घर पर धावा बोल दिया। ससुराल पक्ष ने ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से जमकर हमला किया जिससे परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। थाना प्रभारी संदना ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी तक तीन लोगों को हिरासत में लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## चोरों ने पार किये लाखों के नकदी- जेवर



**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है, शेखपुर नहर के पास से अभिषेक सिंह चंदेल के घर से लाखों रुपए की नगदी व जेवर चोरों ने पार कर दिए। यह चोरी की पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूत्रों के मुताबिक यह घटना बीती रात उस समय हुई जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे, चोरों ने मौका पाकर घर में सेंध लगा कर अलमारियों तथा लॉकरों को खंगाला, सुबह होने पर परिवार के लोगों के जागने के बाद चोरी का पता चला। पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया, और पीड़ित परिवार से विस्तृत जानकारी ली। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग सामान लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जांच का मुख्य आधार बनाकर अपनी जांच पडताल शुरू कर दी है, पुलिस अधिकारयों ने जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है, इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है, लोगों ने पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस पिकेट ड्यूटी होने के बावजूद बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग निकले, यह चोरी की घटना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है।

## डिजिटल एक्सरे मशीन खराब होने से मरीजो को हो रही परेशानी



**उन्नाव।** जिला अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन सोमवार को बिगड़ने पर दूसरे दिन बनी लेकिन एक दिन चलने के बाद वृहस्पतिवार को फिर खराब हो गई। जिससे मरीजों के डिजिटल एक्स-रे नहीं हो पाएं और मैनुअल एक्स-रे में मरीजों की भीड़ रही। ओपीडी 12 बजे तक ही रही इससे मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जिला अस्पताल की व्यवस्था दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। जिससे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है। इससे मरीज जांच के लिए निजी जांच केंद्र की भागदौड़ करने के लिए मजबूर हैं। हालांकि वृहस्पतिवार को भी डिजिटल एक्स-रे मशीन संचालित नहीं हो पाई। अचलगंज से आए मनीष ने बताया हाथ फैक्चर होने पर डॉक्टर ने डिजिटल एक्स-रे ओपीडी पर्चे पर लिखा था लेकिन मशीन खराब होने की बात कहकर वहां बैठे एक कर्मचारी द्वारा न्यू काया जांच केंद्र में कम रुपए में एक्स-रे कराने की बात कही लेकिन मरीज के पास रुपए न होने पर उसे अगले दिन आकर एक्स-रे कराने की सलाह दी गई। जिससे जिला अस्पताल में आए हुए मरीजों को निराशा हाथ लगती है। क्या जिला अस्पताल में ऐसे ही करोड़ों की लागत से लगी मशीनें आए दिन बिगड़ती रहेंगी और मजबूरन मरीजों को निजी जांच केंद्र में जाकर रुपए देकर जांच कराना पड़ेगा, जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं। सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया की डिजिटल एक्स-रे मशीन 10 मिनट के लिए बिगड़ी थी। लेकिन ओपीडी समय तक डिजिटल एक्स-रे मशीन नहीं शुरू हुई। जब सीएमएस से पूछा गया कि अधिकतर डिजिटल मशीन मरीजों के एक्स-रे में खराब होती है और मेडिकोलीगल एक्स-रे में मशीन सही हो जाती है तो सीएमएस इसका जवाब नहीं दे पाएं।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को जीआरपी ने जागरूक किया



**उन्नाव।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश पर उत्तर प्रदेश जीआरपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में थाना जीआरपी उन्नाव ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान को चलाया। जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि मिशन शक्ति (पंचम चरण) नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन महिलाओं एवं बालिकाओं में जागरूकता हेतु महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा व साइबर क्राइम संबंधी अपराध व यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में तथा महिलाओं की मदद के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया और समझाया गया। मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट कार्ड ट्रेनों में महिला यात्रियों को वितरित किए गए और स्टेशन पर चस्पा किया गया। जीआरपी के हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल हिमांशू व महिला कांस्टेबल पूजा ने यात्रियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई डायल 112 पुलिस आपातकालीन सेवा नंबर वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 181,1091 सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आरपीएफ हेल्पलाइन नंबर 182 समेत आपातकालीन अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

# विज्ञान मेले का लक्ष्य छात्रों को प्राचीन और नवीन ज्ञान से अवगत कराना




**फतेहपुर।** शहर के तांबेश्वर मंदिर के पास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र का क्षेत्रीय विज्ञान मेला अक्टूबर को आयोजित होना है। इस अवसर पर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन एवं अवार्चीन उपलब्धियां से अवगत कराते हुए उनमें क्रिया आधारित अध्ययन अवलोकन अन्वेषण एवं संश्लेषण प्रवृत्ति का विकास करना एवं वैज्ञानिक नवाचार को प्रोत्साहित करना है। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिव्यकांत दुबे ने बताया कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए एवं विज्ञान का समाज के विकास के साथ संबंध को बच्चों के ध्यान में लाने तथा उन्हें यह अनुभव करने के लिए कि वह कल के वैज्ञानिक है। बच्चों में उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले प्रदर्शो के माध्यम से रचनात्मक अन्वेषण एवं संश्लेषण की क्षमता विकसित करने के लिए बच्चों में चुनौतियों का हल ढूंढने की प्रवृत्ति का विकास करना विशेष रूप से ग्रामीण विकास की दृष्टि से तथा दैनिक जीवन के विकास में विज्ञान एवं तकनीकी के प्रयोग की दृष्टि से कक्षा कक्ष में विज्ञान के शिक्षण को प्रभावित बनाने के उद्देश्य से सर्वसाधारण समाज में विज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच को लोकप्रिय करने के लिए विज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्राचीन एवं अवार्चीन महान उपलब्धियां की जानकारी बच्चों तक पहुंचाते हुए उनमें अपने देश को उन्नत बनाने का संकल्प जागृत करने के लिए बच्चों को भारत की गौरवशाली संस्कृति का ज्ञान करवाने के उद्देश्य से विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के विज्ञान मेले में इस क्षेत्र के कुल 49 जनपद के आठ समितियां के प्रतिभागी एवं संरक्षक अचार वीडियो एवं व्यवस्था में लगे सभी बांधों की संख्या लगभग 550 रहने वाली है। इस मेले में विज्ञान प्रदर्शन विज्ञान प्रश्न मंच विज्ञान पत्र प्रस्तुति विज्ञान प्रयोगात्मक आचार्य पत्र प्रस्तुति तथा क्रांति विज्ञान संयोजक द्वारा सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत होगी विज्ञान मेले का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध वैज्ञानिक विज्ञानी एचसी वर्मा की विज्ञान वार्ता है। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की आठ समितियां है। गोरख नगरी गोरख ग्रामीण अवध नगरी अवध ग्रामीण कानपुर नगरी कानपुर ग्रामीण काशी नगरी एवं काशी ग्रामीण

## वीडियो बनाने से किया मना तो चाय वाले ने खौलती हुई चाय फेंकी, पति झुलसा

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के गुरेरा में एक चाय वाले को वीडियो बनाने से रोकना दम्पत्ति को मंहगा पड़ा। दुकान पर चाय पीने आए पति-पत्नी पर चाय वाले ने हमला कर दिया। उसने पति पर खौलती चाय फेंक दी जिससे उसके हाथ-पैर बुरी तरह झुलस गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरिता अपने पति सरवन के साथ पप्पू नामक दुकानदार की दुकान पर चाय पीने गई थी। सरिता का आरोप है कि दुकानदार पप्पू उनका वीडियो बनाने लगा। जब सरिता ने इसका विरोध किया तो पप्पू ने गाली-गलौज शुरू कर दी और पति-पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। विवाद बढ़ने पर दुकानदार पप्पू ने खौलती चाय का भगोना सरवन के ऊपर डाल दिया। इससे सरवन के हाथों और पैरों में गंभीर छाले पड़ गए। सरिता ने अपनी शिकायत में बताया कि पप्पू दबंग किस्म का व्यक्ति है। उप निरीक्षक मनोज कुमार पांडे ने बताया कि सरिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## ठग महिलाओं ने की दो अलग-अलग ठगी की घटनाएं, पुलिस जांच में जुटी

सिधौली, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र में एक ही दिन दो अलग-अलग ठगी की घटनाओं से हड़कंप मच गया। पहली घटना में जहां एक युवक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए साइबर ठगी का शिकार हो गया, वहीं दूसरी घटना में महिलाओं ने मिलकर एक महिला से जेवरात ठग लिए। दोनों मामलों में पीड़ितों ने कोतवाली सिधौली में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, जसवंतपुर निवासी सर्वेश यादव पुत्र रामपाल कुमार ने बताया कि उसने अपने मोबाइल में एक एप्लीकेशन डाउनलोड की थी। पहले खाते से ?2 कटे और बाद में ?499 की राशि दोबारा कट गई। इस पर उसने यूट्यूब से कंपनी का टोल फ्री नंबर खोजकर शिकायत के लिए कॉल किया। दूसरी तरफ से बात करने वाले व्यक्ति ने कुछ तरीके फॉलो करने को कहा।

सर्वेश ने बताए गए सभी स्टेप पूरे किए, लेकिन इस दौरान उसके खाते से ?10,000 की राशि कट गई और कॉल डिस्कनेक्ट हो गया। वहीं दूसरी घटना में अलमापुर गांव निवासी विद्या पत्नी अजय कुमार अपने मायके असल कुचलई जा रही थीं। वह मनवा चैकी से ऑटो द्वारा सिधौली पहुंचीं और वहां से ई-रिक्शा पर मिश्रीख मार्ग स्थित ऑटो स्टैंड जा रही थीं। इसी दौरान तीन महिलाएं उसी रिक्शा में बैठ गईं।

बातों-बातों में उन्होंने विद्या को बहकाकर उनके सारे जेवर उतारकर पर्स में रखवा दिए। रास्ते में डाक बंगला के पास महिलाएं उतर गईं। जब विद्या ऑटो स्टैंड पहुंचीं और पर्स खोला तो सारे जेवर गायब थे। वह घबरा कर रोने लगीं। वही आम नागरिक सिधौली पुलिस पर अपराध रोक पाने में असफल बताने लगी।

संक्षेप

## चाचा-भतीजे को विपक्षियों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे युवक ने चाचा भतीजे की पिटाई कर जान से मारने की धमकीं देते हुए चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज बाजार निवासी गौरव सिंह ने थाने पर तहरीर दी है। गौरव ने बताया कि वह अपने घर पर बुधवार की दोपहर बैठा था। तभी धम्मौर थाना क्षेत्र के मझना गांव निवासी आशीष पांडेय अपने दस अज्ञात साथियों के साथ आए गाली-गलौज देने लगे। विरोध करने पर मुझे व मेरे चाचा अक्षय कुमार सिंह को लाठी डंडे से पीटने लगे। परिवार के अन्य सदस्यों व ग्रामीणों के आ जाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकीं देते हुए चले गए। बंधुआ कला थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## महिला को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर।** कूड़ा फेंकने के विवाद में विपक्षियों ने महिला को पीट दिया है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे पाण्डेय का पुरवा निवासी झूरा देवी ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि कूड़ा फेंकने को लेकर उसका विवाद हुआ था। आरोप है कि शाम को रामू, श्यामू व शिवम पुत्रगण शिवकुमार आए उसे गाली-गलौज देते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगे, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। हलियापुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## विराट दंगल 26 को

**सुलतानपुर(वीओएल)।** भदैंया के मिश्रपुर पुरैना में 26 अक्टूबर को विराट दंगल का आयोजन किया गया है। इसमें देश के नामी-गिरामी पहलवान दंगल में दांव आजमाएंगे। कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर मैदान तैयार किया जा रहा है। आयोजक राम जियावन विश्वकर्मा ने बताया कि इस दंगल में राष्ट्रीय पहलवान जावेद गनी, नेपाल के देवा थापा, हरियाणा की अंतर्राष्ट्रीय पहलवान पूनम फोगाट भी हिस्सा लेंगी। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम की पदक विजेता अंशु मलिक, महाराष्ट्र की मनीषा, राजस्थान की सरिता भी मैदान में उतरेंगी। गांव में होने जा रहे इस प्रतियोगिता में जिले भर के खिलाड़ियों को बुलाया गया है। आयोजन समिति के बद्री प्रसाद दुबे व पहलवान रमजान ने बताया कि इस दंगल का उद्देश्य है कि इन नामी-गिरामी पहलवानों का कौशल देख जिले के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हो। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आबकारी महकमे की लगातार कार्यवाही के बाद भी अवैध कच्ची शराब का धंधा फल फूल रहा है। गोसाईगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह बुधवार की शाम क्षेत्र में थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब बेचने जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कच्ची शराब के साथ व्यक्ति को सलार बाबा की मजार से पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राम चरन निवासी लखनपुर थाना जयसिंहपुर बताया। पकड़े गए व्यक्ति ने बताया कि कच्ची शराब बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। हेड कांस्टेबल ने थाने पर तहरीर दी है। गोसाईगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अपनी पूर्ण भव्यता के साथ खालेगांव महोत्सव संपन्न



**रायबरेली।** विकास क्षेत्र बछरावां के अंतर्गत शेखपुर समोधा ग्राम सभा में स्थित खालेगांव ग्राम में विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी श्री रामलीला समिति खालेगांव के तत्वाधान में दो दिवसीय खालेगांव महोत्सव का कार्यक्रम अपनी पूर्ण भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को थाना प्रभारी बछरावां राजीव सिंह के द्वारा भगवान भोलेनाथ की आरती कर किया गया। तदोपरांत समिति के द्वारा श्री रामलीला का भव्य मंचन किया गया। जिसमें प्रथम दिन मंगलवार को शिव आरती, श्री रामजन्म उत्सव, राजा दशरथ विश्वामित्र संवाद, मारीच सभा, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, माँ गंगा महात्म, विश्वामित्र सहित राम लक्ष्मण का जनकपुरी विश्राम एवं द्वितीय दिवस सुबह 10 बजे से भव्य श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। उसके पश्चात सायंकाल 6 बजे से श्री राम आरती, जनकपुरी में पुष्प वाटिका, माता सीता द्वारा गौरी पूजन, जनक सभा, रावण बाणासुर संवाद, धनुष भंग, परशुराम लक्ष्मण संवाद की झांकियां प्रस्तुत कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पधारे क्षेत्र के तमाम गणमान्य जनों का श्री रामलीला समिति खालेगांव के द्वारा स्वागत व सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय गांव निवासी एवं क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नृत्य कलाकार रामगुलाम के द्वारा भी अपनी नृत्य प्रतिभा से कार्यक्रम में मौजूद दर्शक गणों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम में रामलीला समिति के विभिन्न पात्रों ने विभिन्न झांकियां के माध्यम से अपने हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में लखनऊ के मशहूर जादूगर के द्वारा जादू का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री रामलीला समिति खालेगांव के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में दर्शन गण उपस्थित रहे।

## भवानीपुर में रामलीला का हुआ शुभारंभ



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सूरापुर क्षेत्र के भवानीपुर पुरानी बाजार में बुधवार देर रात श्री हनुमत रामलीला समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। दशकों से चली आ रही इस परंपरा में पहले दिन नारद मोह से लेकर रावण जन्म तक की कथा का मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भक्तिमय हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. डी.पी. शर्मा, डॉ. अभिषेक सिंह गोलू, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह, शैलेश बरनवाल, अरुण बरनवाल, ओमप्रकाश बरनवाल, अरविंद पांडेय, अखिलेश जायसवाल, सानू पाठक, बब्लू बरनवाल नंदी, प्रेमप्रकाश जायसवाल, केके बरनवाल, ध्रुव सोनी और बृजेश जायसवाल ने मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की आरती कर किया। रामलीला मंचन में कलाकारों ने उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से कथा को जीवंत कर दिया। नारद मोह प्रसंग में जहां हंसी और ज्ञान का संगम देखने को मिला, वहीं रावण जन्म की कथा ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी सुरेश गुप्ता ने निभाई, जबकि व्यवस्था प्रमुख भोला नाथ अमहुरी रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में गोविंदा सोनी, बालकृष्ण बरनवाल बब्लू, अनिल शर्मा, जयकृष्ण पांडेय, राजन, शुभम, आदित्य बरनवाल और अजय मोदनवाल कोके का योगदान सराहनीय रहा। रामलीला स्थल जयकारों और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

## प्रधान की दबंगई व गुंडागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- हरचंदपुर के जोहवा शर्की गांव में युवक को धमकी देने का मामला

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोहवा शर्की ग्राम सभा में ग्रामीणों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया है। यहां के वर्तमान ग्राम प्रधान शिव लाल पर दबंगई और गुंडागर्दी का गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रधान नजर आ रहे हैं, लेखपाल की मौजूदगी में एक युवक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर आक्रोश पैदा कर दिया है और ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है।

घटना की पड़ताल से सामने आया है कि यह वीडियो हाल ही में मिनी ब्लॉक कार्यालय के सामने रिकॉर्ड किया गया था। पूर्व ग्राम प्रधान राम अवतार यादव के नेतृत्व में कुछ ग्रामीण सुख लाल पुत्र बाबा दिन के नाम पर 1992 की पुरानी रसीद के आधार पर एक निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान वर्तमान प्रधान शिव लाल वहां पहुंचे और कार्य को रोकने का प्रयास करने लगे। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रधान युवक सुख लाल को निशाना बनाते हुए न केवल दबंगई दिखा रहे हैं, बल्कि जिंदा गाड़ दूंगा और जान से मार दूंगा जैसी खुली धमकियां दे रहे हैं। वीडियो की अवधि लगभग 1 मिनट 30 सेकंड है, जिसमें प्रधान की आवाज में गुस्सा और अपमानजनक भाषा स्पष्ट रूप से सुनाई दे रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना ग्राम सभा में विकास कार्यों को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का हिस्सा है। पूर्व प्रधान राम अवतार यादव ने बताया, कि हम पुरानी रसीद के आधार पर वैध निर्माण करवा रहे थे, लेकिन शिव लाल ने लेखपाल के सामने ही गुंडागर्दी शुरू कर दी। यह ग्रामीणों के अधिकारों का हनन है। युवक सुख लाल ने भी अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा, मैं सिर्फ अपना हक ले रहा था, लेकिन प्रधान ने मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वीडियो वायरल होने के बाद ही हमें थोड़ी राहत मिली है।

सूत्रों के अनुसार, शिव लाल पर पहले भी दबंगई और आपराधिक प्रवृत्ति के आरोप लग चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह ग्राम सभा के विकास कार्यों में हस्तक्षेप करते हुए कई बार विवादों का कारण बन चुके हैं। हरचंदपुर थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में है और मामले की जांच चल रही है। यदि धमकी की पुष्टि हुई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हुदहुद तूफान के बाद अब तक नहीं लगे पोल, बांस-बल्ली के सहारे चल रही बिजली

- ग्रामीणों ने कहा – विभाग की लापरवाही से जान पर बन आई, शीघ्र कार्रवाई की मांग

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** हुदहुद तूफान को बीते लगभग 10 साल हो गए, लेकिन कूरेभार विकास खंड के लोकेपुर गांव में अब तक विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है। हालात यह हैं कि आज भी ग्रामीण बांस-बल्ली के सहारे बिजली का काम चला रहे हैं। पोल तो लग गए लेकिन तार न खिंचने की वजह से ग्रामीणों की जान पर हर पल खतरा बना हुआ है। गांव के ग्रामीण चंद्रभान, विजय कुमार, बाबूलाल, नन्हे, श्यामलाल और चेयरमैन सहित अन्य लोगों ने बताया कि यदि विभाग की ओर से पोल लगा दिए जाएं तो हादसे की संभावना काफी हद तक कम हो जाएगी। मगर आज तक विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि 500 मीटर दूरी तक उन्होंने खुद केवल खरीदकर बांस-बल्ली के सहारे कनेक्शन करवाया है। ताकि घरों में रोशनी रह सके। यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसी है। ग्रामीण अली बहादुर सिंह, रामू, लाल संदीप समेत कई अन्य लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि लोकपुर में ट्रांसफार्मर से लेकर श्याम लाल के घर तक पोल लगा लेकिन न तो तार दौड़ा, जिससे दर्जनों ग्रामीणों ने बांस बल्ली के सहारे विद्युत सप्लाई चलाने को मजबूर है। ग्रामीणों की मांग की विद्युत विभाग करे सर्वे और करे विद्युतीकरण का काम पूरा करे। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में बांस और नमी से खतरा और बढ़ जाता है, जिससे हर पल करंट लगने का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि इस समस्या को तत्काल संज्ञान में लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि बांस-बल्ली के सहारे बिजली चलाने की यह खतरनाक मजबूरी खत्म हो सके। इस संबंध में कूरेभार के विद्युत विभाग के एसडीओ अभिषेक राय ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है, यदि ऐसा है तो शिकायत मिलने पर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाया जाएगा।



# संकीर्तन को लेकर गांव में निकली भव्य कलश यात्रा



**भेटुआ,अमेठी।** बाबा धार मीरशाह शाह दुर्गा माता मंदिर टिकरी में आयोजित होने जा रहे सात दिवसीय सीताराम नाम महायज्ञ अखंड सीताराम नाम संकीर्तन एवं वृंदावन धाम की प्रसिद्ध रासलीला मंचन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। सीताराम नाम महायज्ञ को लेकर लंबे समय से चल रही तैयारी के बीच गुरुवार दोपहर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा टिकरी गांव के अति प्राचीन दुर्गा माता मंदिर से शुरू होकर टिकरी गांव में प्रसिद्ध बाबा धार मीरशाह स्थल, काली माता मंदिर , शिव मंदिर, मां जालपा मंदिर ,मां मेरी परी देवी धाम होते हुए महायज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा में युवाओं से लेकर गांव की महिला पुरुष श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जगह-जगह लोगों ने स्वागत अभिनंदन किया। टिकरी गांव सहित आसपास के समस्त ग्राम वासियों के संयोजन में शुरू होने वाले महायज्ञ सीताराम नाम संकीर्तन एवं प्रसिद्ध रासलीला के मंचन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। वृंदावन धाम से आए संरक्षक जगन्नाथ दास महाराज ने बताया कि पौराणिक काल से यज्ञ का बड़ा महत्व है यज्ञ से बड़े-बड़े कार्य संभव हो गए हैं। गांव और क्षेत्र के विकास के लिए समाज की उन्नति के लिए देश की प्रगति के लिए सीताराम महायज्ञ एवं संकीर्तन का आयोजन टिकरी गांव के लोग कर रहे हैं जो विकास की एक नई दिशा को प्रशस्त करेगा। गांव के सेवानिवृत्त फौजी कमलेश सिंह ने बताया कि विगत 38 साल पहले भी इसी तरह की यज्ञ गांव में हुई थी जिसकी पुनरावृत्ति हो रही है। उम्मीद है कि इस महायज्ञ से हमारे गांव और क्षेत्र गांव के लोगों की शारीरिक ,मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति होगी। इस मौके पर क्षेत्र के नरेंद्र सिंह ,दयाराम सिंह, हरिकेश सिंह, दिनेश सिंह, रणजीत तिवारी, अवधेश तिवारी पूर्व प्रधान साधू सिंह, उदय राज सिंह,डब्बू सिंह , जगदीश सिंह, एडवोकेट मनोज सिंह, युवा प्रीतम सिंह राणा, भीम सिंह, अनुराग सिंह,संतोष सिंह, प्रमोद सिंह, आनंद भवन,राम नाथ कश्यप, बृजलाल,युवराज के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## दरवाजे पर खड़े युवक को जबरन उठा ले गये दबंग, बीच गांव में की बेरहमी से पीटा

**अमेठी ।** बीती रात घर के दरवाजे पर खड़े एक युवक को गांव की कुछ लोग जबरन उठाकर घर से कुछ दूर ले गए और वहां जमकर पिटाई कर दी.युवक को बचाने जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उनकी पिटाई की गई ।घटना के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए ।पीड़ित ने चचेरे भाई ने थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के खालीस बाहरपुर गांव का है जहां गांव के रहने वाले अरविंद दुबे पुत्र हरिश्चंद्रचंद्र दुबे का आरोप है कि बीती रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे इसी बीच गांव के ही रहने वाले राजेंद्र सिंह अमर बहादुर सिंह सौरभ सिंह आदर्श सिंह समेत अन्य मौके पर पहुंचे और अरविंद को अपने साथ पड़कर महारानी स्थान पर ले गए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी अरविंद के परिजनों को दे दी जिसके बाद परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उनकी भी मिठाई कर दी गई.घटना के बाद गांव के काफी लोग मौके पर इकट्ठा हो गए इसके बाद सभी आरोपी मौके से चले गएगए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई.पीड़ित के चचेरे भाई अनिल दुबे ने कार्रवाई की मांग की है.वहीं पूरे मामले पर थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि रात में लड़ाई झगड़ा हुआ था अभी तहरीर नहीं मिली है.घटना संज्ञान में है मामले की जांच की जा रही है ।

# अनेकता में एकता सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि भारत की जीवन शैली है : आरबी सिंह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में 18 यूपी बटालियन एनसीसी प्रतापगढ़ का वार्षिक 10 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन प्रातः 6 बजे कैडेट्स ने पीटी की, इसके बाद फायरिंग और ड्रिल का अभ्यास कराया गया। दोपहर में दो सैद्धांतिक कक्षाओं का संचालन हुआ। अनेकता में एकता विषय पर कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए सेकेंड ऑफिसर आर बी सिंह ने कहा कि अनेकता में एकता सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत की जीवन शैली और राष्ट्रीय चरित्र का आधार है। विविधताओं को सम्मान देकर एक साथ आगे बढ़ना ही हमारे मजबूत, समृद्ध और शांतिपूर्ण राष्ट्र का मार्ग है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता अपनाएं और स्वस्थ जीवन पाए यही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का मूल मंत्र है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज और देश के विकास में सार्थक योगदान दे सकता है। अतः हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को भी स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही शिविर में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एक्टिविटी का भी आयोजन हुआ। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह यादव के नेतृत्व में 10 दिवसीय वार्षिक शिविर को सफल बनाने में डिप्टी कैम्प कमांडेंट सूबेदार मेजर इकबाल सिंह, ट्रेनिंग इंचार्ज लेफ्टिनेंट इम्तियाज खान, कैंप बीएचएम भूवन थापा, एएनओ विनोद सिंह, कैप्टन उमेश सिंह, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट एस के मिश्रा, सेकंड ऑफिसर आरबी सिंह, सेकंड ऑफिसर दिग्विजय सिंह, सूबेदार कुमार गुरुड़ आदि मौजूद रहे।

## जनपद इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का शुभारंभ




**हरचंदपुर, रायबरेली।** कस्बा के जनपद इंटर कॉलेज में गुरुवार से तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस आचार्य अशोक चंद्र त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौरी गणेश की स्थापना कराई गई। वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी और संजय सिंह ने सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड संपन्न होने के बाद शिव परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से हवन और आरती की। शिव परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संत सम्मेलन में जगदगुरु रामानंदाचार्य, कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम, मानस आलोक राघव किंकर जी महाराज झीझक कानपुर, मानस मार्तंड अनूप शास्त्री कामदगिरि पीठ चित्रकूट धाम, मानस पीयूषा सुश्री आस्था दुबे जबलपुर मध्य प्रदेश, मंच संचालक डॉक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी प्रतापगढ़, पंडित गौरी शंकर शुक्ल, मानस वक्ता संजय सिंह के द्वारा राम कथा सुनाई जाएंगी। इस अवसर पर आचार्य अशोक त्रिपाठी, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, आशीष अवस्थी, डॉ. हरिकृष्ण द्विवेदी, तिलकधारी सिंह, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, संगम लाल सोनी, मनोज मिश्र, विक्रम चैरसिया, शिवम शुक्ल, बाबा आलोक सिंह, अनूप अवस्थी, सौरभ अवस्थी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## लगन व मेहनत से बिटिया को मिला नया आयाम, मिल रहा सम्मान

**अमेठी ।** यह कोई कहानी नहीं है बल्कि हकीकत में एक साधारण परिवार में जन्मी बालिका प्रिया सुभाष तिवारी की है जो अपने गांव में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा ग्रहण करके अपनी पढ़ाई इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज में करते हुए सिपाही बनने के बाद आखिरकार युवाओं के लिए उदाहरण बनी हुई है आज सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा कर रही है यह सब ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक पद पर छोटी नौकरी कर पुलिस परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ घर के लोगों की सेवा कर सफलता हासिल की है। कम वेतन के साथ ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हुए ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के रूप में 2 वर्ष की नौकरी करते हुए उन्होंने गांव के ही मैदान में दौड़ लगाना शुरू कर दिया साथ ही साथ सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारी में भी लग गई बिना किसी कोचिंग के ही घर में अपनी पढ़ाई लगातार करती रही आखिरकार पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता मिली और सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा कर रही है दीपावली के अवकाश के बाद पहली बार प्रिया तिवारी जब घर आई तो गांव के लोगों ने बड़ी आव भगत की यही नहीं ग्राम पंचायत में हो रहे क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन करते हुए कई खेल प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लिया साथ ही अतिथि के रूप में विकासखंड वासियों ने उनकी सेवा की और तमाम युवाओं ने कहा कि प्रिया तिवारी लोगों के लिए हम युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं उनकी सफलता के बाद बहुत युवाओं के मन में इतना जरूर है कि मेहनत करके आगे बढ़ा जा सकता है। प्रिया तिवारी से जब संवाददाता ने बात किया तो उन्होंने बताया कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है सभी को मेहनत करनी चाहिए अगर ईमानदारी पूर्वक मेहनत की जाए तो सफलता जरूर मिलेगी हम गांव की बालिकाओं को यह जरूर कहना चाहते हैं कि मेहनत के साथ शिक्षा पर ध्यान दें सफलता जरूर मिलेगी यह मेरा दावा है।



## बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में फरीदपुर गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में एक पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना तब हुई जब संतोष कुमार पत्नी रेखा के साथ बाइक से जा रहे थे। अचानक सामने से एक अन्य बाइक आ जाने के कारण उनकी बाइक टकरा गई, जिससे दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली थी। घायलों को अस्पताल भिजवा दिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा थाना गुरुबख्शगंज के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर एवं आशाराम का पुरवा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान टीम को कच्ची शराब बनाने के अड्डों, संदिग्ध घरों एवं ढाबों पर अवैध गतिविधियाँ संचालित मिलीं। कार्यवाही के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए हैं।

# दो वाहन सीज, 933 का किया गया चालान

- शहर के प्रमुख चैराहों और तिराहों पर चला विशेष अभियान

**रायबरेली।** त्योहारों के मद्देनजर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. यसवीर सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात इंद्र पाल सिंह सेंगर ने अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख चैराहों और तिराहों पर विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान तेज रफ्तार बाइक्स जैसे अपाचे, पल्सर और तीन सवारियों वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कुल 933 चालान काटे गए, जिसमें 2 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही, अन्य यातायात उल्लंघनों पर भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने शहर के व्यस्त इलाकों में चेकिंग की और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित एक्शन लिया। प्रभारी निरीक्षक इंद्र पाल सिंह सेंगर ने बताया कि त्योहारों में वाहनों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता है। इसलिए, हेलमेट न पहनने, ओवरलोडिंग, ब्लैक फिल्म, अनधिकृत हूटर और विधायक पास के दुरुपयोग जैसी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। सभी चालकों को चेतावनी दी गई कि यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी ने बताया कि अपाचे, पल्सर तथा तेज गति वाले दो वाहनों को सीज किया गया है। वहीं 35 अपाचे, पल्सर तथा तेज गति वाले वाहनों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी के 140, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 250, ब्लैक फिल्म, हूटर व विधायक पास में 26, अन्य धाराओं सहित कुल चालान 480 वाहनों साहित कुल 933 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यस वीर सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई नागरिकों की सुरक्षा के लिए की गई है। उन्होंने अपील की कि सभी वाहन चालक और स्वामी अपने वाहनों को निर्धारित यातायात नियमों के अनुसार चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर चालान के साथ-साथ वाहन सीज करने और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान शहरवासियों में यातायात जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस ने आगामी दिनों में भी ऐसे अभियानों को जारी रखने का ऐलान किया है।




## आस्था,साहस और संकल्प का प्रतीक बने हिमांशु सिंह

- चार धाम व 12 ज्योतिर्लिंग की साइकिल यात्रा पूर्ण कर अमेठी का नाम किया रोशन

**जामों,अमेठी।** जब श्रद्धा दृढ़ हो और मन में देश व धर्म के प्रति अटूट निष्ठा हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता ऐसा कर दिखाया है ग्राम बसंतपुर, ब्लॉक जामों, जनपद अमेठी के युवा हिमांशु सिंह पुत्र श्री हंसराज सिंह ने। उन्होंने अकेले साइकिल पर सवार होकर चार धाम और 12 ज्योतिलिंगों की कठिन व दिव्य यात्रा पूरी कर पूरे जिले का मान-सम्मान बढ़ाया है। हिमांशु सिंह ने 14 मई 2025 को श्रीराम की नगरी अयोध्या से अपनी यात्रा का शुभारंभ किया था और दीपोत्सव के पावन अवसर पर पुनः अयोध्या लौटकर यात्रा पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने 159 दिनों में लगभग 15,000 किलोमीटर की लंबी और साहसिक दूरी तय की। यह यात्रा न केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा थी, बल्कि एक गहन भक्ति और आत्मबल की यात्रा भी रही। घर वापसी पर ग्राम बसंतपुर में हिमांशु का गाजे-बाजे, पुष्पवर्षा और जय श्रीराम के नारों के बीच भव्य स्वागत किया गया। पूरा गांव गर्व और आनंद से सराबोर हो उठा। बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी अमेठी के प्रवक्ता श्री चन्द्रमौलि सिंह, मण्डल अध्यक्ष श्री राजेश सिंह और ग्रामवासी श्री रमेश सिंह ने हिमांशु को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# युद्धविराम का ट्रंप मॉडल

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने कई मामलों में अपनी पहचान पुख्ता कर ली है। वो बार-बार झूठ बोलते हैं, भ्रामक दावे करते हैं और अपने फैसलों से पूरी दुनिया को परेशान करते हैं। लेकिन इन सबके अलावा नोबेल पुरस्कार झटक कर शांति का मसीहा बनने की सनक में उन्होंने युद्धविराम का जो ठेका दुनिया भर में ले रखा है उससे भी संकट खड़ा हो रहा है। दरअसल ट्रंप जिस मसले में पैर फंसाते हैं वह और उलझ जाता है। 24 घंटे में पूरी दुनिया में शांति कराने का दावा करने वाले ट्रंप दस महीने बाद भी न तो कोई युद्ध रोक पाये हैं और न ही अमरीका का भला कर पाये। आज स्थिति यह है कि ट्रंप के कारण गाजा, यूक्रेन से लेकर अफगानिस्तान तक मामला और उलझ गया है। अमरीका खुद तीन सप्ताह से बंद है। लेकिन ट्रंप की ऊंची-ऊंची और भ्रामक बयानबाजी हमेशा जारी रहती है। गाजा में 10 दिन में ही युद्धविराम टूट गया, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि युद्धविराम नहीं टूटा है। इसी मानसिकता के साथ वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर युद्धविराम का दबाव डाल रहे हैं। जेलेंस्की ने यूक्रेन के नक्शे वाला जो दस्तावेज राष्ट्रपति ट्रंप के सामने रखा था, उसे ट्रंप ने फाड़ दिया। इतना अहंकार! रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर 2 घंटे की जो लंबी बातचीत हुई थी,



राष्ट्रपति ट्रंप उसे लेकर फुलफुला रहे थे, लिहाजा उन्होंने जेलेंस्की की सामरिक मदद करने से साफ इंकार कर दिया। विध्वंसक मिसाइल टॉमहॉक हासिल करने की जेलेंस्की की उम्मीदें, एक वार्तालाप के साथ ही ध्वस्त हो गईं। ट्रंप की भाषा में कहें, तो उन्होंने यूक्रेन को आत्मसमर्पण करने की नसीहत दी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की अपने देश के बचे-खुचे लोगों को क्या जवाब देंगे? यूक्रेन के 15-16 फीसदी क्षेत्र पर रूस का कब्जा है, क्या जेलेंस्की उसे जाने देंगे? पुतिन ने एक और झटका ट्रंप को दिया है। उन्होंने न जाने क्या कहा है कि व्हाइट हाउस को घोषणा करनी पड़ी कि हंगरी के बुडापेस्ट में ट्रंप-पुतिन की जो मुलाकात होनी थी, उसे रद्द कर दिया गया है। फिलहाल अगली मुलाकात अनिश्चित है। हालांकि बुडापेस्ट की प्रस्तावित मुलाकात पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आग्रह किया था कि उस बैठक में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाये। यूरोप और नाटो रूस के खिलाफ बड़े युद्ध की तैयारियां भी कर रहे हैं। बहरहाल संवाद और मुलाकात का यह अध्याय फिलहाल बंद हो गया है, लेकिन गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप का विरोधाभास आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि उनके शांति-प्रयास और समझौते तथा थोपे गये युद्ध विराम सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार पाने के मद्देनजर ही हैं, लिहाजा वे सार्थक और दीर्घकालीन साबित नहीं हो पा रहे हैं। गाजा में करीब 65,000 लोग हताहत हो चुके हैं। शहर, स्कूल, अस्पताल लगभग खंडहर बने हैं। फिर न जाने क्या उकसाहट और उल्लंघन सामने आए कि इजरायल ने गाजा के एक स्कूल, हमास आतंकियों के ठिकानों, हथियार-डिपो और सुरंगों पर विनाशकारी हवाई हमले किए। एक बार फिर चारों ओर धुआं ही धुआं दिखाई दिया। ऐसी खबरें हैं कि इजरायल की सेनाओं ने 24 घंटे में ही 153 टन बारूद का इस्तेमाल कर गाजा को दहला दिया। जहां ऐसा विनाश, विध्वंस और जंगी हालात हों, वहां युद्धविराम की कल्पना करना ही बेवकूफी है। न जाने किन आधारों पर राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि युद्धविराम अभी टूटा नहीं है। यह दावा ही हास्यास्पद है। अमरीकी राष्ट्रपति शेष दुनिया को न जाने किस दृष्टि से देखना चाहते हैं। गाजा में युद्धविराम थोपा हुआ था। शायद इसीलिए वह बंधकों और कैदियों की आपसी रिहाई तक ही सीमित रहा। बाद में हमास ने भी कत्लेआम शुरू कर दिया और अब इजरायल की सेनाओं ने विनाशकारी हमला बोल दिया। कहा जा रहा है कि हमास ने 47 से अधिक उल्लंघन किए थे, लिहाजा इजरायली सेनाओं को लौट कर हमले करने पड़े। अमरीकी राष्ट्रपति ने भी हमास को चेतावनी दी है कि वे युद्धविराम को कबूल करें और शिद्दत से लागू करें, नहीं तो उन्हें मिटा दिया जाएगा। ऐसे स्वर और धमकियां क्या शांति-प्रयासों के हिस्से हो सकते हैं? यकीनन यह युद्ध की भाषा है। गाजा और रूस-यूक्रेन के अलावा, पाकिस्तान, तालिबान, बलूचिस्तान में युद्ध चल रहा है। कुल मिलाकर ट्रंप के लिए नोबेल की संभावनाएं हर जगह विद्यमान हैं लेकिन शांति कहीं नहीं आ रही।

### विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

# महिला मतदाताओं के लिए सियासी महाभारत



शाहिद ए चौधरी




बिहार में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए चांद-सितारे देने का वायदा किया है, लेकिन उन्हें टिकट व प्रतिनिधित्व न के बराबर ही दिया है। यह महिलाओं के प्रति कैसी चिंता है? महिलाओं को अपने खेमे की ओर आकर्षित करने के लिए राजद के तेजस्वी यादव ने जीविका दीदीयों, जो सेल्फ-हेल्प गुटों के साथ काम करती हैं, को स्थायी नौकरी और ब्याज रहित ऋण देने का वायदा किया है, जबकि एनडीए इस बात का प्रचार कर रहा है कि उसने महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत एकमुश्त 10,000 रुपए ट्रांसफर किये हैं और वह सभी सरकारी नौकरियों में उन्हें 33 प्रतिशत आरक्षण देगा व जीविका दीदीयों को ऋण पर ब्याज सब्सिडी देगा। महिलाओं से यह बड़े बड़े वायदे करने के बावजूद सियासी पार्टियों ने महिलाओं को टिकट के नाम पर खानापूर्ति ही की है। किसी ने भी उन्हें अपने 33 प्रतिशत टिकट नहीं दिये हैं, जबकि इस संदर्भ में संसद में कानून बनाया जा चुका है, जोकि 2029 से लागू होगा। राजद ने 143 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किये हैं, जिनमें से मात्र 24 (16.78 प्रतिशत) ही महिलाएं हैं। कांग्रेस के अपने 61 उम्मीदवारों में से केवल 5 महिलाएं (8.61 प्रतिशत) हैं। जनता दल (यू) व बीजेपी के 101-101 उम्मीदवारों में 13-13 महिलाएं (12.87 प्रतिशत) हैं। एलजेपी-आर ने 6 महिलाओं को टिकट दिये हैं, जिनमें से एक का पर्चा रद्द हो सकता है, अनियमितताओं के कारण, जिसके खिलाफ अपील की गई है।

> 243 सदस्यों की विधानसभा में एनडीए ने 35 महिलाओं को और इंडिया गठबंधन ने 32 महिलाओं को मैदान में उतारा है। महिलाओं की भलाई व प्रगति की बहुत बड़ी बड़ी बातें राजनीतिक पार्टियां करती हैं, लेकिन जब उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देने की बात आती है, तो सब को सांप सूंघ जाता है।

कुल मिलाकर 243 सदस्यों की विधानसभा में एनडीए ने 35 महिलाओं (14.40 प्रतिशत) को टिकट दिये हैं और इंडिया गठबंधन ने 32 महिलाएं (13.16 प्रतिशत) महिलाओं को मैदान में उतारा है। गौरतलब है कि बिहार में पिछले सात दशकों में सबसे ज्यादा महिला विधायक (34) 2010 की विधानसभा में थीं। महिलाओं की भलाई व प्रगति की बहुत बड़ी बड़ी बातें राजनीतिक पार्टियां करती हैं, लेकिन जब उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देने की बात आती है, तो सब को सांप सूंघ जाता है। जब उन्हें उनकी संख्या के अनुपात में टिकट ही नहीं दिये जायेंगे, तो सियासत में उनका सही प्रतिनिधित्व कैसे संभव हो सकेगा? बिहार में लगभग 47 प्रतिशत महिला मतदाता हैं, उनका वोट लेने के लिए घमासान है और उन्हें तरह-तरह के प्रलोभन दिये जा रहे हैं, लेकिन उनको सत्ता में भागीदार बनाने में आनाकानी है। यहां यह याद दिलाना आवश्यक है कि 8 सितम्बर 2017 को बिहार विधानसभा में सभी पार्टियों की महिला विधायकों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की मांग की थी कि उन्हें विधानसभा व संसद में 50 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। लेकिन आठ साल बाद भी उनकी यह मांग ठंडे बस्ते में ही पड़ी है और इसके लिए राजनीतिक पार्टियों के मठाधीश ही जिम्मेदार हैं।

### बिहार चुनाव

बिहार में महिलाओं की जनसंख्या 47.85 प्रतिशत (2011 जनगणना) है, लेकिन पिछले तीन चुनावों के दौरान देखने में यह आया है कि उनका मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में काफी अधिक रहा है। यही वजह है कि राजनीतिक पार्टियां उन्हें अपना मुख्य आधार मानती हैं और उन्हें आकर्षित करने का प्रयास करती हैं। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में 5 प्रतिशत से अधिक मतदान किया था, जहां पुरुषों का मतदान प्रतिशत 54.68 प्रतिशत था, वहीं महिलाओं के लिए यह 59.69 प्रतिशत था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यह अंतर 6.5 प्रतिशत के पास पहुंच गया कि पुरुष मतदान 53 प्रतिशत था और महिला मतदान 59.45 प्रतिशत था। सवाल यह है कि क्या इस बार भी बिहार में महिलाएं निर्णायक होंगी? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो हमेशा की तरह महिलाओं पर ही अपने चुनाव का दांव लगाये हुए हैं। महिला रोजगार योजना के तहत 1.4 करोड़ महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति महिला देने से पहले उन्होंने उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन में वृद्धि की थी और जीविका दीदीयों के लिए भी इंसेंटिव की घोषणा की थी कि दसवीं कक्षा पास करने के बाद 10,000 रुपए का इंसेंटिव बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दिया जायेगा।

इसी प्रकार 25,000 रुपए के प्रेरणा फण्ड को ग्रेजुएट होने पर बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया गया। पंचायती राज संस्थाओं व शैक्षिक संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और सरकारी जॉब्स में 35 प्रतिशत आरक्षण का वायदा किया गया। राजद भी 'माई बहन योजना' का वायदा कर रही है, जिसके तहत प्रत्येक महिला को 2500 रुपए प्रति माह दिये जाएंगे। इन घोषणाओं व वायदों के बावजूद बिहार में महिलाओं का राजनीतिक सत्ता में प्रतिनिधित्व चिंताजनक ही रहा है। वर्तमान विधानसभा में मात्र 10.70 प्रतिशत महिला सदस्य हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि 2020 के विधानसभा चुनाव में 243 सीटों पर से केवल 26 महिलाएं ही चुनी गईं थीं, जोकि 2015 की विधानसभा से भी कम थीं, जिसमें 28 महिला विधायक (11 प्रतिशत) थीं। जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है 2010 में सबसे ज्यादा 34 महिला विधायक (14 प्रतिशत) थीं। इससे मालूम होता है कि महिला विधायकों की संख्या में निरंतर गिरावट आयी है। बहरहाल, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि चुनावी सियासत में हिस्सा लेने की दिलचस्पी महिलाओं में लगातार बढ़ती जा रही है। बिहार के 2010 के विधानसभा चुनाव में 307 महिलाएं मैदान में थीं, अपनी किस्मत आजमाने के लिए और इस संख्या में निरंतर इजाफा हुआ है। इसके बावजूद विधानसभा में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ नहीं सका है; क्योंकि मुख्यधारा की पार्टियों ने उन्हें अपना टिकट देने में संकोच जारी रखा है। अधिकतर महिलाएं आजाद उम्मीदवार होती हैं या उन छोटी पार्टियों की प्रत्याशी जिनका जनाधार कुछ खास नहीं है। फिर आजकल चुनाव पैसे वालों का हो गया है, जिसकी कमी की वजह से महिलाएं मजबूती के साथ चुनाव लड़ नहीं पातीं। बीजेपी नारी शक्ति वंदन कानून, जिसके तहत महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण संसद व विधानसभाओं में है और जो 2029 से लागू होगा, को अपनी मुख्य उपलब्धि के तौरपर पेश करती है, लेकिन जब महिलाओं को टिकट देने की बात आती है, तो वह भी 'जिताऊ प्रत्याशी' का बहाना बनाकर अपने पैर खींच लेती है। नतीजतन महिलाओं के लिए सीट मात्र प्रतीक बनकर रह जाती हैं और अक्सर प्रभावी या बाहुबली नेताओं की पत्नियों या बेटियों को ही दी जाती है। यानी महिलाओं के नाम पर वह ही प्रॉक्सी विधायक होते हैं, प्रधानपति की तरह।

बिहार के मौजूदा विधानसभा चुनाव में मुख्य राजनीतिक दलों ने भले ही गिनती की महिलाओं को ही अपना प्रत्याशी बनाया हो, लेकिन वह सभी महिला मतदाताओं के लिए ही महाभारत कर रही हैं। उन्होंने जो बिहार के लिए कल्याण मॉडल पेश किया है, वह महिलाओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, विशेषकर मांओं व कामकाजी महिलाओं के। महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, मतप्रयोग प्रभाव और जमीनी प्रशासन ही उनके मॉडल के केंद्र में है। बहरहाल, कड़वा सच यह है कि महिलाओं को जब तक राजनीतिक सत्ता में उनकी संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं मिलने की, तब तक किसी मॉडल से उनका भला नहीं होगा और राजनीतिक हिस्सेदारी ही कोई पार्टी उनको देना नहीं चाहती, जैसा कि टिकट वितरण से स्पष्ट है।

### सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री जी की नाक के नीचे जानलेवा सिरप की आपूर्ति अस्पतालों, जेलों है, घरों तक हो रही है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय सुविधाजनक रूप से चुप्पी साधे बैठा है। अखिलेश यादव



बिहार के युवा बहुत मेहनती हैं। कुछ कर दिखाने का हौसला भी रखते हैं। लेकिन इस सरकार और सिस्टम की नाकामियां युवाओं के सपनों को अब तोड़ रही हैं। राहुल गांधी.



जो लोग अपने आप को गठबंधन कहते हैं बिहार की जनता उनको लठ-बंधन कहती है, वो सिर्फ लठ चलाना और झगड़ा करना जानते हैं। उनके लिए अपना स्वार्थ सब कुछ है। केशव प्रसाद मौर्य.



# सर्वशक्तिमान है ईश्वर

### अंतर्दृष्टि

ईश्वर सर्वशक्तिमान है। हमारी शक्तियों, संसाधनों, इच्छाओं और ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र में ईश्वर ही है। साधना के समय साधक को पूर्ण साहस और धैर्य रखना चाहिए। सिद्धि लाभ करने में कितना ही समय क्यों न लगे साधक को आकुल नहीं होना चाहिए। साधक को असाधारण धैर्य धारण करना चाहिए और यदि इस बीच में कोई अनर्थकारी घटना उपस्थित हो जाये तो भी साधक को घबरा कर साहस नहीं छोड़ देना चाहिए। सच्चिदानन्द परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, चाहे वे कितने ही भीषण गड्ढे में हमें क्यों न फेंक दें किसी न किसी दिन वहां से उबर कर वे हमें अपनी गोद में अवश्य लेलेंगे, यह खूब जानिये। साधक के लिए व्याकुलता और उत्तेजना त्याज्य है। पहले-पहले स्वच्छन्द प्रवृत्ति इस प्रकार आडम्बर खड़ा करती है कि साधक के मन में उठने लगता है कि खूब आगे बढ़ गये हैं पर जब अंत में विदित होता है कि लंगर पड़ी जहाज की भांति हम उसी जगह ज्यों के त्यों पड़े हैं और अंगुल मात्र भी आगे नहीं बढ़ सके हैं उस समय भीषण परिताप उपस्थिति होता है। जो साधक आत्मसमर्पण का व्रत ग्रहण करके भगवान के हाथों में अपने को समर्पित करके जितना निश्चिन्त तथा संतुष्ट हो सकेगा, उतनी ही शीघ्रता के साथ उसे सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। साधना अत्यंत कठिन काम है पर जो लोग आरम्भ में ही इसमें दृढ़ विश्वास करके इस पर निर्भर हो जाते हैं उनके लिये इसमें सरल कोई और मार्ग नहीं है। साधना के समय साधक को साहस और धैर्य रखने की आवश्यकता है। सिद्धि मिलने में कितना भी समय क्यों न लगे साधक को घबराना नहीं चाहिए। यहां तक कि यदि सिद्धि मिलने के पहले कोई अनर्थकारी घटना भी घट जाये तब भी घबराकर अपनी साधना नहीं छोड़ देनी चाहिए। भगवान सर्व शक्तिमान है इसलिए वे कितने ही भयंकर गड्ढे में चाहे क्यों न फेंक दें फिर भी किसी न किसी दिन वे हमारा वहां से अवश्य उद्धार करेंगे यह निश्चित है। साधक के लिए उत्तेजना और व्याकुलता भी छोड़ने जैसी है। कभी-कभी साधक को दिखाई देता है जैसे कि वह सिद्धि के क्षेत्र में बहुत दूर पहुंच गया है और कभी भी पीछे मालूम होने लगता है कि वह जहां का तहां है। तिलमात्र भी आगे नहीं बढ़ा। ऐसे अवसरों पर उत्तेजना या घबराहट आ जाती है लेकिन जिन लोगों का आत्म समर्पण का व्रत सम्पन्न हो चुका होता है। वे इन सबसे मुक्त रहते हुए निश्चिन्त और संतुष्ट रहते हैं और इसीलिए उन्हें सिद्धि भी शीघ्र ही प्राप्त होती है। यद्यपि साधना का काम अत्यंत कठिन है पर जो आरम्भ में दृढ़ विश्वास के साथ अग्रसर होते हैं उनके लिए यह मार्ग अत्यंत सरल हो जाता है क्योंकि दृढ़ता होने पर मनुष्य की प्रकृति साधना के अनुकूल है।

# धुन के पक्के साहित्यसेवी

### व्यंग्यलोक

साहित्य में जो लोग घर फूँक कर तमाशा देखा करते थे, पता नहीं आज वे लोग कहाँ गये। दरअसल वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परन्तु इनकी मुद्रा गम्भीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही परन्तु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बाँधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएँ निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी। वे बड़ी व्यवहारिक पत्रिकाओं में लिखने वाले लेखकों को व्यावसायिक माना करते थे तथा उन्हें हेय दृष्टि से देखा करते थे। जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे सम्पादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिये लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूँजीपतियों की धज्जियाँ उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गये। सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियाँ देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएँ केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुँच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुँच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हँसा करते थे। उन्हें हँसता देखकर वे लोग दाँत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। वे उनके खिलाफ अपनी लघु-पत्रिकाओं में सम्पादकीय लिखते तथा व्यावसायिक एवं साहित्यिक लेखन की बाँट बनाये रखते थे। इससे उनका एक वर्ग व ग्रुप भी बना रहता था। वे लोग धुन के पक्के तथा इरादों को साकार करने वाले थे। उनके घरों में चाहे खाद्यान्न का संकट हो या बच्चों की हालत विपन्न हो, परन्तु वे लोग साहित्य के लिये मर मिटा करते थे।



पूरन सरमा

# टेस्ट, एकदिनी, टी-20 के बाद क्रिकेट में चौथा फॉर्मेट




### खेल जगत

अभी तक क्रिकेट के तीन फॉर्मेट- टेस्ट, ओडीआई व टी-20 खेले जा रहे थे। लेकिन अब एक चौथा फॉर्मेट भी देखने को मिलेगा, जिसका नाम है- टेस्ट ट्वेंटी। इसका पहला पूर्ण सीजन जनवरी 2026 में खेला जायेगा, जिसमें छह हाई प्रोफाइल ग्लोबल फ्रैंचाइजी होंगी- तीन अंतर्राष्ट्रीय (दुबई, लंदन व अमेरिका का एक शहर) और तीन भारतीय (फ्रैंचाइजी की पसंद के शहर)। टेस्ट ट्वेंटी के दूसरे सीजन में महिला टीमें भी आपस में भिड़ेंगी। हर फ्रैंचाइजी में एक अगली पीढ़ी का सेलेब्रिटी स्टेकहोल्डर (स्टार-किड) भी होगा, जिसकी खोज जूनियर टेस्ट ट्वेंटी चैंपियनशिप (जेटीटीसी) के जरिये की जायेगी, जोकि वार्षिक प्रतियोगिता होगी, जिसमें 50 से अधिक देश हिस्सा लेंगे। यह चैंपियनशिप एक नये फॉर्मेट के जन्म से अधिक है। यह क्रिकेट में नये युग का उदय है, जिसमें कहानी सुनाना, टेक्नोलॉजी के साथ खेल के भविष्य को आकार देने के जैसा होगा। टेस्ट ट्वेंटी को चैंपियनशिप के रूप में विकसित किया गया है यानी जानबूझकर लीग के विचार से दूर हटा गया है।

फॉर्मेट से अधिक, टेस्ट ट्वेंटी यूथ-फर्स्ट ग्लोबल आंदोलन है, जो दुनिया के हर कोने के 13 से 19 वर्ष तक के युवा क्रिकेटरों के लिए अवसर के दरवाजे खोलता है। खिलाड़ियों का मूल्यांकन पूर्णतः स्किल, डाटा और मेरिट पर मल्टी-टियरड, एनालिटिक्स-आधारित चयन प्रक्रिया से होगा, जोकि फ्रैंचाइजी चयन के लिए कुलीन नीलामी पूल की ओर लेकर जायेगी। जो नीलामी तक नहीं पहुंच पायेंगे वह टेस्ट ट्वेंटी इकोसिस्टम के भीतर ही रहेंगे, ट्रेनिंग, मेंटरशिप व संसाधन पाते हुए ताकि हर सीजन में अधिक मजबूती के साथ लौट सकें। ग्लोबल नीलामी पूल में टॉप 300 खिलाड़ियों को लिया जायेगा, जिनमें से हर फ्रैंचाइजी 16 खिलाड़ियों का दल तैयार करेगी, जिनमें 8 भारतीय और 8 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे, जिससे क्रिकेटिंग संसार की विविध प्रतिभा एक साथ आ सकेगी। नीलामी के दौरान कुल 96 खिलाड़ियों को ड्राफ्ट किया जायेगा और शेष 204 वाइल्डकार्ड पूल में होंगे, जिन्हें बीच सीजन में चयन किये जाने का अवसर मिल सकता है। टेस्ट ट्वेंटी टेस्ट क्रिकेट की रणनीतिक गहराई का मिश्रण टी-20 की गति व रोमांच से करती है। यह फॉर्मेट 80 ओवर का होगा। प्रति साइड 20 ओवर की दो पारियां होंगी और पहली पारी का स्कोर अगली पारी में जायेगा। हर टीम दो बार बल्लेबाजी करेगी, जैसा कि टेस्ट मैच में होता है। इससे खेल में योजना बनाना आवश्यक हो जायेगा और खेल संक्षिप्त, गतिशील और ब्रॉडकास्ट फ्रेंडली रहेगा। दोनों टेस्ट व टी-20 के नियम लागू होंगे, कुछ नये संशोधनों के साथ जोकि नये फॉर्मेट के अनुरूप होंगे। मैच में जीत, हार, टाई व ड्रा में समाप्त हो सकता है, जिससे हर मुकाबले में क्रिकेट का पूर्ण नाटक व अनिश्चितता बरकरार रहेगी। यह ऐसा फॉर्मेट है, जिसमें हर ओवर और हर निर्णय का महत्व होगा। इसके प्रमोटर्स का कहना है कि वह क्रिकेट के भविष्य को दिशा देते हुए उसकी विरासत को सुरक्षित रख रहे हैं। टेस्ट ट्वेंटी टेस्ट क्रिकेट के जज्बात, कला व संघर्ष को एक दिन में मुकम्मल करने का प्रयास है। कुछ साल पहले कपिल देव और सचिन तेंदुलकर ने ओडीआई को 25-25 ओवर की चार पारियों में विभाजित करने का सुझाव दिया था, जिसमें हर टीम दो पारी खेलती और अपने पहली पारी के स्कोर को दूसरी पारी में लेकर जाती। इससे ओडीआई को दिलचस्प व गतिशील बनाने का प्रयास था। इनके सुझाव को माना नहीं गया। अब कुछ संशोधन के साथ उसे ही लाया जा रहा है। क्रिकेट लीजेंड एबी डेविलियर्स का कहना है, 'मैं वास्तव में यकीन करता हूं कि यह चैथा फॉर्मेट खेल को नया आयाम देगा।

हममें से बहुत ने टी-20 फॉर्मेट का वर्षों से आनंद उठाया है, लेकिन इसके बावजूद टेस्ट क्रिकेट से हमें विशेष प्यार है और हम चाहते हैं कि यह हमेशा खेला जाये व इसका आनंद लिया जाये। यह नया फॉर्मेट मुझे अच्छा विचार व स्मार्ट समाधान प्रतीत होता है। टेस्ट ट्वेंटी किसी भी सूरत में टेस्ट क्रिकेट की जगह लेने का प्रयास नहीं कर रही है, वह उसे शुद्ध करना चाहती है और अगली पीढ़ी के लिए उसकी पुनः कल्पना करना चाहती है। मेरा मानना है कि यह सफल होगी। टेस्ट ट्वेंटी दोनों फोर्मट्स के बेहतर तत्वों को अपने अंदर समाये हुए है और यह नये क्षितिज को स्पर्श करेगा।' एबी डेविलियर्स की तरह वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लायड भी नये फॉर्मेट के एम्बेसडर व बोर्ड सलाहकार हैं। **सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### अपराधियों में हो कानून का डर

बढ़ते अपराध को रोकने के लिए यह जरूरी है कि हर अपराधी कानून से डरे। इसके लिए अगर कानूनी तौर तरीकों से बुलडोजर चलाना हो, तो बेशक सरकार को चलाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सौर ऊर्जा का बढ़ता महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पांच जुआरी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए 5 अभियुक्तों को 3970 रुपये व 52 ताश के पत्ते सहित गिरफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में जुआ एवं सट्टे की प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना नगला सिंघी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगला सिंघी से ग्राम धीरपुरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर जुआ खेलते हुए पांच अभियुक्तों बबलू कुमार पुत्र जयंती प्रसाद कमल सिंह पुत्र भोलाराम रामप्रकाश पुत्र तारा सिंह अनीत पुत्र विशेश्वर भुपतराम पुत्र सोनपाल को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी गई है।

## 4 जुआरी धरे गये

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने आज चार जुआरियों को जुआ खेलते हुए दबोच लिया, पुलिस ने इनके कब्जे से 2960 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। सुरीर थानाध्यक्ष अजय कुमार और उपनिरीक्षक वीरेश कुमार जादौन अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कराहरी गांव के एक निर्माणाधीन अस्पताल के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा और हुक्म सिंह, विजेंद्र, मुंशी तथा नेमसिंह को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। ये सभी कराहरी गांव के निवासी हैं पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## शराब ठेकेदारों ने एमआरपी से अधिक वसूली कीमत

**मथुरा।** दिवाली पर शराब की निर्धारित से ज्यादा कीमत वसूलने के मामले में अब आबकारी अधिकारियों की नींद टूट गई है। आबकारी अधिकारियों ने ठेकों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग लाने के निर्देश आबकारी निरीक्षकों को दिए हैं। जांच के बाद ज्यादा कीमत वसूलने वाले सभी शराब ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। दिवाली पर शराब और बीयर की दुकानों पर एमआरपी से अधिक वसूली की गई। मीडिया ने इसकी पड़ताल कर बुधवार के अंक में शराब ठेकेदारों की दिवाली३कीमत से ज्यादा की वसूली शीर्षक से खबर प्रकाशित की। खबर प्रकाशित होने के बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई।

# जिला जेल में पहुंचीं बहनें बंदियों को लगाया तिलक



**मथुरा।** बंदियों को उनकी बहनों से मुलाकात के लिए भाई दूज पर विशेष व्यवस्था की गयी थी। सुबह से ही बहिनों की जेल गेट पर भीड़ लगने लगी थी। जेल में निरुद्ध चल रहे अपने भाइयों के तिलक करने आई बहनों के लिए टेंट और पानी की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। बहनों को उनके भाइयों से ग्रुप में मुलाकात कराई। जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रखा था।

गुरूवार को भाई दूज पर अपने भाई के माथे पर तिलक करने के लिए सुबह से ही बहनें जिला कारागार के बाहर लाइन में लग गई। बहनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए जेल प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्था की। पेयजल, टेंट के साथ ही बहनों के साथ आने वाले बच्चों के लिए भी बैठने की अलग व्यवस्था की गई। लाइन में लगने के कारण किसी बहन को तबीयत खराब न हो इसके लिए जेल प्रशासन की मेडिकल टीम मुस्तैद रही। जिला कारागार प्रशासन ने चेकिंग में कोई ढील नहीं दी, हालांकि बहनों की चेकिंग के महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। इसके साथ ही चेकिंग के अलग काउंटर भी बनाए गए, ताकि चेकिंग के कारण भाई-बहन की मुलाकात में कोई बाधा उत्पन्न हो।

जिला कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि पूर्व की अपेक्षा इस बार अपने भाइयों से मिलने आने वाली बहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। सभी की रजिस्टर में एंट्री के बाद प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर बाहर से 1561 महिला एवं 648 बच्चे इस प्रकार कुल 2209 परिजन अपने कुल 848 बंदियों से मुलाकात हेतु कारागार पर आये। 10 पुरुष भी बाहर से कारागार में निरुद्ध अपनी बहनो से टीका करवाने कारागार पर आये उनकी मुलाकात भी करायी गयी। उक्त के अतिरिक्त 02 बहन जिनके भाई जिला कारागार मथुरा में ही निरुद्ध थे उनकी भी मुलाकात कराकर टीका करवाया गया। भाई दूज का त्योहार सकुशल कारागार में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कारागार अधिकारी जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी व डा. उत्पल सरकार कारापाल सुरेंद्र मोहन सिंह, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, रवीन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह व उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के आगरा मंडल सचिव सचिव कपिल देव शर्मा, अचल तिवारी, मुकुल शर्मा, महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा-भक्ति से हुआ गिर्राज पूजन और अन्नकूट प्रसाद का वितरण

**मथुरा।** महोली रोड स्थित ईस्ट प्रताप नगर में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ गिर्राज पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित अन्नकूट प्रसाद वितरण में क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में भक्तों ने गिर्राज धरण की जयकारों के मध्य सप्त परिक्रमा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



बुधवार प्रातः से ही स्थानीय लोग आयोजन की तैयारियों में जुट गए थे। सभी ने सामूहिक रूप से सर्वप्रथम गोबर से गिर्राज जी की छवि बनाई और बाद में उनका हीरे-मोती, आभूषण, अबीर-गुलाल, पुष्प-माला आदि से भव्य श्रृंगार किया। शाम को अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। भक्त अपने आराध्य की एक झलक पाने को लालयित दिखे। भक्तों ने गिर्राज जी का पूजन कर परिक्रमा की। इस दौरान छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज, मेरे गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहयो आदि भजनों पर भक्तों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। सभी ने प्रति वर्ष ऐसे ही आयोजन में सहयोग करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर बलदेव सिंह, सहयोगकर्ता सुभाष अग्रवाल, रामनरेश शर्मा, शिवकुमार तोमर हरि बोल, पत्रकार राजकुमार तोमर, पार्षद कुलदीप पाठक, निरंजन अग्रवाल, विक्की छौंकर, अनिल चैधरी, हरिओम चैधरी, दिनेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, बीएस चैधरी , राजकुमार शर्मा, राजेश गोयल, उमेश गौतम, रोनू शर्मा, रश्मि कुलश्रेष्ठ, कुंजबिहारी गौतम, मोहित वार्ष्णेय, गौरव अग्रवाल सीपी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान 05 के तहत किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान के क्रम में गुरुवार को जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्कूलों कॉलेजों एवं विभिन्न संस्थानों में रैली संगोष्ठी नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से छात्र-छात्राओं महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु थाना मटसैना के ग्राम रुपवास थाना फरिहा के ग्राम रानीपुर, थाना रजावली के ग्राम खुशहालपुर थाना लाइनपार के लेबर कॉलोनी, थाना नगला खंगर के कस्बा नगला खंगर आदि में महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया गया।

## चोरी की बाइक तमंचा सहित 2अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को चोरी की गयी मोटर साइकिल एवं अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा थाना नारखी पर मोटर साइकिल चोरी किये जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों प्रशांत पुत्र रामनरेश व प्रबल उर्फ प्रदीप पुत्र विजेन्द्र सिंह को आतिपुर गांव जाने वाले रास्ते से चोरी की गयी मोटर साइकिल स्पलेन्डर प्लस नं0 यूपी 83 बी0पी0 9810, एवं कब्जे से एक अवैध तंमचा मय 04 जिन्दा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।



# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों की दीर्घायु की कामना की, रक्षा का लिया संकल्प

**मथुरा।** फरह और अरनिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। यम द्वितीया के अवसर पर, बहनों ने भाइयों के घर पहुंचकर थाली में धूप, दीप सजाए। उन्होंने चावल, फूल और केसर से तिलक लगाकर ईश्वर से भाइयों की दीघार्यु की प्रार्थना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस पर्व पर बाजारों में काफी रौनक देखी गई। फरह कस्बे में दूर-दराज से आई बहनों और भाइयों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर तिलक लगवाया। मिठाई की दुकानों पर सुबह से शाम तक भीड़ रही, जहां बहनों ने भाइयों के लिए मिठाइयां खरीदीं। भाई दूज के कारण बाजारों में यातायात जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे, जिससे कुछ हद तक राहत मिली। अरनिया क्षेत्र में बहनों को भाइयों तक पहुंचने के लिए यात्री वाहनों का घंटों इंतजार करना पड़ा। परिवहन व्यवस्था सुचारु न होने के कारण कई बहनों को दोपहर बाद ही तिलक लगाने का अवसर मिला। सुबह शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बहनों ने तिलक लगाना शुरू कर दिया था, लेकिन सार्वजनिक वाहनों की कमी के चलते कई बहनें समय पर नहीं पहुंच पाईं। जिन बहनों के पास अपने निजी साधन थे, वे सुबह नौ बजे तक भाइयों के माथे पर तिलक लगा चुकी थीं।



# भाजपा एमएलसी ने चलती गाड़ी से आतिशबाजी कर किया यातायात के नियमों का उल्लंघन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल के विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार का दिवाली के अवसर पर चलती गाड़ी के सनरूफ से निकलकर आतिशबाजी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 15 सेकेंड का वायरल वीडियो दिवाली की रात का बताया जा रहा है। डस्ब योगेश नौहवार एक लग्जरी डिफेंडर कार के सनरूफ से बाहर खड़े होकर एक हाथ में स्काई शॉट्स टाइप की आतिशबाजी चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, खासकर उनके खुद के फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किए जाने के बाद वायरल हुआ। जिस डिफेंडर गाड़ी (नंबर यूपी 85 टी 0001) से आतिशबाजी की जा रही है, उस पर ह्लविधायकह्ल लिखा हुआ है। यह गाड़ी उन्हीं की बताई जा रही है। वीडियो में दिख रहा है कि एमएलसी जिस इलाके से गुजर रहे हैं, वह रिहायशी है और उस दौरान सड़क से अन्य वाहन और बाइक सवार युवक भी गुजर रहे हैं, जिनमें से कुछ वीडियो बनाते भी दिख रहे हैं। चलती गाड़ी में रिहायशी इलाके से गुजरते हुए खुले आसमान में आतिशबाजी करने के इस तरीके को लेकर सोशल मीडिया पर सुरक्षा और जिम्मेदारी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि चलती गाड़ी से आतिशबाजी करना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे किसी भी अप्रिय घटना या हादसे का गंभीर खतरा भी हो सकता था, जिसके लिए कौन जिम्मेदार होता? यह वीडियो अब मथुरा प्रशासन और जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले पर अभी तक एमएलसी या प्रशासन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## पराली जलने पर ग्राम विकास अधिकारी समेत दो कर्मी निलंबित

**मथुरा।** जिले में किसानों द्वारा पराली (फसलों के अवशेष) जलाने की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने पर बृहस्पतिवार को एक ग्राम विकास अधिकारी समेत दो कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है तथा कई तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने गांवों का भ्रमण कर छाता, मांट एवं गोवर्धन के तहसीलदारों तथा क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है। उन्होंने बुखरारी गांव के ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार को निलंबित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इसी तरह जिलाधिकारी के निर्देश पर उप कृषिनिदेशक ने भी छाता तहसील के उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी के अधीन कार्य करने वाले प्राविधिक सहायक नरेंद्र पाल सिंह को निलंबित कर जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने किसानों से भी पराली को खेतों में जलाए जाने के बजाए गौशालाओं को दान कर देने अथवा विक्रय कर देने का विकल्प चुनने की सलाह दी है।

# ब्रजरज उत्सव में झूमेगा ब्रज, गूंजेंगी भक्ति और संस्कृति की स्वर लहरियां




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली पर इस बार ब्रज रज उत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की आवाज और कला का जादू बिखरेगा। गीत-संगीत और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से देश के नामचीन कलाकार भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे। धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर 26 अक्टूबर से शुरू हो रहे ब्रज रज उत्सव में इस वर्ष भक्ति संगीत के साथ ब्रज संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

उत्सव के मुख्य आकर्षण अतिथि कलाकारों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इनमें हेमा मालिनी, पुनीत इस्सर, कन्हैया मित्तल, यास्मीन सिंह, रमा वैधनाथन, मिस्सी बासु, स्वप्रिल रास्ते और पद्मश्री मनोज जोशी जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। ये सभी अपनी-अपनी विधा के अनुरूप मुख्य मंच पर शाम 7 बजे से प्रस्तुति देंगे। ब्रज रज उत्सव का शुभारंभ 26 अक्टूबर को यास्मीन सिंह की नृत्य नाटिका ह्वद डिवाइन कृष्णा से होगा, जबकि समापन 5 नवंबर को भव्य कवि सम्मेलन के साथ किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कवि अपनी ओजस्वी और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे तथा वीर रस की कविताओं से देशभक्ति का संदेश देंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र ने बताया कि पिछले साल की भांति प्रतिदिन विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा तथा दर्शकों के लिए विशाल पंडाल में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा उत्सव में मनोरंजन, खानपान और हस्तशिल्प की स्टॉल भी रहेंगी।

# पटाखे चलाने के विवाद में महिला की मौत



**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत गांव जैत में भैया दूज खिलाने आई एक बहन की पटाखे चलाने को लेकर हुए झगड़े में मृत्यु हो गई। जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतका गर्भवती थी। घटना के संबंध में साधना के पिता ने जैंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव जैंत में इंडियन ओवरसीज बैंक के पास टीकेंद्र गौतम की पुत्री साधना अपने पति भौमिक के साथ बुधवार की सायं को अपने मायके गांव जैंत में भैया दूज करने के लिए अपने मायके आई हुई थी। रात में वह सब लोग पटाखे चला रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले मनोहर के स्वजन विरोध करने लग गए। जबकि वह पटाखे अपने घर में चला रहे थे। इसी बात को लेकर कहासुनी और झगड़ा होने लगा। आरोप है कि मनोहर एवं उसके भाई हुकुम सिंह के लड़कों ने उनसे मारपीट कर दी। मारपीट में साधना को लाठी डंडों और ईटों से मारा। साधना वही बेहोश होकर गिर पड़ी। जबकि उसकी मां सरोज देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजनों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां साधना ने दम तोड़ दिया। जबकि उसकी मां सरोज जिंदगी एवं मौत से जूझ रही है। साधना के दो भाई सनी एवं करनी है। बताते हैं की साधना करीब चार-पांच माह की गर्भवती भी थी। घटना के संबंध में टीकेंद्र गौतम ने मनोहर के लड़के सचिन, विपिन एवं हुकुम सिंह के पुत्र विकास जितेंद्र सहित 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घटना को लेकर दोनों परिवारों में तनाव बना हुआ है। सीओ संदीप कुमार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करवा ली गई है। आरोपियों को गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

## भैया दूज व छठ पूजा को लेकर आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान



**टूंडला।** सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए रेलवे स्टेशन टूंडला पर दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर रेलवे सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन मे आरपीएफ एवं जीआरपी पुलिस स्टॉफ ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बाहर से आने जाने वाले रेल यात्रियों पर कड़ी नजर रखी गई। भैया दौज एवं छठ पूजा को लेकर आरपीएफ-जीआरपी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वेटिंग रूम, टिकट घर, सभी प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में चेकिंग की गई। तथा बाहर से आने जाने वाले संदिग्ध लोगों पर पुलिस स्टॉफ द्वारा पूछताछ की गई। तथा रेल यात्रियों को ट्रेन में यात्रा करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति से खानपान की वस्तु न लेने की जानकारी दी। तथा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर आरपीएफ कम्पनी कमांडर अवधेश गोस्वामी, एसएसआई मुकेश उपाध्याय, एएसआई विनोद गौतम, एलआईओ सुभाष गुज्जर, अनेक सिंह, राजुकमार चौधरी, गंगाधर सिंह आदि के अलावा पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## खाली ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचायी जान



**मथुरा।** फरह क्षेत्र में भीम नगर के पास हाईवे पर चलते एक ट्रक में अचानक लग गई। आग लगने के कारण आगरा, मथुरा हाईवे की एक लेन कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गई। मौके पर हाइवे पेट्रोलिंग, पुलिस ओर फायर बिग्रेड की टीमें पहुंच गई। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। गुरुवार को भईया दूज होने के कारण हाइवे पर वाहनों का ज्यादा ही आवागमन था तभी एक ट्रक सिलीगुडी से गुडगांव जा रहा था भीम नगर के पास पहुंचते ही चलते ट्रक की केबिन में आग लग गई और थोडी देर बाद केबिन में धुआं ही धुआं हो गया। चालक ने ट्रक को हाइवे किनारे लगाकर कूद कर अपनी जान बचाई। पिपोली, औरैया निवासी चालक भूपेंद्र ने बताया कि ट्रक खाली था शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी, आग लगने से ट्रक भी बंद हो गया था जिसे बड़ी मुश्किल से हाईवे किनारे लगाया गया, मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फायर बिग्रेड टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक तर्क पूरी तरह जल चुका था, हाइवे पेट्रोलिंग टीम के साथ पहुंचे डाक्टर, जगवीर ने बताया कि ट्रक जल गया था लेकिन चालक सुरक्षित है, पुलिस चैकी इंचार्ज तेजेन्द्र सिंह ने बताया कि हाइवे यातायात सुचारू है।

# यम की फांस से मुक्ति के लिए भाई-बहनों ने लगायी यमुना में डुबकी

**मथुरा।** गुरूवार को यमुना में भाई दूज पर यम द्वितीया का स्नान हुआ। बहनों ने यम की फंस से मुक्ति दिलाने के लिए अपने अपने भाईयों के साथ स्नान कर उनकी दीघार्यु की कामना की। बुधवार देर रात से गुरूवार शाम तक यमुना घाटों पर भाई-बहनों का हुजूम उमड़ता रहा। भारतवर्ष में भाई-बहन का एकमात्र मंदिर है। स्नान करने के बाद भाई-बहन इस मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। यमुना स्थान के दौरान किसी अनहोनी से बचने के लिए गोताखोर और अन्य पुलिस बल सतर्क रहे। यम द्वितीया पर गुरुवार विश्राम घाट तड़के ही लोग यमुना स्नान के लिए आने लगे और जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया वैसे-वैसे स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढती गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने परिवारों के साथ यमुना स्थान के लिए पहुंचने लगे। यम द्वितीया पर भाई बहनों के एक साथ यमुना स्थान के विशिष्ट महत्व को देख गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में भाई बहनों की जोड़ियां यमुना स्नान के लिए पहुंची। भाई बहनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ कर यमुना में डुबकी लगाई और यम फंस से मुक्ति की कामना की। यमुना स्थान के पश्चात पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई और बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका किया।



मान्यता है यमुना तट पुण्य विश्राम घाट पर भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी यमुना महारानी एवं उनके भाई धर्मराज का प्राचीन मंदिर है। मंदिर के सेवायत के अनुसार यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां यमराज और उनकी बहन यमुनाजी एकसाथ विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि यमुना महारानी का यह प्रथम घर है। यमुनाजी के घर जब उनके भाई यमराज आए तो उनका बहन ने सत्कार किया। जब यमराज जाने लगे तो बहन यमुनाजी ने उनका टीका किया। यमराज ने प्रसन्न होकर बहन से वरदान मांगने को कहा। इस पर यमुनाजी ने भाई से भक्तों के कल्याण के लिए वरदान मांगा कि भाईदूज के दिन मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना में स्नान कर पूजन करेगा और उनके मंदिर में आकर पूजन कर आशीर्वाद लेकर वह यमलोक न जाकर बैकुंठ लोक जाए। इस पर यमराज ने बहन को यह वरदान दिया। तभी से बहन यमुना के यहां आए यमराज को धर्मराज कहा जाता है। मंदिर के सेवायत रामकुमार ने बताया कि मंदिर में यमुना महारानी के चार भुजा है। इनमें एक हस्त में कमल, दूसरे भाई के लिए टीका, तीसरे हाथ में भोजन की थाली और चैथे हाथ में वह संकल्प ले रही हैं। यमुना के बराबर में विराजित धर्मराज के एक हाथ में दंड और दूसरे हाथ में यमुना महारानी को संकल्प दे रहे हैं। यमुना जी को वस्त्र, श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र अर्पित करते हैं। लाइफ्तगार्ड जैकेट पहने सुरक्षा कर्मी और गोताखोर लगातार स्टीमर के साथ यमुना में गश्त करते रहे।

## पराली जलाने वाले किसानों को भेजा गया जेल

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद मथुरा में पराली जलाने की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न तहसीलों में पराली जलाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि आज दिनांक 23 अक्टूबर 2025 को तहसील छाता में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु गई राजस्व टीम से कई किसानों द्वारा झगडा फसाद किया गया, जिसके दृष्टिगत शांति भंग करने पर 5 को जेल भेजा गया, 06 को बाउंड डाउन किया गया तथा 1 पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई है। तहसील मांट में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि ग्राम खायरा में पराली जलाने की घटना पर राधेश्याम का 1 ट्रैक्टर सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि नौहझील क्षेत्र में राजाराम पुत्र सुमेरा को बाउंड डाउन किया गया है। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजकता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि गोवर्धन तहसील क्षेत्र में पराली जलाने के प्रकरणों में 3 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151 के अंतर्गत चालान किया गया है। उप जिलाधिकारी सदर / जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील मथुरा क्षेत्र में 2 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है जिसमें पप्पी पुत्र सरदार सिंह निवासी तोष थाना जैत व लाखन पुत्र देशराज निवासी तोष थाना जैत है। उन्होंने बताया कि 1 अन्य व्यक्ति की तलाश की जा रही है, जिन्हें भी पराली जलाने के अपराध में जेल भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि पराली जलाने की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सतत निगरानी रखते हुए पराली जलाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे पराली न जलाएं तथा कृषि अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के उपाय अपनाएं, जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके और पर्यावरण की रक्षा हो।

संक्षेप

## स्टोवक्राफ्ट का 2027 तक 500 एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने का लक्ष्य

बेंगलुरु। स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने अपना रिटेल फुटप्रिंट बढ़ाने की योजना का एलान किया है। कंपनी ने अप्रैल, 2027 तक 500 एक्सक्लूसिव स्टोर का लक्ष्य रखा है। पीजन, गिलमा और ब्लैक+डेकर जैसे लोकप्रिय ब्रांड स्टोवक्राफ्ट के ही हैं। कंपनी ने हाल ही में 300 से ज्यादा स्टैंडअलोन और एक्सक्लूसिव स्टोर का पड़ाव पार किया है। इनमें इसके फ्लैगशिप ब्रांड पीजन की अहम हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि स्टोवक्राफ्ट के मजबूत विकास और भारतीय परिवारों के साथ इसके गहरे जुड़ाव को दिखाती है। 300 स्टोर का पड़ाव पार करने का हमें गर्व है, लेकिन यह सिर्फ शुरूआत है। हम पूरे भारत में, विशेष रूप से उत्तर एवं पश्चिम भारत में एक्सक्लूसिव स्टोर्स का मजबूत नेटवर्क बनाने पर फोकस कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य 2027 तक 500 एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने का है। इसमें हम फ्रेंचाइज मॉडल अपनाएंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## कलाकारों ने साझा कीं भाई दूज वाली कहानियां

मुंबई। भाई दूज, जो भाई-बहन के पवित्र बंधन का सुंदर उत्सव है, कई लोगों के लिए भावनाओं से भरा त्योहार है। परंपराओं और रीतियों से परे, उपहारों का आदान-प्रदान स्नेह, कृतज्ञता और अटूट रिश्ते का प्रतीक है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, एंडटीवी की कलाकार हिमानी शिवपुरी (हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी) ने अपने सबसे यादगार भाई दूज उपहारों और उनसे जुड़ी प्यारी यादों को साझा किया।हिमानी शिवपुरी, जो के हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं, बताती हैं, भाई दूज मेरे लिए सबसे प्रिय त्योहारों में से एक है, जो भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत बनाता है।

## उपभोक्ताओं को आकर्षित करेंगी एक्स सीरीज रेंज

बंगलुरु। मैकडॉवेल्स की एक्स सीरीज को युवा और जिंदादिल लोगों के लिए तैयार किया गया है जो खेल और नए अनुभवों को अपनाते हैं। नवंबर 2024 में लॉन्च की गई, एक्स सीरीज रेंज अगली पीढ़ी के उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए बनाई गई है, जो पारंपरिक से हटकर एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है। इस पोर्टफोलियो में एक बहुपयोगी कलेक्शन है।

## सीमा विरमानी ने भजनों ने मोहा मन

अयोध्या।दीपोत्सव और धनतेरस की पावन बेला पर अयोध्या नगरी भक्ति और संस्कृति की उजास से जगमगा उठी। देश-विदेश से आए कलाकारों ने इस अवसर पर अपने नृत्य एवं गायन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में गायिका सीमा विरमानी ने अपने सहकलाकारों के साथ भक्ति और लोकसंगीत की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा पांडाल राममय हो उठा। सीमा विरमानी की सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में उनके साथ मंच साझा किया पूनम (सहगायन), अमित, रंजीत एवं विशाल ने जिन्होंने अपने वाद्य-संगीत से प्रस्तुतियों में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया और दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की।

## सोशल खोल रहा है कॉरपोरेट हेल के दरवाजे

लखनऊ। इस हैलोवीन, सोशल ऑफिस बर्नआउट को बना रहा है सबसे डरावना लेकिन मजेदार नाइट अनुभव! यह कैफे-बार मेहमानों को आमंत्रित करता है कॉरपोरेट हेल में – एक डार्क कॉमेडी की तरह तैयार की गई थीम, जहाँ कब्रों पर लिखे हैं मिस्ड टारगेट्स, हड्डियों के कंकाल याद दिलाते हैं अनपेड ओवरटाइम्स की, और डांस फ्लोर पर आपकी सबसे बड़ी के पी आई होगी। कितना धमाल मचाया! यह थीम आधुनिक वर्क कल्चर की थकान और बर्नआउट की कहानी कहती है – हमेशा ऑनलाइन रहने का दबाव, अनगिनत नोटिफिकेशन्स और अम्बिशन के नाम पर छिपा स्ट्रेस। सोशल इस बोझ को हंसी, संगीत और सामूहिक कैथार्सिस में बदल देता है, ताकि सब मिलकर उस कॉरपोरेट हाहाकार पर खुलकर हंस सकें, नाच सकें और थोड़ी राहत पा सकें।

# सेंसेक्स में 130 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें बढ़ने के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में बृहस्पतिवार को लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुए।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 130 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 23 अंक की तेजी रही। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गए थे लेकिन अंतिम घंटे में मुनाफावसूली हावी होने से अपनी अधिकांश बढ़त को गंवा बैठे। दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक प्रतिशत से ज़्यादा की गिरावट से भी बाजार की तेजी थम गई। इसके बावजूद घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे दिन बढ़त लेने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 130.06 अंक यानी 0.15 प्रतिशत चढ़कर 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 863.72 अंक बढ़कर 85,290.06 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत बढ़कर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में सर्वाधिक 3.86 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और टेक महिंद्रा भी लाभ में रहे। हालांकि, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में गिरावट रही। घरेलू शेयर बाजारों की शुरुआत सकारात्मक रही लेकिन रूस की दो पेट्रोलियम कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता स्थगित होने की आशंका के बीच निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी जिससे शुरुआती बढ़त कम हो गई। हालांकि, एच- 1बी वीजा पर डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख के बाद धारणा में सुधार होने से आईटी शेयरों में तेजी आई। संभावित भारत-अमेरिका समझौते और उपभोक्ता मांग में वृद्धि होने से घरेलू बाजार की आंतरिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि त्योहारी मांग, आयकर छूट और जीएसटी में कटौती के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में आय में सुधार की उम्मीदों से उत्साहित होकर विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) धीरे-धीरे भारतीय बाजारों में लौट रहे हैं। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मिडकैप में 0.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई-केंद्रित आईटी खंड सर्वाधिक 2.36 प्रतिशत चढ़ गया जबकि आईटी खंड में 2.26 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड में 1.17 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 0.36 प्रतिशत की बढ़त रही।

# रुपया सात पैसे बढ़कर 87.86 प्रति डॉलर पर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मजबूती के रुख और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद जगने के बीच जोखिम-लेने की धारणा बढ़ने के चलते बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 87.86 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ क्योंकि इस बात की चर्चा बढ़ रही है कि भारत और अमेरिका एक लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच रहे हैं।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 87.80 पर खुला और 87.96 के निचले स्तर को छूने के बाद 87.86 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की तेजी है। सोमवार को, रुपया डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 87.93 पर बंद हुआ था। दिवाली और दिवाली बलिप्रतिपदा के कारण क्रमशः मंगलवार और बुधवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहे। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, निवेशक आगे की दिशा के लिए वैश्विक संकेतकों, अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक संकेतों पर नजर रखेंगे। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर व्यापार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। यह बातचीत दोनों पक्षों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच हो रही है, जो वाशिंगटन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद तनाव में हैं। मंगलवार को हुई इस बातचीत के बाद अपनी टिप्पणी में, ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को महान बताया और बिना विस्तार से बताए कहा कि दोनों पक्ष कुछ महान सौदों पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, ट्रंप ने अपने इस दावे को दोहराया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया है और साल के अंत तक इसे लगभग शून्य कर देगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह एक प्रक्रिया है और इसमें कुछ समय लगेगा। इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.04 पर कारोबार कर रहा था।

## कोल इंडिया की इकाई एसईसीएल की 12 खनन परियोजनाएं निर्धारित समय से पीछे

नयी दिल्ली। कोल इंडिया की इकाई एसईसीएल की 12 कोयला खनन परियोजनाएं पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण में देरी जैसे कारणों से निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं। सरकार के आयात कम करने के लिए घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के बीच ये परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) एक मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, उक्त परियोजनाओं में से तीन खदानों की लागत 500 करोड़ रुपये और उससे अधिक है। पांच की लागत 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक लेकिन 500 करोड़ रुपये से कम है। दो की लागत 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक लेकिन 150 करोड़ रुपये से कम है। एक की लागत 50 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 100 करोड़ रुपये से कम है। वहीं एक की लागत 20 करोड़ रुपये से उससे अधिक लेकिन 50 करोड़ रुपये से कम है। इनमें से कुछ परियोजनाएं अमादंड खुली खदान, आमगांव खुली खदान परियोजना और विजय पश्चिम भूमिगत खदान हैं। हालांकि, 18 परियोजनाएं निर्धारित समय पर चल रही हैं। एसईसीएल में कुल 30 चालू परियोजनाएं (18 परियोजनाएं निर्धारित समय पर तथा 12 परियोजनाएं विलंबित हैं) कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

## अर्थव्यवस्था 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी



नयी दिल्ली। बढ़ती मांग एवं नीतिगत सुधारों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बृहस्पतिवार को अनुमान लगाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। कम मुद्रास्फीति, क्रय शक्ति में सुधार के साथ खर्च बढ़ाने में योगदान देगी। भारत आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है जो डेलॉयट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर औसतन 6.8 प्रतिशत बनी हुई है। त्योहारों के दौरान मांग में वृद्धि उपभोग व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि से होने की संभावना है। इसके बाद मजबूत निजी निवेश की उम्मीद है क्योंकि व्यवसाय अनिश्चितताओं का सामना करने और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह भी अनुमान है कि भारत साल के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ एक समझौता कर लेगा जिससे समग्र निवेश धारणा में सुधार होने की उम्मीद है। पहली एवं तीसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि से समग्र वार्षिक वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में हालांकि वृद्धि, वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील बनी हुई है। बढ़ती व्यापार अनिश्चितताएं और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने में भारत की असमर्थता, ऐसे संभावित जोखिम हैं जो भारत की आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच पर प्रतिबंध और पश्चिमी देशों में उच्च मुद्रास्फीति, भारत में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं।

## साल 2024 में डिजिटल भुगतान की हिस्सेदारी 99.7 प्रतिशत रही

मुंबई। देश में कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान भुगतान प्रणाली में मात्रा के हिसाब से डिजिटल भुगतान लेनदेन 99.7 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि यह प्रवृत्ति 2025 की पहली छमाही में भी जारी रही।

रिजर्व बैंक की जून, 2025 की अर्धवार्षिक भुगतान प्रणाली रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हाल के वर्षों में भुगतान प्रणाली में काफी तेजी से वृद्धि हुई है। देश में भुगतान प्रणाली कई प्रकार के तरीकों का समूह है, जो उपयोगकर्ताओं की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इनमें कागज आधारित साधन जैसे चेक और डिजिटल भुगतान प्रणाली दोनों शामिल हैं। डिजिटल भुगतान प्रणालियों में एनईएफटी, आईएमपीएस, आरटीजीएस, एनएसीएच, डेबिट और क्रेडिट कार्ड, प्रीपेड भुगतान उपकरण और यूपीआई शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सभी प्रकार के भुगतान में वृद्धि हो रही है, सिवाय कागज आधारित साधनों के। मूल्य के हिसाब से चेक कुल लेनदेन का केवल 2.3 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2019 में कुल 3,248 करोड़ भुगतान हुए थे, जो 2024 तक बढ़कर 20,849 करोड़ हो गए।

# भारतीय कंपनियों का राजस्व मामूली बढ़ा



मुंबई। भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान परिचालन लाभ मुनाफे में सालाना आधार पर 0.60 प्रतिशत तक की कमी आई है। एजेंसी ने कहा कि बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के लिए एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि दर्ज करने वाली इन क्षेत्रों की कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। इसमें कहा गया कि क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी। लाभप्रदता के दृष्टिकोण से इसमें कहा गया कि मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम क्षेत्रों में कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का पूरा भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.50-। प्रतिशत कम होने का अनुमान है। निरंतर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने आईटी सेवा क्षेत्र पर दबाव डाला, जहां परियोजनाओं के स्थगित होने से राजस्व वृद्धि एक प्रतिशत तक सीमित रहने का अनुमान है। वहीं इस्पात क्षेत्र में राजस्व में चार प्रतिशत की मामूली वार्षिक वृद्धि की उम्मीद है, जबकि इस्पात की कीमतों में गिरावट से नौ प्रतिशत की मात्रा में वृद्धि हुई है। विद्युत क्षेत्र का राजस्व संभवतः मात्र एक प्रतिशत बढ़ा जो मानसून के दीर्घावधि औसत के 108 प्रतिशत रहने एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि के कारण जल विद्युत उत्पादन में हुई वृद्धि से प्रभावित हुआ जिसके कारण कोयला उत्पादन की मांग में कमी आई। परिणामस्वरूप, कोयला क्षेत्र की राजस्व वृद्धि संभवतः स्थिर रही। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने से कम कीमतों पर नए भंडार से यात्री वाहनों और दैनिक उपभोग की घरेलू वस्तुओं (एफएमसीजी) जैसे खंडों में अस्थायी व्यवधान उत्पन्न हुआ। परिणामस्वरूप, खुदरा विक्रेताओं और वितरकों ने एफएमसीजी खरीद में देरी की जबकि उच्च भंडार स्तर एवं सुस्त खुदरा बिक्री ने दूसरी तिमाही में यात्री वाहनों की मांग को प्रभावित किया।

# बैंक खाता धारक अब बना सकेंगे चार नॉमिनी



नयी दिल्ली। अब बैंकों के ग्राहक अपने खाते में चार व्यक्तियों तक को नामित (नामिनी) कर सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समान और प्रभावी बनाना है।

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि नई व्यवस्था एक नवंबर, 2025 से लागू हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत खातों में व्यक्तियों के नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान अगले माह से प्रभाव में आएंगे। यह अधिनियम 15 अप्रैल, 2025 को अधिसूचित किया गया था। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934अ बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949अ भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 सहित पांच कानूनों में कुल 19 संशोधन किए गए हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इन संशोधनों के अनुरूप बैंक ग्राहक अपने खातों में एक साथ या क्रमवार ढंग से चार व्यक्तियों तक को नॉमिनी बना सकते हैं। इससे खाताधारक या उनके वैध उत्तराधिकारियों को दावा निपटान में सुविधा होगी। मंत्रालय ने कहा, खाता नामांकन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राहक प्रत्येक नॉमिनी का हिस्सा या प्रतिशत भी निर्धारित कर सकेंगे, ताकि कुल हिस्सेदारी 100 प्रतिशत हो और किसी भी तरह के विवाद की गुंजाइश न रहे। बैंक में सुरक्षित रखी वस्तुओं और लॉकर के लिए केवल क्रमवार नामांकन की ही मंजूरी दी गई है। इसका मतलब है कि एक नामित व्यक्ति के निधन के बाद ही अगला नामित व्यक्ति उसका अधिकार प्राप्त करेगा। इन प्रावधानों से बैंक जमाकर्ताओं को अपनी पसंद के हिसाब से नॉमिनी बनाने में लचीलापन मिलेगा। इसके साथ समूची बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान में समानता, पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। बैंकिंग कंपनियां (नामांकन) नियम, 2025 भी आने वाले समय में अधिसूचित किए जाएंगे।

पेज एक का शेष

## केदारनाथ, यमुनोत्री

केदार के उदघोष के साथ शीतकाल के लिए बंद किए गए।

कपाट बंद होने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मंदिर के पूर्वी व दक्षिणी द्वार विधिवत बंद किए गए। इसके बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर की परिक्रमा कर प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कराया गया। सेना के बैंड, डोली वाहकों, पुजारियों और श्रद्धालुओं के जयघोषों से संपूर्ण धाम गुंजायमान हो उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप केदारपुरी का भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में चारधाम यात्रा के अंतर्गत रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धामों के दर्शन किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपाट बंद होने के बाद शीतकालीन यात्रा को भी राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु चार धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों में भी पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओ से शीतकाल में भी चारों धामों के गद्दी स्थलों में आकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। शीतकाल में भी श्रद्धालुओं के यात्रा करने से स्थानीय व्यापारियों, होमस्टे एवं होटल चालकों आदि की आजीविका निरंतर गतिमान रहेगी। मुख्यमंत्री ने यात्रा से जुड़े सभी विभागों, सुरक्षा बलों, मंदिर समिति, स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया तथा इस वर्ष की यात्रा को सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केदारनाथ यात्रा का संचालन अत्यंत सुचारु एवं सफलतापूर्वक हुआ तथा इस वर्ष कुल 17,68,795 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए, जो पिछले वर्ष 2024 के 16,52,076 तीर्थयात्रियों की तुलना में लगभग सवा लाख अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा को छोड़कर संपूर्ण यात्रा अवधि में व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। शीतकालीन अवधि में भी श्री केदारनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और शीतकालीन पूजाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। कपाट बंद होने के पश्चात बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली आज प्रस्थान कर प्रथम पड़ाव रामपुर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचेगी। कल शुक्रवार, 24 अक्टूबर को डोली श्री विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम के बाद शनिवार, 25 अक्टूबर को शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। कपाट बंद समारोह के अवसर पर विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, कृषि विपणन बोर्ड अध्यक्ष अनिल डब्बू, बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसों

देर रात ओवरब्रिज से गिरकर दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि थाना सरसावा के मोहल्ला हरिजनान निवासी विकास (25) अपने दोस्त राजन (30) के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। चीनी मिल के नजदीक स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर करीब 30 फुट नीचे खेत में जा गिरी जिससे दोनों युवक घायल हो गये। वहां से गुजर रहे एक युवक ने दोनों को लहूलुहान हालत में खेत पर पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

थाना सरसावा पुलिस ने दोनों युवकों को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया लेकिन दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इन्हें पिलखनी स्थित राजकीय मेडिकल कालेज लाया गया जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। दोनों युवकों के मोबाइल फोन के माध्यम से उनके परिजन को हादसे की जानकारी दी गई।

## फायर सर्विस

ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुँच सके।

## दिल्ली में बिहार

के मामले में, उसने एक व्यक्ति से रंगदारी मांगी थी और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। अधिकारी ने बताया कि अगले माह होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए छह अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उसने यह धमकी दी थी। गिरोह के बाकी सदस्यों पर भी जबरन वसूली और हत्या के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर बुधवार देर रात दो बजकर 20 मिनट पर हुई यह मुठभेड़ हाल के वर्षों में दिल्ली में हुई सबसे बड़ी मुठभेड़ों में से एक है। उसने बताया कि आरोपियों की ओर से लगभग 25 से 30 राउंड गोलियां चलाई गईं, जबकि पुलिस ने लगभग 15 से 20 गोलियां चलाईं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरोपी कई दिन से दिल्ली में छिपे हुए थे और विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में बड़ी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने बताया कि उनकी तलाश में संयुक्त टीम ने बुधवार और बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि को अभियान चलाया, जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस ने कहा कि आरोपी कथित तौर पर एक कार में सवार थे, जिसके बाद उन्हें रोक लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, कार पर लगी नंबर प्लेट नकली प्रतीत हो रही थी और कार भी संभवतः चोरी की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की, जिसमें चारों आरोपी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल आरोपियों को रोहिणी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बिहार पुलिस से सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस पिछले तीन दिन से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## महागठबंधन ने

यह स्पष्ट नहीं किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर उसमें कितने उप मुख्यमंत्री होंगे। समर्थकों के बीच सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर सहनी निषाद जाति से आते हैं। निषाद बिहार में अति पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आते हैं। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने यह मांग भी दोहराई कि यदि महागठबंधन सत्ता में आता है, तो किसी मुस्लिम या दलित नेता को उपमुख्यमंत्री बनाया जाए। गहलोत ने राजद नेता तेजस्वी की तारीफ करते हुए कहा, तेजस्वी एक नौजवान हैं, जिनका लंबा भविष्य है। जनता हमेशा उन्हीं के साथ रहती है जिनमें प्रतिबद्धता और ईमानदारी होती है। पिछली बार इन्होंने जो रोजगार के वादे किए थे, उन्हें निभाने की दिशा में काम किया।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी और इन्होंने (तेजस्वी) ने मिलकर जो यात्रा (वोटर अधिकार यात्रा) की थी उसका बहुत असर हुआ है। आने वाले वक्त में राहुल जी भी आएंगे और प्रियंका जी भी बिहार आएंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को यह स्पष्ट करने चुनौती दी कि मुख्यमंत्री पद के लिए उसका चेहरा कौन है? उन्होंने दावा किया, महाराष्ट्र में कहा गया कि एकनाथ शिंदे के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा और बाद में किसी और को मुख्यमंत्री बना दिया, यही बात यहां (बिहार) लागू हो रही है। मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, यह हमारे लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं था, लेकिन चूंकि मीडिया में कई तरह की अटकलें चल रही थीं, इसलिए हमने इसे स्पष्ट करना जरूरी समझा। उन्होंने कहा, महागठबंधन ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं सभी दलों का आभारी हूं। यह भरोसा बिहार की जनता का भी है। अब हमारा एक ही लक्ष्य है 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना। राजद नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 20 साल के शासन और 11 साल की मोदी सरकार के बावजूद बिहार देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। न उद्योग हैं, न रोजगार। बिना घूस के कोई काम नहीं होता। अफसर मंत्री से ज्यादा ताकतवर हो गए हैं और जनता की आवाज दबा दी गई है।

तेजस्वी ने राजग पर निशाना साधते हुए कहा, इनके पास न कोई विजन है, न ब्लूप्रिंट। ये लोग हमारी योजनाओं की नकल करते हैं। हमने पेंशन 1500 रुपए करने की बात कही, तो नीतीश कुमार ने 1100 रुपए देने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने इस वादे को दोहराया कि राज्य के जिन परिवारों में सरकारी नौकरी नहीं है, उनमें एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। साथ ही जीविका कम्युनिटी मोबलाइजर को 30,000 रुपए और जीविका दीदी को 2,500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

उन्होंने वादा किया कि महागठबंधन की सरकार बनते ही सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा। उनका कहना था कि वह मुख्यमंत्री बनने या सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि बिहार को बदलने के लिए काम कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने दावा किया, भाजपा नीतीश जी के साथ अन्याय कर रही है। अमित शाह कई बार कह चुके हैं कि नीतीश जी मुख्यमंत्री नहीं होंगे। अगर भाजपा में इतना आत्मविश्वास है तो वह अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम क्यों नहीं बताती? नीतीश जी की खराब सेहत का फायदा उठाकर उनके अपने ही लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने राजग पर तंज कसते हुए कहा, हमारा तो संयुक्त संवाददाता सम्मेलन भी हो गया, लेकिन हम लोग नीतीश कुमार के साथ जो राजग में अन्याय हो रहा है, वो देख रहे हैं। राजग का एक भी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन नहीं हुआ है, न ही संयुक्त रूप से उन्हें मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। हम कह रहे हैं कि वो नीतीश कुमार को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। अमित शाह ने तो ये संदेश भी दे दिया है। हमेशा आप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करते हैं लेकिन इस बार आप घोषणा क्यों नहीं कर रहे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, हमने अपनी ओर से नेतृत्व का चेहरा घोषित कर दिया है। अब यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जिम्मेदारी है कि वह यह बताए कि अगर वह सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा।

## सेना को

सहित हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई। एनएएमआईएस (ट्रैक्ड) की खरीद से भारतीय सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीएमईएस दुश्मन के उत्सर्जकों की चौबीसों घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी प्रदान करेगा। एचएमवी के शामिल होने से विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सेनाओं की रसद सहायता में उल्लेखनीय सुधार होगा। वायु सेना के लिए, समन्वित लंबी दूरी लक्ष्य संतृप्तिविनाश प्रणाली और अन्य प्रस्तावों के लिए मंजूरी दी गई। सीएलआरटीएसाडीएस में मिशन क्षेत्र में स्वचालित टेक-ऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, पता लगाने और पेलोड पहुंचाने की क्षमता है।




# सेमीफाइनल में पहुंचा मेजबान भारत

## विमेंस वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड को 53 रन से हराया, स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की सेंचुरी

एजेंसी



नवी मुंबई। मेजबान भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को राउंड रॉबिन मैच में न्यूजीलैंड को 53 रन (ऊछर) से हराया। इसी के साथ इंडिया विमेंस नॉकआउट राउंड में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम बन गई। वहीं न्यूजीलैंड और श्रीलंका बाहर हो गई। नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 49 ओवर में 3 विकेट खोकर 340 रन बनाए। बारिश के कारण एक ओवर कम हुआ। यह टीम का बेस्ट वर्ल्ड कप स्कोर रहा। स्मृति मंधाना ने 109, प्रतिका रावल ने 122 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 76 रन बनाए। मेथड से न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 रन का टारगेट मिला। टीम ने 59 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। अमीलिया केर ने 45 रन बनाकर टीम को संभाला, लेकिन 154 पर टीम के 5 विकेट गिर गए। ब्रूक हालिडे ने आखिर में न्यूजीलैंड को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहीं। उन्होंने 81 और इजाबेल गेज ने 65 रन बनाए। टीम 8 विकेट खोकर 271 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में भारत से क्रांति गौड़ और रेणुका ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और प्रतिका रावल को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड के लिए अमीलिया केर, रोजमेरी मेयर और सूजी बेट्स ने 1-1 विकेट लिया। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका ने भी सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है।

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के 24वें मैच में भारत ने 340 रन बना दिए। नवी मुंबई में टीम से स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने शतक लगाए। बारिश के कारण न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 रन का टारगेट मिला। न्यूजीलैंड ने 9.3 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए हैं। टीम से अमीलिया केर (18 रन) और सोफी डिवाइन (शून्य) पिच पर हैं। क्रांति गौड़ ने सूजी बेट्स को कैच कराया, वहीं रेणुका ठाकुर ने जॉर्जिया प्लिमर को बोल्ड किया। बारिश के कारण भारत ने 49 ओवर ही बैटिंग की, लेकिन 3 विकेट खोकर 340 रन बना दिए। यह वर्ल्ड कप में टीम का बेस्ट स्कोर रहा। मंधाना ने 109, प्रतिका ने 122 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 76 रन बनाए। न्यूजीलैंड से अमीलिया केर, रोजमेरी मेयर और सूजी बेट्स ने 1-1 विकेट लिया। 10वें ओवर में न्यूजीलैंड ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल रेणुका सिंह ने गुड लेंथ पर इन-स्विंगर फेंकी। जॉर्जिया प्लिमर फ्लिक करने गईं, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। प्लिमर ने 25 गेंद पर 30 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 9वें ओवर में अपने 50 रन पूरे कर लिए। टीम से अमीलिया केर और जॉर्जिया प्लिमर पिच पर मौजूद रहीं। 6 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर महज 14 रन था। 7वां ओवर रेणुका सिंह फेंकने आईं, उन्होंने ओवर में 16 रन खर्च कर दिए। न्यूजीलैंड की बैटर्स ने इस ओवर में 3 बाउंड्री लगाईं। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की तीसरी गेंद क्रांति गौड़ ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। सूजी बेट्स शॉट खेलने गईं, लेकिन कवर्स पोजिशन प्रतिका रावल के हाथों कैच हो गईं। बेट्स 1 रन ही बना सकीं। न्यूजीलैंड के लिए सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर ओपनिंग करने उतरीं। टीम को 325 रन का टारगेट मिला है। भारत से रेणुका सिंह ठाकुर ने पहला ओवर फेंका, इसमें उन्होंने 1 रन खर्च किया। बारिश के कारण न्यूजीलैंड की पारी से 6 ओवर कम कर दिए गए। न्यूजीलैंड को बारिश के कारण ऊछर मेथड से 44 ओवर में 325 रन का टारगेट मिला। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 49 ओवर में 340 रन बनाए थे। प्रतिका रावल ने वनडे में अपने एक हजार रन पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने 23 पारियां लीं। विमेंस वनडे में सबसे तेज हजार रन बनाने के मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर की बराबरी की। न्यूजीलैंड की बैटिंग शुरू होने से पहले मैदान में फिर बारिश होने लगी। इस कारण खेल को रोका गया और न्यूजीलैंड को ऊछर टारगेट नहीं मिल सका। बारिश के बाद शाम 7.50 बजे बारिश शुरू हुई। इंडिया विमेंस ने बचे हुए एक ओवर की बैटिंग की और स्कोर 340 रन तक पहुंचा दिया। यह विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का बेस्ट स्कोर रहा, इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 330 रन बनाए थे। भारत ने 48 ओवर में 2 विकेट खोकर 329 रन बना लिए थे। फिर बारिश होने लगी और दोनों पारियों में 1-1 ओवर कम कर दिया गया। भारत ने 3 विकेट खोकर 340 रन के स्कोर पर पारी खत्म की। ऊछर मेथड के कारण न्यूजीलैंड को 49 ओवर में 341 रन का टारगेट मिला। भारत से स्मृति मंधाना ने 109 रन और प्रतिका रावल ने 122 रन बनाए। दोनों ने 212 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस टूनार्मेंट में भारत से पहली बार किसी प्लेयर ने सेंचुरी लगाई। जेमिमा रोड्रिग्ज ने 76 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए अमीलिया केर, रोजमेरी मेयर और सूजी बेट्स ने 1-1 विकेट लिया। अंपायर्स ने शाम 7 बजे मैदान का निरीक्षण किया और 7.50 बजे खेला शुरू होने की जानकारी दी। दोनों पारियों से 1-1 ओवर का कम कर दिया गया, वहीं पारियों के बीच होने वाले ब्रेक को भी कम किया गया। हालांकि, कुछ देर बाद ही फिर बारिश होने लगी, जिस कारण खेल शुरू होने में फिर देरी हो गई। भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले को बारिश के कारण रोका गया है। इंडिया विमेंस के 48 ओवर खत्म हो जाने के बाद बारिश होने लगी, जिस कारण खेल रोका गया। इस दौरान इंडिया विमेंस ने 2 विकेट खोकर 329 रन बना लिए थे। हरमनप्रीत कौर 10 और जेमिमा रोड्रिग्ज 69 रन बनाकर नॉटआउट लौटीं। 45वें ओवर में भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज ने फिफ्टी लगा दी।

अमीलिया केर के ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने चौका लगाया और 38 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। यह इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी का रिकॉर्ड रहा। भारत ने 43वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल अमीलिया केर ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। प्रतिका रावल बड़ा शॉट खेलने गईं, लेकिन लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर कैच हो गईं। उन्होंने 134 गेंद पर 122 रन बनाए। 40वें ओवर में टीम इंडिया ने 250 रन का स्कोर पार कर लिया।

## विश्व कप : श्रीलंका की नजरें पाकिस्तान की बड़ी हार पर



कोलंबो। सेमीफाइनल में जगह बनाने की मामूली उम्मीदों के बीच श्रीलंका शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा और बाकी बचे लीग मैच में भी अनुकूल नतीजों की उम्मीद करेगा। श्रीलंका फिलहाल चार अंकों और माइनस 1.035 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

टूर्नामेंट में बने रहने के लिए चामरी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम को पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराना होगा और लगातार अनुकूल नतीजों की उम्मीद करनी होगी जिसमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की उसके दोनों बचे हुए मुकाबलों में हार भी शामिल है। इसके अलावा श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड रविवार को पांचवें स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड (जिसके भी चार अंक हैं) को हरा देगा। श्रीलंका के लिए टूर्नामेंट मिला-जुला रहा है। टीम ने एक मैच जीता, तीन गंवाए और दो मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। टीम को उम्मीद होगी कि शुक्रवार को बारिश मैच में खलल नहीं डाले। श्रीलंका ने एकमात्र जीत बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में सात रन से दर्ज की। श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी रही हैं जिन्होंने अब तक पांच मैच में 182 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में 30 वर्षीय परेरा ने शानदार अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। टीम को उम्मीद होगी कि वह अगले मैच में भी अपनी शानदार बल्लेबाजी फॉर्म जारी रखेंगी।

कप्तान चामरी बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी ओवर में उन्होंने तीन विकेट चटकाकर श्रीलंका को जीत दिलाई। शुक्रवार के मैच से पहले श्रीलंका के लिए मुख्य चिंता मौसम की होगी क्योंकि यहां बारिश ने लगातार मुकाबलों में खलल डाला है। दूसरी ओर पाकिस्तान की प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगी। पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका पाकिस्तान आठ टीम की प्रतियोगिता में केवल दो अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। उसे दो अंक बारिश के कारण रद्द हुए दो मैच से मिले हैं।

## संक्षेप

### भुल्लर मनीला में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर

मनीला। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के पहले दिन पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर बने हुए हैं। एशियाई टूर के कई बार विजेता भुल्लर ने एक बोगी और छह बर्डी लगाईं। बैक नाइन होल से शुरुआत करते हुए उन्होंने 12वें और 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाईं और फिर तीसरे होल में एकमात्र बोगी की। उन्होंने अपने अंतिम होल में एक और बर्डी लगाई। अन्य भारतीयों में अजीतेश संधू (70) और करणदीप कोचर संयुक्त 35वें स्थान पर बने हुए हैं। एसएसपी चौरसिया (74) संयुक्त 108वें और रेहान थॉमस (77) संयुक्त 137वें पर हैं।

### आईओसी ने इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं कराने की सिफारिश की

लुसाने (स्विट्जरलैंड)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने वैश्विक खेल महासंघों को इंडोनेशिया में प्रतियोगिताओं का आयोजन बंद करने की अनुशंसा की है क्योंकि देश ने जकार्ता में चल रही जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप में इजराइली खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि वह भविष्य की ओलंपिक प्रतियोगिताओं की मेजबानी के बारे में इंडोनेशिया के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत भी समाप्त कर रहा है। इंडोनेशिया के एक सरकारी अधिकारी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि इजराइली खिलाड़ियों को विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए वीजा नहीं दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पिछले रविवार से शुरू हुई और इस सप्ताहांत तक चलेगी। इजराइल प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत 86 टीम में से एक था और उसकी टीम में 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पुरुषों की फ्लोर एक्सरसाइज स्पर्धा के गत विश्व चैंपियन आर्टेम डोल्गोप्यात भी शामिल थे।

### इंग्लैंड ने टी20 शृंखला जीती

आकलैंड। न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1. 0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था।

## लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को हराया

एजेंसी



मिलान। लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की। चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी।

## नीशू, पुलकित और सृष्टि विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

नोवी साद (सर्बिया)। भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से हराने के बाद किरा सोलेबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल की। सृष्टि ने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की। वहीं नेहा शर्मा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वह रोमानिया की जॉर्जियाना लिर्का (6-0) और कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा (5-0) को हराने के बाद जापान की अकारी फुजिनामा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं।

## लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर एशिया चैंपियनशिप में चमके

एजेंसी



चेंगडू। लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए। अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21 . 17, 21 . 11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17 . 21, 21 . 16, 21 . 11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21 . 14, 21 . 17 से मात दी। लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22 . 20, 21 . 12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21 . 9, 21 . 11 से मात दी। वहीं दूसरी ओर

भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में सफर बृहस्पतिवार को दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीयी से हारकर खत्म हो गया। हुड्डा को 39 मिनट तक चले मुकाबले में दूसरी वरीय खिलाड़ी से 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। अठारह साल की हुड्डा को वांग से लगातार दूसरी हार मिली। इससे पहले सिंगापुर ओपन में भी हुड्डा को हार मिली थी। मिश्रित युगल में भारत के रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की जोड़ी को थॉम गिक्केल और फ्रांस की डेल्फिन डेलरू की पांचवें नंबर की जोड़ी से 23-21, 8-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। हुड्डा और मिश्रित युगल टीम के बाहर होने से एक दिन पहले भारत के चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

## रोहित-कोहली का स्वर्णिम युग सिर्फ रिकॉर्ड में नहीं : चैपल

एडीलेड। भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का जुनून और व्यक्तिगत गौरव को अधिक तवज्जो नहीं देना तथा रोहित शर्मा की विनम्रता और कलात्मकता सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि प्रशंसकों के दिलों में भी हमेशा के लिए अंकित हो जाएगी। अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आए रोहित और कोहली करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और चैपल को लगता है कि इस जोड़ी की विरासत आंकड़ों से कहीं आगे जाती है। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के लिए अपने कॉलम में लिखा, अब जैसे-जैसे क्रिकेट की दुनिया आगे बढ़ेगी तो नए नाम उभरेंगे। नए कप्तान नेतृत्व करेंगे लेकिन यह स्वर्णिम अध्याय कोहली-रोहित युग सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि हर उस प्रशंसक के दिलों में अंकित रहेगा जो समझता था कि वे किस लिए खड़े हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज चैपल का मानना है कि कोहली को सिर्फ महान बल्लेबाजों की श्रेणी में रखना उनके साथ अन्याय होगा।

## रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता

एजेंसी



रिफा (बहरीन)। भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

## दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दबदबा बनाये रखना चाहेगा भारत

रांची। कई जूनियर खिलाड़ियों से सजी दूसरे दर्जे की भारतीय टीम यहां 17 साल बाद शुक्रवार से शुरू हो रही दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दबदबा बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। चैम्पियनशिप का चौथा सत्र बिरसा मुंडा स्टेडियम पर खेला जायेगा। पिछली बार 2008 में केरल के कोच्चि में इसका आयोजन हुआ था। भारत ने 1997 में पहले संस्करण की मेजबानी की थी जबकि दूसरी बार यह चैम्पियनशिप श्रीलंका में खेली गई थी। इसमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव के 206 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो तीन दिन में 37 पदकों के लिये मुकाबला करेंगे। पाकिस्तान आयोजकों से न्योता मिलने के बावजूद नहीं आया है। आयोजन समिति के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हमने दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ के सभी सदस्यों को निमंत्रण भेजा था। पाकिस्तान सदस्य देश है लेकिन उसने हमारे न्योते का जवाब नहीं दिया। चौथा सत्र दो बार स्थगित हुआ है। पहले 2024 में होना था जिसे मई 2025 तक स्थगित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 24 से 26 तक कराने का फैसला लिया गया। भारत की 73 सदस्यीय टीम में कोई बड़ा नाम नहीं है। सिर्फ एम आर पूवम्मा अनुभवी खिलाड़ी हैं जो चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का हिस्सा हैं। भारतीय टीम के कुछ स्पर्धाओं में श्रीलंका से कड़ी चुनौती मिलेगी। श्रीलंका ने 63 खिलाड़ियों को भेजा है जिनकी अगुवाई पुरूष चक्का फेंक खिलाड़ी रूमेश थरंगा पथिरागे करेंगे।

## क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 2-0 की बढ़त

एजेंसी





एडीलेड। एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की उम्दा गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट (74 रन, 78 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और कोनोली (नाबाद 61 रन, 53 गेंद, पांच चौके, एक छक्के) के अर्धशतक से 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत दर्ज की। शॉर्ट ने मैट रेनशॉ (30) तथा कोनोली के साथ समान 55 रन की साझेदारियां की।

कोनोली ने इसके बाद मिचेल ओवेन (36 रन, 23 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 39 गेंद में 59 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इससे पहले रोहित (73 रन, 97 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और श्रेयस अय्यर (61 रन, 77 गेंद, सात चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 264 रन बनाए। अक्षर पटेल (44 रन, 41 गेंद, पांच चौके) ने भी उपयोगी पारी खेली जबकि हर्षित राणा (नाबाद 24) और अर्शदीप सिंह (13) ने नौवें विकेट के लिए 29 गेंद में 37 रन जोड़कर टीम का स्कोर 260 रन के पार पहुंचाया। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद वापसी करने वाले लेग स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 60 रन देकर चार विकेट लिए। बार्टलेट ने 39 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने सतर्क शुरुआत की। ट्रेविस हेड (28) और कप्तान मिचेल मार्श (11) ने सात ओवर में 26 रन जोड़े।

अर्शदीप ने मार्श को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। हेड ने मोहम्मद सिराज पर छक्का जड़ा लेकिन राणा (59 रन पर दो विकेट) की गेंद पर मिड ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे। शॉर्ट 23 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब नितीश कुमार रेड्डी की गेंद पर प्वाइंट पर अक्षर ने उनका कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक 20वें ओवर में पूरा हुआ।

रेनशॉ (30) ने नितीश पर छक्का जड़ा लेकिन अक्षर (52 रन पर एक विकेट) की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। एलेक्स कैरी भी इसके बाद वाशिंगटन सुंदर (37 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए जिससे 27 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 132 रन हो गया। शॉर्ट ने अक्षर की गेंद पर एक रन के साथ 48 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। शॉर्ट को वाशिंगटन की गेंद पर दूसरा जीवनदान मिला। इस बार 55 रन के स्कोर पर बैकवर्ड प्वाइंट पर सिराज उनका बेहद आसान कैच लपकने में नाकाम रहे। कोनोली ने अक्षर पर दो चौके जड़े जबकि वाशिंगटन की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम 15 ओवर में जीत के लिए 90 रन की दरकार थी। शॉर्ट ने हर्षित पर चौका मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद को हुक करने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर सिराज के हाथों लपके गए।

ओवेन ने हर्षित पर चौके और दो छक्कों के बाद अक्षर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी किया। वाशिंगटन ने ओवेन को आउट किया। अर्शदीप ने बार्टलेट (03) जबकि सिराज ने स्टार्क (04) को पवेलियन भेजा लेकिन कोनोली ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

# लालू की पार्टी रंगदारी, जंगलराज की प्रतीक

## बिहार चुनाव में राजग के विकास और महागठबंधन के विनाश के बीच मुकाबला : नड्डा



औरंगाबाद (बिहार)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास और इंडिया गठबंधन के विनाश के बीच की लड़ाई है।

औरंगाबाद जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए, नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उसे ऐसी परजीवी पार्टी बताया, जो अपने छोटे सहयोगी दलों को समाप्त कर देती है।

उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी रंगदारी, जंगलराज और दबंगई की प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने महागठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से अच्छी तरह वाकि2398ी है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, वह दौर अराजकता, जंगलराज और विकास की राह में रुकावटों का दौर था, जिसने बिहार को दशकों पीछे धकेल दिया। आज ये दल फिर से सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता अब और भ्रमित होने वाली नहीं है। महागठबंधन सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए बनाया गया एक अपवित्र गठबंधन है, जो राज्य के लिए केवल विनाश लाएगा। नड्डा ने तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की ऐसी घोषणाएं भूमि के बदले नौकरी घोटाले की याद दिलाती हैं। उन्होंने राजद के इस चुनावी वादे की आलोचना की कि बिहार के हर परिवार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। नड्डा ने सवाल उठाया कि इसके लिए धन कहां से आएगा और वेतन कैसे दिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने राजद द्वारा बाहुबली रहे दिवंगत नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब को टिकट देने पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, राजद ने शाहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है, ऐसी पार्टी बिहार की जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेगी? लालू की राजद रंगदारी, जंगलराज और दबंगई की प्रतीक है। राजद ने ओसामा शाहाब को सीवान जिले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा, इस चुनाव में मुकाबला विकास और विनाश के बीच है। बिहार की जनता जंगलराज को कभी नहीं भूल सकती। लालू प्रसाद के शासनकाल में लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा था, जबकि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति की राह पर है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, बहुत कम लोग जानते हैं कि मेरा जन्म पटना में हुआ था। मैंने अपने बचपन के 20 साल बिहार में बिताए। मैं अंधकार के उस युग को जानता हूं और मैं प्रकाश के इस युग को भी देखता हूं... आज, यह चुनाव स्पष्ट रूप से राजग के साथ विकास और महागठबंधन के साथ विनाश दिखाता है। नड्डा ने दावा किया कि राजग सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में राज्य के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्र सरकार ने बिहार के रेल बजट में लगभग 10 गुना वृद्धि की है।

# शाह ने सड़क परियोजना की आधारशिला रखी



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को राजधानी गांधीनगर में गुजरात के विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन किया और अहमदाबाद जिले के साणंद तालुका में एक सड़क परियोजना की आधारशिला रखी।

गांधीनगर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले शाह दिवाली उत्सव के बीच अपने गुजरात दौरे के तीसरे दिन सेक्टर 17 में विधायकों के लिए आवासीय अपार्टमेंट का उद्घाटन करने के लिए राज्य की राजधानी पहुंचे थे। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 12 टॉवर में 216 अपार्टमेंट वाले इस परिसर का निर्माण अनुमानित 325 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। प्रत्येक फ्लैट में तीन शयनकक्ष हैं और यह 238.45 वर्ग मीटर (लगभग 2,500 वर्ग फुट) का है। इसमें कहा गया है कि कॉलोनी में एक बड़ा बगीचा, बहुउद्देशीय हॉल, सामुदायिक हॉल, स्विमिंग पूल, व्यायामशाला, कैंटीन, इनडोर खेल उपकरण, एक डिस्पेंसरी और एक स्टोर है। गुजरात विधानसभा में 182 विधायक हैं। वर्ष 1971 में, विधायकों के लिए राज्य की राजधानी के सेक्टर 17 में एक बीएचके वाले अपार्टमेंट बनाए गए थे। समय के साथ आवास की बढ़ती जरूरत के कारण, 1990-91 में सेक्टर 21 के 14 ब्लॉक में दो शयनकक्ष वाले 168 अपार्टमेंट बनाये गये थे। वर्तमान विधायक अभी भी इसी भवन में रह रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2022 में राज्य सरकार ने 1971 में बने क्वार्टर को ध्वस्त करके तीन शयनकक्ष वाले अपार्टमेंट के निर्माण को मंजूरी दी। इससे पहले शाह ने साणंद तालुका में अहमदाबाद-मालिया रोड के शांतिपुरा-खोराज जीआईडीसी खंड पर छह लेन के निर्माण की परियोजना की आधारशिला रखी। साणंद तालुका गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, लेकिन प्रशासनिक रूप से अहमदाबाद जिले में आता है। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। इसमें कहा गया है कि लगभग 43 हजार वाहनों के औसत दैनिक यातायात को देखते हुए यातायात जाम से निपटने और दुर्घटना की संख्या को कम करने के लिए मौजूदा चार लेन वाली सड़क को छह लेन में परिवर्तित करने की तत्काल आवश्यकता है।

संक्षेप

## तेजस्वी के वादे अव्यावहारिक

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के चुनावी वादों को अव्यावहारिक करार दिया और दावा किया कि राजद लोगों को सरकारी नौकरी देने के बहाने उनकी जमीन छीनने की साजिश रच रहा है। उन्होंने यह टिप्पणी राजद शासनकाल के दौरान कथित भूमि के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए की। भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा, तेजस्वी यादव ने राज्य के 2.6 करोड़ परिवारों में से प्रत्येक में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके लिए लगभग 12 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी, जबकि बिहार का कुल बजट करीब तीन लाख करोड़ रुपये है। ऐसे में वे यह वादा कैसे पूरा करेंगे? संविदाकर्मियों और जीविका दीदियों सहित सामुदायिक कर्मियों को नियमित करने के तेजस्वी के वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रसाद ने कहा, जीविका दीदी योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है। इस योजना से अब तक लगभग 1.21 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। अब तेजस्वी यादव उसी योजना का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। राजद मतदाताओं को गुमराह करने के लिए झूठे वादे कर रही है।

# बलूचिस्तान में 11 विद्रोही मारे गये

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों सहित तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नोशकी में गश्त के दौरान दो पुलिसकर्मियों को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर घटनास्थल से भाग गए। उन्होंने यह भी बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारुदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गोपनीय जानकारी के आधार पर चगाई और सिबी जिलों में अभियान चलाए, जिसके परिणामस्वरूप भारी गोलीबारी में 11 संदिग्ध विद्रोही मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी की। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिससे लगभग एक घंटे तक भीषण मुठभेड़ चली और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद विरोधी विभाग ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। कुछ देर गोलीबारी के बाद पांच आतंकवादी मारे गए।

# गगनयान मिशन का 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा



बेंगलुरु। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि गगनयान मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है और लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। नारायणन ने मिशन की प्रगति के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, गगनयान मिशन पर बहुत अच्छी तरह से काम जारी है। वास्तव में, जब आप गगनयान मिशन के बारे में बात करते हैं, तो आप जानते हैं कि बहुत सारे तकनीकी विकास होने हैं - रॉकेट का मानव-रेटिंग प्रमाणन होना है, कक्षीय मॉड्यूल विकसित करना है, और पर्यावरण नियंत्रण सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी है। फिर चालक दल की सुरक्षा की प्रणाली, पैराशूट प्रणाली और फिर, निश्चित रूप से, मानव-केंद्रित उत्पाद आते हैं। वह तीन से पांच नवंबर तक नयी दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी-2025) की प्रचार गतिविधियों के अवसर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) कहा कि लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब चालक दल वाले मिशन पर जाने से पहले तीन मानवरहित मिशन पूरे करने होंगे और हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। पहले मानवरहित मिशन में, व्योममित्र उड़ान भरने जा रहा है और हम 2027 की शुरुआत तक मानवयुक्त मिशन पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर देगा भारत : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना दावा दोहराया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति जतायी है और वह साल के अंत तक इसे लगभग बंद कर देगा। इसके साथ साथ ही ट्रंप ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है और इसमें कुछ समय लगेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह चीन को भी ऐसा करने के लिए राजी करने की कोशिश करेंगे। चीन और भारत रूसी कच्चे तेल के दो सबसे बड़े खरीदार हैं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि भारत ने मुझसे कहा है कि वे (रूसी तेल खरीदना) बंद करने जा रहे हैं... यह एक प्रक्रिया है, आप बस अचानक रुक नहीं सकते... वर्ष के अंत तक, वे इसे लगभग बंद कर देंगे, यानी लगभग 40 प्रतिशत तक कम कर देंगे। भारत बहुत महान है। कल मैंने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी से बात की। वह शानदार हैं। पिछले कुछ दिनों से ट्रंप यह दावा कर रहे हैं कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह रूस से तेल आयात में उल्लेखनीय कमी करेगा। अमेरिका के अनुसार, भारत कच्चे तेल की खरीद के माध्यम से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। हाल के दिनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया है क्योंकि ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। भारत ने अमेरिकी कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक बताया है। ट्रंप ने कहा कि वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी आगामी बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर उनसे चर्चा करेंगे। मैं उनसे मुख्य रूप से इस बारे में बात करूंगा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को कैसे समाप्त किया जाए, चाहे वह तेल, ऊर्जा या किसी अन्य माध्यम से हो। मुझे लगता है कि वे इसके प्रति काफी सकारात्मक रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि चीन और रूस के बीच संबंध थोड़े अलग हैं।

# राष्ट्रपति ने किया नारायणन की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण



तिरुवनंतपुरम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को केरल राजभवन परिसर में पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पहले राष्ट्रपति के सम्मान में स्थापित की गई इस प्रतिमा के अनावरण के मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मौजूद थे। समारोह के बाद अपने संक्षिप्त भाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि नारायणन का जीवन साहस, दृढ़ता और आत्मविश्वास की कहानी है। मुर्मू ने कहा, अत्यंत समर्पण और शिक्षा की शक्ति के बल पर, वह हमारे देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन हुए। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता इस बात का प्रतीक थी कि जब उद्देश्यपूर्ण मार्गदर्शन हो तो दृढ़ संकल्प और अवसर क्या हासिल कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति में आने से पहले, नारायणन ने भारतीय विदेश सेवा में एक प्रतिष्ठित करियर बनाया। उन्होंने भारत के शांति, न्याय और सहयोग के मूल्यों को पूरी ईमानदारी से कायम रखा। उन्होंने कहा कि नारायणन हमेशा निष्पक्षता और समावेशिता के सिद्धांतों के प्रति अडिग रहे। मुर्मू ने कहा, नारायणन भारत के उपराष्ट्रपति भी थे। उनकी यात्रा उस समय चरम पर पहुंची जब वह भारत के राष्ट्रपति बने। वह राष्ट्रपति भवन में न केवल एक राजनेता के रूप में अपना अनुभव लेकर आए, बल्कि अपने व्यक्तित्व की बुद्धिमत्ता और विनम्रता भी लेकर आए। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि नारायणन अपने गृह राज्य केरल से गहराई से जुड़े थे। उन्होंने कहा, उन्होंने उसकी सामाजिक प्रगति, शिक्षा और समावेशिता पर दिए जाने वाले महत्व से प्रेरणा ली। देश के शीर्ष पद पर पहुंचने के बाद भी वह अपनी जड़ों से जुड़े रहे। मुर्मू ने कहा, अपने पूरे जीवन में नारायणन ने मानव और राष्ट्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा, उनके लिए शिक्षा कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सभी का अधिकार थी। नारायणन का मानना था कि मानवीय मूल्य सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक हैं और समाज के विकास के लिए मौलिक हैं। उन्होंने कहा कि नारायणन नैतिकता, सत्यनिष्ठा, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा, आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था, ताकि एक अधिक समावेशी, न्यायपूर्ण और करुणामय भारत का निर्माण हो सके। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और जनसेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी जिनके लिए वह सदैव प्रतिबद्ध रहे।

इंटरटेनमेंट...

# आत्मसम्मान व मानसिक शांति के लिए लिया तलाक



○ अर्जुन से अलग होकर आत्म-खोज में जुटीं

**मुंबई**। मलाइका अरोड़ा का जन्म 23 अक्टूबर 1973 को ठाणे (महाराष्ट्र) में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। मलाइका अरोड़ा की कहानी सिर्फ ग्लैमर नहीं, आत्मसम्मान और पुनर्जन्म का प्रतीक है। उनका बचपन बहुत गरीबी में गुजरा। अपने पेरेंट्स के साथ कभी वो मुंबई में एक छोटे से किराए के मकान में रहती थीं। मलाइका खुद उस घर को 'माचिस की डिब्बी जैसा घर' कहती थीं, क्योंकि वह बेहद छोटा था और परिवार को कई सीमित सुविधाओं में रहना पड़ता था। ऐसे माहौल से निकलकर मलाइका अरोड़ा ने बॉलीवुड में अपने डांस और फिटनेस के दम पर एक अलग पहचान बनाई। बावजूद इसके उनके निजी जीवन में काफी उतार चढ़ाव रहा। अरबाज खान से तलाक और अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद अब मलाइका आत्म-खोज की उस यात्रा पर हैं, जहां मानसिक शांति ही असली सफलता है। मलाइका के पिता अनिल अरोड़ा भारतीय मर्चेंट नेवी में अधिकारी थे, जबकि मां जॉयस पॉलीकार्प एक मलयाली ईसाई थीं और सामाजिक कार्यों से जुड़ी रहीं। जब मलाइका सिर्फ 11 साल की थीं, तब उनके माता-पिता अलग हो गए। इस मुश्किल दौर में उनकी मां ने दोनों बेटियों मलाइका और अमृता को संभाला और मुंबई के चेंबूर में नई जिंदगी शुरू की। यहीं स्वामी विवेकानंद स्कूल में उन्होंने पढ़ाई की, जहां उनकी मौसी स्कूल की प्रिंसिपल थीं। ग्रेजुएशन के लिए मलाइका ने जय हिंद कॉलेज में दाखिला लिया, लेकिन मॉडलिंग के बढ़ते कदमों ने उन्हें कॉलेज छोड़ने पर मजबूर किया।

इसी मोड़ ने उनके करियर की दिशा तय की। मलाइका अरोड़ा ने अपने बचपन के संघर्षों और पारिवारिक उतार-चढ़ावों के बारे में साल 2022 में ग्राजिया इंडिया के एक इंटरव्यू में बात की थी। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि उनके पेरेंट्स के तलाक के बाद उनका बचपन आसान नहीं था, लेकिन उन्हीं मुश्किलों ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया।

# सीबीआई की रिपोर्ट पर सुशांत का परिवार कोर्ट में देगा चुनौती



मुंबई। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने उइक की क्लोजर रिपोर्ट को 'ऊपरी और अधूरी' बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। परिवार का कहना है कि जांच एजेंसी ने कई अहम सबूतों को नजरअंदाज किया। सीबीआई की रिपोर्ट में कहा गया कि सुशांत ने खुदकुशी की थी और रिया चक्रवर्ती या किसी अन्य आरोपी के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जिस पर सुशांत के परिवार के वकील वरुण सिंह का कहना है कि रिपोर्ट अधूरी है। उन्होंने कहा कि चैट, गवाहों के बयान, बैंक रिकॉर्ड और मेडिकल रिपोर्ट कोर्ट में जमा किए जाने चाहिए थे। परिवार का आरोप है कि बैंक स्टेटमेंट जैसे अहम सबूत पेश नहीं किए गए। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के लगभग पांच साल बाद, मार्च 2025 में सीबीआई ने पटना कोर्ट में इस मामले की क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में उनके एक्स गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को सभी आरोपों से बरी किया गया। 14 जून 2020 को, सुशांत सिंह राजपूत मुंबई के अपने बांद्रा स्थित घर में मृत पाए गए थे। सीबीआई ने यह क्लोजर रिपोर्ट दोनों मामलों में जमा की। एक मामला सुशांत के परिवार ने पटना में रिया और उसके परिवार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का दर्ज कराया था।

## बिग बॉस-19 : हिना खान ने टास्क को कहा फिक्स

**मुंबई**। टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 19 लगातार झगड़ों के चलते सुर्खियों में है। हाल ही में शो में नॉमिनेशन का टास्क हुआ है, जिसमें नेहल चुडासमा, प्रणीत मोरे, बसीर अली, गौरव खन्ना नॉमिनेट हुए हैं। टास्क के अनुसार, सभी घरवालों ने एक-एक कर लॉकर खोले। लॉकर में कंटेस्टेंट्स की तस्वीरें थीं। लॉकर खोलने वाले कंटेस्टेंट के पास अधिकार था कि वो जिस शख्स की तस्वीर मिली है, उसे नॉमनेट करना चाहता है या नहीं। हालांकि अब शो की पूर्व कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस हिना खान ने इसे फिक्स कहा है। हिना का दावा है कि शो के मेकर्स ने चालाकी से ऐसा टास्क दिया, जिससे उनके मुताबिक नॉमिनेशन हो।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में बिल गेट्स



○ शो के प्रोमो में तुलसी से कहा-जय श्री कृष्णा

**मुंबई**। टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को टीआरपी में टॉप पर लाने के लिए मेकर्स नए-नए एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं। हाल ही में साक्षी तंवर ने क्रासओवर के तहत शो में एंट्री की और अब शो में बिल गेट्स की एंट्री होने वाली है। शो के नए प्रोमो से साफ हो गया है कि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स शो में नजर आने वाले हैं। वीडियो में बिल गेट्स, स्मृति ईरानी के किरदार तुलसी से वीडियो कॉल पर बात करते दिख रहे हैं। बातचीत की शुरूआत गेट्स 'जय श्री कृष्णा' कहकर करते हैं। तुलसी जवाब में कहती हैं, 'ये जानकर अच्छा लगा कि आप अमेरिका से सीधे मेरे परिवार से जुड़ रहे हैं। हम सब आपका इंतजार कर रहे थे। इस पर गेट्स मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'थैंक यू तुलसी जी। बिल गेट्स इससे पहले अमेरिकी शो 'द बिग बैंग थ्योरी' में कैमियो रोल कर चुके हैं। इस बार क्योंकि सास भी कभी बहू थी की कहानी में एक नया रिश्ता जुड़ने वाला है सेहत, संवेदना और बदलाव का और इस कहानी से जुड़ रहे हैं दुनिया के सबसे बड़े बदलाव लाने वाले व्यक्ति बिल गेट्स, एक सोच के साथः हर मां और हर बच्चा सुरक्षित और स्वस्थ रहे। दो अलग-अलग दुनिया, लेकिन एक ही मकसद मां और बच्चे की सेहत का संदेश हर घर तक पहुंचाना।

इस विषय पर बिल गेट्स और हमारी तुलसी के विचार जानने के लिए देखिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' आज रात 10:30 बजे, सिर्फ स्टार प्लस और हॉटस्टार पर। स्मृति ईरानी ने इस साझेदारी को लेकर सीएनबीसी टीबी18 से बात करते हुए कहा था, 'ये भारतीय टीवी के लिए ऐतिहासिक पल है। लंबे समय से महिलाओं और बच्चों की सेहत पर बात मनोरंजन की दुनिया से बाहर रही है। यह कदम उस सोच को बदलने में मदद करेगा। पॉपुलर टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन 29 जुलाई से स्टार प्लस और जियो हॉटस्टार पर रोजाना रात 10:30 बजे आ रहा है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com